नई दिल्ली
बुधवार, 14 मई 2025
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष, द्वितीया वर्ष : 29, अंक : 29
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 42
न्यून. 29

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बेटियों ने मारी बाजी: लड़कियों का पास प्रतिशत 91% से ज्यादा लड़कों से 5.94% अधिक

# सीबीएसई 12वीं में 88.39 फीसदी विद्यार्थी सफल, पास होने वालों का 0.41% बढ़ा

इस साल जवाहर नवोदय विद्यालय के स्टूडेंट्स का प्रदर्शन सबसे शानदार रहा

केंद्रीय विद्यालय 98.81% और प्राइवेट स्कूल 88.55% पर रहे


खुशी शेखावत


शावी जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 12वीं के नतीजे घोषित कर दिए हैं। इस बार पास प्रतिशत 88.39 फीसदी रहा है। 17 रीजन में विजयवाड़ा 99.60 फीसदी के साथ टॉप पर है। वहीं, दूसरे स्थान पर त्रिवेंद्रम है। जहां 99.32 फीसदी बच्चे पास हुए हैं। पिछले साल की तुलना में पास होने वालों का प्रतिशत 0.41% बढ़ा है। लड़कियों ने लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया है। लड़कियों का पास प्रतिशत 91% से ज्यादा रहा, जो लड़कों से 5.94% अधिक है। सबकी नजरें जवाहर नवोदय विद्यालय और केंद्रीय विद्यालय पर टिकी हुई थीं। इस साल जवाहर नवोदय विद्यालय के स्टूडेंट्स का प्रदर्शन सबसे शानदार रहा है। पिछले साल जवाहर नवोदय विद्यालय और केंद्रीय विद्यालय में कांटे की टक्कर थी। लेकिन इस बार जेएनवी ने पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है। जवाहर नवोदय विद्यालय 98.90% पास प्रतिशत के साथ टॉप पर है। इसके बाद केंद्रीय विद्यालय 98.81% और प्राइवेट स्कूल 88.55% पर रहे। सीबीएसई बोर्ड सभी स्कूलों को स्कूल-वार रिजल्ट भी भेजेगा। यह रिजल्ट स्कूलों की ईमेल आईडी पर भेजा जाएगा। स्कूल चाहें तो इस हिसाब से अपनी टॉपर लिस्ट निकाल सकते हैं। सीबीएसई 10वीं में 95 फीसदी ट्रांसजेंडर पास हुए हैं और 12वीं में पूरे 100 प्रतिशत। पिछले साल 12वीं में ट्रांसजेंडर्स का पास प्रतिशत 50 फीसदी था। सीबीएसई दसवीं रिजल्ट में इस बार त्रिवेंद्रम रीजन सबसे आगे रहा है, जहां के 99.79% छात्र पास हुए हैं। सूची में विजयवाड़ा दूसरे नंबर पर है, लिस्ट में सबसे पीछे गुवाहाटी का नंबर है, जिसके 84.14% छात्र पास हुए हैं। दसवीं का ओवरऑल रिजल्ट की बात करें तो इस बार सीबीएसई दसवीं रिजलट में 93.66% छात्रों ने बाजी मारी है। सीबीएसई बोर्ड परीक्षाएं इस बार 15 फरवरी से 4 अप्रैल तक ▶▶ शेष पेज 5 पर

सीबीएसई 10वीं और 12वीं रिजल्ट 2025

रीजन में विजयवाड़ा टॉप पर

12वीं में खुशी शेखावत और शावी जैन को मिले 499 मार्क्स

सीबीएसई बोर्ड 10वीं में 93.66% बच्चे पास, त्रिवेंद्रम क्षेत्र रहा टॉप पर

स्कूल प्रकार के अनुसार उत्तीर्ण प्रतिशत

| 12वीं | | 10वीं | |
|---|---|---|---|
| जवाहर नवोदय विद्यालय | 99.29% | जेएनवी | 99.49% |
| केंद्रीय विद्यालय | 99.05% | केवी | 99.45% |
| एसटीएसएस स्कूल | 98.96% | स्वतंत्र | 94.17% |
| सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल | 91.57% | एसटीएसएस | 91.53% |
| सरकारी स्कूल | 90.48% | सरकारी | 89.26% |
| स्वतंत्र / निजी स्कूल | 87.94% | सरकारी सहायता प्राप्त | 83.94% |

## पीएम मोदी ने दी बधाई

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीबीएसई 10वीं, 12वीं परीक्षा 2025 में सफल स्टूडेंट्स को बधाई दी है। साथ ही कम अंक हासिल करने वालों के लिए भी मैसेज दिया है। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा- एक परीक्षा आपको परिभाषित नहीं कर सकती है। आपका सफर इससे बड़ा है और आपकी स्ट्रेंथ मार्कशीट से बहुत आगे है। आत्मविश्वासी रहिए। बेहतर चीजें आपका इंतजार कर रही हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सीबीएसई 10वीं, 12वीं परीक्षाओं में सफल स्टूडेंट्स को बधाई दी है। उनके अच्छे भविष्य की कामना करते हुए उन्होंने बेटियों के शानदार रिजल्ट की तारीफ भी की है।*







आदमपुर एयरबेस से 'आक्रामक दहाड़' के साथ प्रधानमंत्री का पाकिस्तान को दो टूक संदेश

# 'हम घर में घुसकर मारेंगे और बचने का एक मौका तक नहीं देंगे'...



एस-400 और मिग-29 लड़ाकू विमानों के पास खड़े होकर पाक के झूठ और भ्रामक प्रचार की खोली पोल

सी-130जे विमान के साथ एयरबेस पर पीएम के पहुंचने के साथ ही गूंजे भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद दिए राष्ट्र के नाम संबोधन के ठीक अगले दिन मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंजाब में अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) के करीब स्थित भारतीय वायुसेना के दूसरे सबसे बड़े आदमपुर एयरबेस पर पहुंचे। जहां उन्होंने भारत माता की जय और वंदे मातरम के प्रचंड जयघोष के बीच सैन्यकर्मियों को संबोधित करते हुए पूरी आक्रामकता के साथ पाकिस्तान और पाले हुए आतंकियों को न केवल साफ शब्दों में ये संदेश दे दिया कि अब भारत आतंकवाद और आतंकवादियों के खिलाफ किसी भी तरह की माफी के मूड में कतई नहीं है। 'हम घर में घुसकर मारेंगे और बचने का एक मौका तक नहीं देंगे'।

बल्कि चीन में निर्मित जेएफ-17 लड़ाकू विमान से एस-400 हवाई मिसाइल रक्षा प्रणाली और आदमपुर एयरबेस के रनवे को ध्वस्त करने के पाकिस्तान के हवा हवाई दावे की भी पूरी दुनिया के सामने पोल खोलकर रख दी। पीएम के साथ इस यात्रा में वायुसेनाप्रमुख एयर चीफ मार्शल ए.पी.सिंह भी शामिल थे। एयरबेस पर वायुसेना की पश्चिमी कमांड (त्रिशूल कमांड) के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने उन्हें मौजूदा सुरक्षा हालात, ग्राउंड पर वायुसेना की रणनीतिक तैयारियों के बारे में जानकारी दी और उसके बाद प्रधानमंत्री की इस यात्रा से जुड़ी हुई आगे की कवायद का आगाज हुआ। एयरबेस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सैन्यकर्मियों से बातचीत कर उनका मनोबल भी बढ़ाया। ▶▶ शेष पेज 5 पर





## एस-400 के पास खड़े होकर दिखाया सच

पीएम ने 13 मई की सुबह सात बजे नई दिल्ली से वायुसेना के विशालकाय सैन्य-मालवाहक विमान सी-130जे सुपर हरक्युलिस से आदमपुर के लिए उड़ान भरी। इसके बाद विमान के एयरबेस के रनवे पर उतरने से लेकर प्रधानमंत्री मोदी के सैन्यकर्मियों से बातचीत और उन्हें संबोधित करते हुए मिग-29 लड़ाकू विमान और एस-400 सिस्टम के ठीक पास खड़े होकर पाकिस्तानी झूठ का दूध का दूध और पानी का पानी कर दिया। जिससे दुश्मन के रनवे और एस-400 सिस्टम को नेस्तनाबूद करने का दावा धराशायी हो गया। पीएम ने सरेआम बता दिया कि पाकिस्तान के नापाक हमले में भारत के आदमपुर एयरबेस, उसके रनवे और एस-400 सिस्टम को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। उल्टा पिछले 7 मई की देर रात किए गए पाकिस्तानी दुस्साहस को मटियामेट करने में वायुवीरों के इस ठिकाने ने बाकी जंगी बेड़े के साथ अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर से घबराकर दुश्मन ने हमारे इस और अन्य एयरबेस पर कई बार हमला करने की कोशिश की। हमें बार-बार निशाना बनाया गया। लेकिन हर बार पाकिस्तान के नापाक मंसूबों पर पूरी तरह से पानी फेर दिया गया। यहां बता दें कि पाक के डीजी (आईएसपीआर) ने कई प्रेस कांफ्रेंस में ये दावा किया था कि पाक के विमानों ने आदमपुर एयरबेस पर बमबारी कर भारतीय वायुसेना के इस ठिकाने और वहां मौजूद एस-400 सिस्टम को नुकसान पहुंचाया है।

### 25 मिनट में आतंकियों को खदेड़ा

उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान और उसके बुरे इरादों की हार हुई है। आपने भारत की सरहदों की रक्षा की, 25 मिनट में आतंकियों को खदेड़ दिया। देश की सशस्त्र सेनाओं (सेना, वायुसेना और नौसेना) ने पाक सेना की कमर तोड़ दी। जिस पर ये आतंकवादी निर्भर थे। अब पाकिस्तान में ऐसी कोई जगह नहीं बची है, जहां आतंकी बैठकर चैन की सांस ले सकें। प्रधानमंत्री मोदी ▶▶ शेष पेज 5 पर

### यूं सनसनाती है मिसाइलों की आवाज

*प्रधानमंत्री ने सैन्यकर्मियों के समक्ष गर्व जताते हुए कहा कि आप सभी ने अपने लक्ष्य को पूर्णता के साथ हासिल किया है। पाक में आतंकी अड्डों और उनके हवाई अड्डों को नष्ट किया गया। बल्कि दुश्मन के नापाक मंसूबों और दुस्साहस को भी परास्त किया गया है। इन मौकों पर कई बार भारत की गूंज साफ सुनाई देती है। पहला, जब हमारी सेनाएं परमाणु ब्लैकमेल की धमकी को उड़ा देती हैं तो आसमान से केवल एक बात ही गूंजती है, 'भारत माता की जय' और दूसरा, जब हम रात में भी सूरज की रोशनी करते हैं तो दुश्मन को भारत माता की जय सुनाई देती है। तीसरा, जब हमारी मिसाइलें सनसनाती हुई आवाज के साथ लक्ष्य तक पहुंचती हैं तो दुश्मन को भारत माता की जय की गूंज सुनाई सुनाई देती है।*

### सशस्त्र बलों के प्रति आभारी रहेगा देश

*पीएम मोदी ने अपनी एक्स पोस्ट में आदमपुर एयरबेस की कई सारी फोटो और वीडियो शेयर करते हुए लिखा, 'भारत अपने सशस्त्र बलों के प्रति हमेशा आभारी रहेगा। क्योंकि वह हमारे देश के लिए हर काम करते हैं। साथ ही उन्होंने आदमपुर पहुंचने और उसके बाद सैन्यकर्मियों से हुई मुलाकात को साहस, दृढ़ संकल्प और निडरता के प्रतीक वाले लोगों के साथ अपनी मौजूदगी को एक बहुत ही खास अनुभव के रूप में परिभाषित किया'। बताते चलें कि इससे पहले उन्होंने राष्ट्र के नाम संबोधन में भी पाक को साफ कर दिया था कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की न्याय की अखंड प्रतिज्ञा की पूर्ति का प्रमाण है। जिसे भारत ने रोका नहीं केवल स्थगित किया है। अब भविष्य पाकिस्तान के रवैये पर निर्भर करेगा। ऑपरेशन सिंदूर के बाद बीते सोमवार को राष्ट्र के नाम दिए संबोधन के अचानक बाद उनका यह दौरा हुआ। जिसके साथ ही यह संभावना जताई जा रही है कि हो सकता है कि आने वाले समय में पीएम देश में मौजूद सशस्त्र बलों के अन्य सैन्य ठिकानों का भी दौरा कर सकते हैं।*

## खबर संक्षेप

### ई-पासपोर्ट लॉन्च, होगी आरएफआईडी चिप

**नई दिल्ली।** अब भारत ने ई-पासपोर्ट लॉन्च कर दिए हैं। इन पासपोर्ट को भारतीय नागरिकों की यात्रा को ज्यादा सुरक्षित, तेज और आसान बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। ई-पासपोर्ट में रेडियो फ्रीक्वेंसी इडेंटिफिकेशन (एफएफआईडी) चिप लगी हुई है। इसमें इमिग्रेशन काउंटर पर पहचान का सत्यापन तेजी से होता है। शुरुआत चेन्नई, हैदराबाद और अमृतसर समेत 12 क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालयों में हुई है। इनमें व्यक्तिगत और बायोमेट्रिक डेटा होता है।



### पाक उच्चायोग का अधिकारी वांछित घोषित

**हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली।** भारत ने यहां पाकिस्तान उच्चायोग में कार्यरत एक अधिकारी को वांछित व्यक्ति (परसोना नॉन ग्राटा) घोषित करते हुए 24 घंटे के अंदर देश छोड़ने का निर्देश दिया है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। जिसमें बताया कि यह कार्रवाई अधिकारी द्वारा अपने कार्यक्षेत्र से बाहर अन्य प्रकार की संदिग्ध में शामिल होने की वजह से की गई है। इस संबंध में भारत ने आज पाक उच्चायोग के चार्ज डी अफेयर्स को एक डीमार्श जारी किया है।



## विदेश सचिव मिस्री के समर्थन में उतरे कई लोग, ट्रोलर्स पर कानूनी कार्रवाई की मांग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



हरिभूमि फॉलोअप

भारत पाकिस्तान के बीच गत 10 मई को संघर्ष विराम की घोषणा करने वाले विदेश सचिव विक्रम मिस्री को सोशल मीडिया पर तीखी ट्रोलिंग और व्यक्तिगत हमलों का शिकार होना पडा। ट्रोलिंग इतनी गंभीर थी कि विदेश सचिव को अपना एक्स एकाउंट लॉक करना पडा। इसके बाद भी ट्रोलर्स के बडे गैंग ने विदेश सचिव का पीछा नहीं छोडा। उनके परिजनों को निशाना बनाना जारी रखा। मामला हद से बाहर निकलता देख उनके समर्थन में नौकरशाहों, राजनेताओं और पत्रकारों का एक बडा समूह सामने आया। आश्चर्य की बात ये है कि साइबर अपराधियों की तरह बर्ताव करने वाले इन ट्रोलर्स के खिलाफ किसी तरह की कोई धडपकड की सूचना नहीं है। किसी तरह की कोई शिकायत की सूचना नहीं है। देश हैरान है कि ▶▶ शेष पेज 5 पर

आज जस्टिस गवई सीजेआई के रूप में लेंगे शपथ

## भारतीय न्यायपालिका के शीर्ष पर पहुंचने वाले वे दलित वर्ग से दूसरे सीजेआई होंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई (बीआर गवई) 14 मई को जब भारत के 52 वें मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) के रूप में शपथ लेंगे, तो वे गणतंत्र के इतिहास में भारतीय न्यायपालिका के टॉप पर पहुंचने वाले दूसरे दलित चीफ जस्टिस बनेंगे। जस्टिस गवई ने अक्सर भारत के संविधान की महानता की चर्चा की है। जिसने उनके भाग्य को निर्धारित किया। पिछले साल बीआर गवई ने अपने भाषण में कहा था कि यह पूरी तरह से डॉ. बीआर आंबेडकर के प्रयासों के कारण ही संभव हुआ कि मेरे जैसे व्यक्ति, जो एक अर्ध-झुग्गी-झोपड़ी वाले इलाके में नगरपालिका स्कूल में पढ़ता था, इस पद तक पहुंच सका। उन्होंने अपने भाषण का समापन 'जय भीम' के नारे के साथ किया था। ▶▶ शेष पेज 5 पर

ट्रंप को भारत का करारा जवाब... संघर्ष विराम में व्यापार की बात नहीं हुई

## कश्मीर पर तीसरे पक्ष की मध्यस्थता मंजूर नहीं... भारत ने 'ट्रंप के दावे' को नकारा

पाकिस्तान को पीओके खाली करना होगा

भारत का स्पष्ट रुख- जम्मू और कश्मीर से संबंधित किसी भी मुद्दे को भारत और पाकिस्तान को द्विपक्षीय रूप से हल करना होगा

*सीसीएस के फैसले के अनुसार भारत सिंधु संधि को तब तक स्थगित रखेगा, जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद के लिए अपने समर्थन को विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से त्याग नहीं देता*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत पाकिस्तान संघर्ष विराम को लेकर विदेश मंत्रालय ने प्रेस वार्ता की। इस दौरान संघर्ष विराम में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता को लेकर विदेश मंत्रालय ने कहा कि कश्मीर पर हमें मध्यस्थता मंजूर नहीं है।

पाकिस्तान को पीओके खाली करना होगा। उन्होंने ट्रंप के दावे को नकारते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने से लेकर 10 मई को गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद करने की सहमति तक, भारतीय और अमेरिकी नेताओं के बीच उभरते सैन्य हालात पर बातचीत हुई। इनमें से किसी भी चर्चा में व्यापार का मुद्दा नहीं उठा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमारा लंबे समय से राष्ट्रीय रुख रहा है कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर से संबंधित किसी भी मुद्दे को भारत और पाकिस्तान को द्विपक्षीय रूप से हल करना होगा। इस नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

10 मई को सैन्य हालातों पर ही बात हुई



### भारत संधि स्थगित रखेगा

*उन्होंने कहा कि सीसीएस (सुरक्षा पर कैबिनेट समिति) के फैसले के बाद सिंधु जल संधि को स्थगित कर दिया गया। सिंधु जल संधि सद्भावना और मित्रता की भावना से शुरू हुई थी, जैसा कि संधि की प्रस्तावना में निर्दिष्ट है। हालांकि, पाकिस्तान ने कई दशकों से सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देकर इन सिद्धांतों को स्थगित रखा है। अब सीसीएस के फैसले के अनुसार कि भारत संधि को तब तक स्थगित रखेगा, जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद के लिए अपने समर्थन को विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से त्याग नहीं देता। जलवायु परिवर्तन, जनसांख्यिकीय बदलाव और तकनीकी परिवर्तनों ने जमीन पर भी नई वास्तविकताओं को जन्म दिया है। उन्होंने कहा कि हमने पाकिस्तानी पक्ष द्वारा दिए गए बयान को देखा है। एक ऐसा देश जिसने औद्योगिक पैमाने पर आतंकवाद को बढ़ावा दिया है, उसे यह सोचना चाहिए कि वह इसके परिणामों से बच सकता है, यह खुद को बेवकूफ बना रहा है। भारत द्वारा नष्ट किए गए आतंकवादी बुनियादी ढांचे न केवल भारतीयों की बल्कि दुनिया भर में कई अन्य निर्दोष लोगों की मौत के लिए जिम्मेदार थे। अब एक नया नॉर्मल है। जितनी जल्दी पाकिस्तान इसे समझ लेगा, उतना ही बेहतर होगा।*

डीजी (डीआईए) ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बारे में 70 देशों के विदेश सेवा अताशे को रूबरू कराया

भारत-पाक सीमा पर फिलहाल शांति, शोपियां में लश्कर के तीन आतंकी ढेर

## उच्च-स्तरीय बैठक से रक्षा मंत्री ने लिया पश्चिमी सीमा से जुड़े सुरक्षा हालात का जायजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बने हुए तनाव के दौर में मंगलवार का दिन भी राष्ट्रीय राजधानी में हाई-प्रोफाइल बैठकों के नाम रहा। जिसमें एक ओर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में साउथ ब्लॉक स्थित रक्षा मंत्रालय में हुई बैठक में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी और उप-वायुसेनाप्रमुख एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी की मौजूदगी में भारत की पश्चिमी सीमा पर वर्तमान में बने हुए जमीनी सुरक्षा हालात का व्यापक आधार पर जायजा लिया गया। तो दूसरी ओर कूटनीतिक स्तर पर रक्षा खुफिया एजेंसी के महानिदेशक (डीजी, डीआईए) लेफ्टिनेंट जनरल डीएस. राणा ने मानेकशॉ सेंटर में दुनिया के 70 देशों के विदेश सेवा अताशे (रक्षा अताशे) के ▶▶ शेष पेज 5 पर

### चीन, तुर्किये का चला गया संदेश



*वहीं, प्राप्त जानकारी के अनुसार, लेफ्टिनेंट जनरल राणा द्वारा 70 देशों के विदेश सेवा अताशे को दी गई ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से जुड़ी जानकारी को लेकर आयोजित की गई बैठक में चीन को आमंत्रित नहीं किया गया था। जबकि तुर्किये की तरफ से बैठक के लिए कनिष्ठ (जूनियर) अधिकारी को भेजे जाने पर उन्हें एक तरह से किसी को न भेजने का संदेश देते हुए कहा गया नो थैंक्यू। आईडीएस (मुख्यालय) ने एक्स पर एक पोस्ट में इस बैठक की कुछ तस्वीरें साझा करते हुए बताया कि इस दौरान विदेश सेवा अताशे को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बताया। साथ ही कहा कि इसने दोनों देशों के संबंधों में नए सामान्यीकरण की स्थापना की है।* ▶▶ शेष पेज 5 पर

### कर्तव्य पथ से राष्ट्रीय युद्ध स्मारक तक 'शौर्य सम्मान यात्रा' में उमड़ा जनसैलाब

# भारत अब आतंकवाद के खिलाफ स्पष्ट और सशक्त रणनीति पर कर रहा कामः सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली



आतंकवाद के आकाओं ने अगर भारत के ऊपर आंख उठाकर भी देखा तो हमारी सेनाएं और सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में करारा जवाब देगी। भारत अब आतंकवाद के खिलाफ एक निर्णायक, स्पष्ट और सशक्त रणनीति पर काम कर रहा है। यह बात मंगलवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सरकार द्वारा आयोजित 'शौर्य सम्मान यात्रा' में शामिल होने के दौरान अपने संबोधन में कही। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि इस राष्ट्रव्यापी यात्रा का मुख्य उद्देश्य न केवल ऑपरेशन सिंदूर का समर्थन करना है, बल्कि युवाओं और आम नागरिकों में देशभक्ति, अनुशासन और सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान की भावना को और सुदृढ़ करना है। इस यात्रा में दिल्ली के कैबिनेट मंत्री, सांसद, विधायक और आम नागरिकों ने भाग लिया। रेखा गुप्ता ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर भारत के स्वाभिमान और संप्रभुता का प्रतीक है। हमारे सैनिक जिस निष्ठा और पराक्रम से सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं, वह हर नागरिक के लिए गर्व और प्रेरणा का स्रोत है। यह 'शौर्य सम्मान यात्रा' उन वीर जवानों को दिल्ली सरकार की तरफ से नमन है। उन्होंने बताया कि यह यात्रा आतंकवाद के खिलाफ भारत की निर्णायक नीति और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का उत्सव है, जिसने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत की मजबूत प्रतिक्रिया का प्रतीक है, जिसके तहत आतंक के मुख्य ठिकानों को नष्ट किया गया। इस ऑपरेशन के माध्यम से भारत ने आतंकवाद को करारा जवाब दिया है और अपनी अखंडता की रक्षा करने का संकल्प दोहराया है।

### यह यात्रा राष्ट्रीय एकता, अखंडता और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह यात्रा हमारे उन सैनिकों के अदम्य साहस, शौर्य और बलिदान के प्रति एक सामूहिक श्रद्धांजलि है, जिन्होंने राष्ट्र की रक्षा के लिए अपना सब कुछ समर्पित कर दिया। यह यात्रा राष्ट्र की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कथन, 'टैररिज्म के खिलाफ जीरो टॉलरेंस एक बेहतर दुनिया की गारंटी है' को दोहराते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार इस नीति का समर्थन करती है और राष्ट्र की सुरक्षा में एकजुटता का संदेश देना चाहती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि दिल्ली सरकार सिर्फ राज्य प्रशासन तक सीमित नहीं है, बल्कि राष्ट्र निर्माण, राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक समरसता को स्थापित करने के लिए भी भी कार्यरत है। इस यात्रा के माध्यम से हम यह संदेश देना चाहते हैं कि देश की सुरक्षा किसी एक राज्य या संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों की साझी जिम्मेदारी है।

### सेना ने जिस तरह से दुश्मनों को करारा जवाब दिया, पूरे देश के लिए गर्व की बात

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी दिल्लीवासी प्रधानमंत्री का धन्यवाद करते है और भारतीय सेना को नमन करते है। जिस तरह हमारी सेना दिन-रात देश की रक्षा कर रही है और आतंकवाद व दुश्मनों को करारा जवाब दे रही है, वह पूरे देश के लिए गर्व की बात है। आतंक के सरगनाओं को जिस सख्ती से जवाब दिया गया है, उसके लिए दिल्ली सरकार, दिल्ली की जनता और पूरा देश सेना के साथ खड़ी है। आज देश एकजुट है, एकमत है और पूरी मजबूती के साथ खड़ा है।

## आईटी मंत्रालय को तीन करोड़ का चूना, दो जालसाज अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय से 3 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी करने वाले एक चार्टर्ड अकाउंटेंट सहित दो जालसाजों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में एनजीओ एचपीपीएल फाउंडेशन के निदेशक प्रशांत अग्रवाल और त्रिपुरारी एंड एसोसिएट्स के पार्टनर सुधांशु कुमार शामिल है। सुधांशु चार्टर्ड अकाउंटेंट है। यह धोखाधड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (**MeitY**) के स्टार्टअप हब की समृद्ध योजना के बहाने की गई। डीसीपी अमित वर्मा के अनुसार इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के डिजिटल इंडिया कॉरपोरेशन के तहत एक स्वतंत्र प्रभाग, **MeitY** स्टार्टअप हब की अधिकृत प्रतिनिधि राशि शर्मा की शिकायत पर केस दर्ज किया गया था। शिकायत में कहा कि मंत्रालय ने एक योजना शुरू की, जो चयनित स्टार्टअप एक्सेलेरेटर के नेटवर्क के माध्यम से नवाचार को बढ़ावा देने और स्टार्टअप को सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से एक व्यापक पहल है। इस योजना के तहत एचपीपीएल फाउंडेशन नामक एनजीओ जिसका प्रतिनिधित्व इसके निदेशक प्रशांत अग्रवाल करते हैं को एक्सेलेरेटर में से एक के रूप में चुना गया था। एचपीपीएल फाउंडेशन ने आठ स्टार्टअप का एक समूह प्रस्तुत किया और कार्यक्रम के तहत एक एक्सेलेरेटर के रूप में काम करने की इच्छा व्यक्त की थी। एमएसएच ने इन स्टार्टअप को संवितरण के लिए एचपीपीएल फाउंडेशन को कुल 3.04 करोड़ की राशि जारी की। हालांकि बाद में यह पता चला कि 3.04 करोड़ रुपये प्राप्त करने के बावजूद एचपीपीएल फाउंडेशन इच्छित स्टार्टअप्स को धनराशि वितरित करने में विफल रहा। इसके बजाय, प्रशांत अग्रवाल ने धन के दुरुपयोग को छिपाने के लिए चार्टर्ड अकाउंटेंट सुधांशु कुमार राकेश के नाम और मुहर के तहत गलत तरीके से प्रमाणित नकली और मनगढ़ंत उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करके एमएसएच को गुमराह किया। केस दर्ज कर जांच शुरू की गई और आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) की टीम ने आरोपी व्यक्तियों को पकड़ने के लिए निरंतर और समन्वित प्रयास किए। 30 अप्रैल को आरोपी प्रशांत अग्रवाल को बेंगलुरु, कर्नाटक से गिरफ्तार किया गया था। इसकी निशानदेही पर सात मई को सहयोगी और सह-साजिशकर्ता, चार्टर्ड अकाउंटेंट सुधांशु कुमार राकेश का पता लगाया गया और उन्हें पटना, बिहार से गिरफ्तार कर लिया गया।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अशोक कुमार, पुत्र श्री हरीश चंदर, निवासी एफ–5/53, सेक्टर–15, रोहिणी, दिल्ली** ने **FIR No. 909/2015 U/S 23 JJ Act, अन्तर्गत थाना केएनके मार्ग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अशोक कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अशोक कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 909/2015 U/S 23 JJ Act, अन्तर्गत थाना केएनके मार्ग, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अशोक कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.06.2025** को **सुबह 10:00 बजे** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**श्री हिमांशु सहलोथ**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03**
**उत्तर, कोर्ट नं. 213**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/5999/RD/2025(Court Matter)**

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा **82 Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **मि. सतपाल अरोड़ा एण्ड सीईओ/ऑथोराइज्ड सिगनेचरी, पताः** ऑफिस 27, दूसरी मंजिल, किशन चंद कॉम्प्लैक्स, ज्वालापुरी, पश्चिम विहार, नई दिल्ली, **CC NI Act/7014/2021, U/s 138/142 NI Act,** थानाः उत्तरी द्वारका, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मि. सतपाल अरोड़ा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मि. सतपाल अरोड़ा** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC NI Act/7014/2021, U/s 138/142 NI Act,** थानाः उत्तरी द्वारका, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **मि. सतपाल अरोड़ा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री नंदनी शर्मा**
**मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट**
**दक्षिणी–पश्चिम, द्वारका कोर्ट, दिल्ली**

**DP/5815/DW/2025**
**(Court Matter)**

## बीड़ी नहीं मिली तो सिर पर कड़े से किये वार, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली



पश्चिमी जिले के ख्याला में कुछ युवकों ने बीड़ी देने से इंकार करने पर एक व्यक्ति के सिर पर कड़े से कई बार वार कर दिये। उपचार के कुछ घंटों बाद शख्स की मौत हो गई। मृतक का नाम कन्हैया (33) बताया गया है। वारदात सोमवार देर रात की है लेकिन मौत मंगलवार सुबह आई। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि आरोपियों ने पीड़ित के पास आकर बीड़ी मांगी लेकिन उसने इनकार कर दिया। गुस्साए लोगों ने कड़े से उसके सिर पर कई बार वार किये, जिससे वह घायल हो गया। घायल होने के बावजूद व्यक्ति खुद ही गुरु गोबिंद सिंह अस्पताल गया जहां उसे चिकित्सा सहायता दी गई और बिना कोई कानूनी मामले की सूचना दिए उसे छुट्टी दे दी गई। हालांकि, कुछ घंटों बाद पीड़ित की हालत बिगड़ गई और उसे दोबारा अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मंगलवार सुबह उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को अस्पताल से उसकी मौत की सूचना मिली और मामले में कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। डीसीपी ने कहा कि मामला दर्ज कर लिया गया है और कुछ संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। हम सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रहे हैं और घटना का पूरा क्रम जानने के लिए स्थानीय स्तर पर पूछताछ की जा रही है।

## क्या भाजपा दूर कर पाएगी दिल्ली देहात के रजापुर कलां का अंधेरा

दया राम ▶▶नई दिल्ली

दिल्ली देहात के नरेला विधानसभा स्थित भोरगढ़ औद्योगिक क्षेत्र के पास रजापुर कलां में चार दशक बाद भी बिजली की एक यूनिट नहीं पहुंची है जबकि आम आदमी पार्टी की केजरीवाल और आतिशी सरकार अपने अंतिम समय तक 200 यूनिट फ्री बिजली पहुंचाने का दावा करते रही। वहीं, इससे पहले कांग्रेस के कार्यकाल में भी यहां के निवासियों को दिल्ली सरकार से सिर्फ आश्वासन मिले, बिजली की आपूर्ति नहीं मिली। स्थानीय लोगों का कहना है कि रजापुर कलां बीस सूत्रीय योजना के तहत 1976 में बसा था और कांग्रेस की शीला सरकार के दौरान यहां भोरगढ़ गांव के पास औद्योगिक ईकाइयां आने के बाद मजदूरों की संख्या बढ़ी और प्राकृतिक वातावरण में भी बदलाव हुआ। इस दौरान बिजली आपूर्ति की मांग की गई लेकिन यहां बिजली की आपूर्ति नहीं की गई। इसके चलते पानी की समस्या भी बनी हुई है। वर्तमान हालातों की बात करें तो रात के समय अंधेरा ही अंधेरा होता है और विकास यहां कोसों दूर है। अब निवासियों को आशा है कि भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार ही इस अंधेरे को दूर कर पाएंगी। वहीं, बता दें कि दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 से पहले भाजपा के सांसद योंगेंद्र चंदोलिया ने भी पूर्व दिल्ली सरकारों पर निशाना साधा था, और कहा था कि दिल्ली में उनकी सरकार नहीं है।




■ कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के कार्यकाल में मिले सिर्फ आश्वासन

### डीएम, एसडीएम ने किए दौरे नहीं हो पाया समाधान

निवासियों ने बताया कि मंत्री सत्येंद्र जैन के निर्देश के बाद डीएम, एसडीएम, डीडीए व बिजली कंपनी के अधिकारियों ने मौका का दौरा किया और ट्रांसफार्मर लगाने की जगह तलाश कर वापस चले गए हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व विधायक शरद चौहान सहित संबंधित अधिकारी कई बार ऐसे दौरे कर चुके हैं लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

### शीला सरकार में लग गए थे बिजली के खंभे

यहां के निवासियों सतीश चौहान, अजय कुमार आदि ने बताया कि कांग्रेस की सरकार में यहां पर बिजली के खंभे लग गए थे, शीला सरकार बिजली आपूर्ति करने वाली थी लेकिन फिर केजरीवाल सरकार बनने के बाद समस्या का समाधान नहीं हो पाया। यहां करीब 80 परिवार रहते हैं और इनमें से करीब 80 लोग बिजली मीटर के लिए बिजली कंपनी टाटा पावर डीडीएल में करीब दस हजार रुपये की दर से शुल्क भी जमा करा चुके हैं। तीन साल होने को हैं लेकिन अभी तक बिजली मीटर नहीं लगाए गए हैं और बिजली कंपनी खुद भी उक्त राशि वापिस नहीं लौटा रही है।

### सांसद व विधायक ने लिखे अधिकारियों को पत्र

निवासी सतीश चौहान ने बताया कि करीब एक सौ से अधिक पत्र यहां की समस्याओं को लेकर उनके पास है लेकिन क्षेत्रीय पूर्व सांसद डॉ. उदित राज और विधायक शरद चौहान ने बिजली कंपनी, डीडीए, दिल्ली जल्द बोर्ड, डीएम, निगम जोनल उपायुक्त, डीएसआईआईडीसी आदि तमाम संबंधित विभागों को समस्याओं के समाधान के लिए पत्र लिखे हैं लेकिन आधारभूत सुविधाओं को लेकर जमकर अनदेखी की जा रही है।

## फर्जी ट्रेडिंग ऐप रैकेट में दो आईडीएफसी बैंक कर्मचारियों सहित चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली



मध्य जिले की साइबर पुलिस ने फर्जी ट्रेडिंग ऐप रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस संबंध में दो आईडीएफसी बैंक कर्मचारियों सहित कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इन पर 16.70 लाख रुपये की धोखाधड़ी का आरोप है। दरअसल आरोपियों ने शिकायतकर्ता को फेसबुक विज्ञापन के माध्यम से उच्च रिटर्न का वादा करके एक नकली ट्रेडिंग ऐप में निवेश करने के लिए लुभाया था। इनसे 11 चेक बुक, तीन पैन कार्ड और चार मोबाइल फोन बरामद हुये हैं। जाली दस्तावेजों का उपयोग करके बैंक कर्मचारियों की मिलीभगत से शेल फर्मों के नाम पर करंट अकाउंट खोले गए थे।

डीसीपी एम हर्षवर्धन के अनुसार अप्रैल माह में पटेल नगर निवासी एक व्यक्ति ने साइबर पुलिस स्टेशन, सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता के साथ शेयर बाजार में निवेश के नाम पर उसके साथ 16,70,000 रुपये की ठगी की गई थी। फेसबुक में उसे आकर्षक निवेश अवसरों से संबंधित एक विज्ञापन मिला था। विज्ञापन पर क्लिक करने पर उसे एक व्हाट्सएप चैट पर भेज दिया गया, जहां उसे एक निवेश समूह में जोड़ा गया और क्वांट्सएआईएस नामक एक एप्लिकेशन डाउनलोड करने के लिए कहा गया। शुरुआत में शिकायतकर्ता ने 10 हजार रुपये का निवेश किया और ऐप ने उच्च रिटर्न दिखाना शुरू कर दिया। उच्च रिटर्न के वादे से लुभाए गए शख्स ने आगे कुल 16,70,000 रुपये का निवेश किया। हालांकि, जब उसने अपना पैसा निकालने का प्रयास किया, तो उन्हें व्हाट्सएप ग्रुप से हटा दिया गया और उन्हें एहसास हुआ कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है। जांच के दौरान, बैंक स्टेटमेंट और संदिग्ध मोबाइल नंबरों के रिकॉर्ड का विस्तृत विश्लेषण किया गया। पता चला कि ठगी की गई रकम कई बैंक खातों में ट्रांसफर की गई थी। 5 लाख रुपए की रकम नोएडा स्थित आईडीएफसी बैंक के धर्म एंटरप्राइजेज नाम के चालू खाते में पाई गई। लगातार प्रयासों और तकनीकी निगरानी के साथ पहले आरोपी अमन कुमार (29) जिसने धोखाधड़ी वाला बैंक खाता खोला था और उसे साइबर अपराधियों को कमीशन पर बेचा था को 9 अप्रैल को हापुड़, यूपी से गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ के बाद, एक अन्य आरोपी राहुल त्यागी (39) ने भी इसी तरह के फर्जी खातों की व्यवस्था की थी, उसे 10 अप्रैल को सेक्टर-7, नोएडा से गिरफ्तार किया गया। उसके परिसर की तलाशी के दौरान अज्ञात व्यक्तियों के नाम पर 11 चेक बुक और 3 पैन कार्ड बरामद किए गए। जांच में यह भी पता चला कि जाली दस्तावेजों का उपयोग करके चालू बैंक खाते खोलने के लिए फर्जी शेल कंपनियां बनाई जा रही थी। आईडीएफसी बैंक के दो कर्मचारियों अंकित नागर और अभिषेक सिंह की संलिप्तता का भी पता चला, जिन्होंने फर्जी बैंक खातों को सत्यापित करने और खोलने में आरोपियों की मदद की थी। इन दोनों को भी साइबर जालसाजों से मिलीभगत के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

## सामूहिक बलात्कार के मामले में वांछित अपराधी किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

बुराड़ी इलाके के एक सामूहिक बलात्कार मामले और हाल ही में हुई गोलीबारी की घटना में वांछित एक भगोड़े अपराधी को तीस हजारी कोर्ट परिसर से गिरफ्तार किया गया है। बुराड़ी निवासी आरोपी अब्दुल गफ्फार अक्टूबर 2021 से फरार था।

पुलिस के अनुसार इसके तीन सहयोगियों को पहले गिरफ्तार कर लिया गया था, लेकिन गफ्फार कई पुलिस छापों के बावजूद गिरफ्तारी से बचता रहा। अप्रैल 2022 में दिल्ली की एक अदालत ने उसे भगोड़ा अपराधी घोषित किया था। गफ्फार मार्च में दर्ज एक अन्य मामले में भी वांछित था। उस केस में एक व्यक्ति गोली लगने से घायल हो गया था। इसने कथित तौर पर पीड़ित पर गोली चलाई थी और छुप गया था। इसके बाद एक टीम गठित की गई और गफ्फार को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा था। आरोपी अपने परिवार और साथियों पर दबाव के बाद नौ मई को तीस हजारी अदालत में आत्मसमर्पण करने के लिए पहुंचा था, लेकिन ऐसा करने से पहले ही पुलिस टीम ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान गफ्फार ने पुलिस को बताया कि वह अपने भाई के साथ बुराड़ी में पानी के टैंकरों की आपूर्ति का काम करता था और उसे शराब पीने की आदत थी। उसने सामूहिक बलात्कार और हाल ही में हुई गोलीबारी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकारी है।

## कोचिंग सेंटर में लगी आग, कोई हताहत नहीं



**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के प्रीत विहार इलाके में मंगलवार को एक कोचिंग सेंटर में आग लगने से दहशत का माहौल पैदा हो गया। हालांकि सभी स्टूडेंट समय रहते इमारत से बाहर आ गए और इस घटना में किसी के घायल या हताहत होने की सूचना नहीं है। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अनुसार कुछ स्टूडेंट आग से बचने के लिए छत पर चले गए थे और बगल की इमारत में कूद गए, जबकि अन्य कोचिंग सेंटर से बाहर आ गए। यह घटना दोपहर 12 बजकर 45 मिनट पर सामने आई। दमकल की चार गाड़ियों को तुरंत मौके पर भेजा गया था। सभी छात्र खुद ही इमारत से बाहर निकल गए थे। आग के कारण कोई जनहानि नहीं हुई। दोपहर दो बजकर 25 मिनट पर आग पर काबू पा लिया था। शुरुआती तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट हो सकता है। हालांकि पुख्ता कारणों का पता लगाने के लिये पुलिस जांच कर रही है। गौरतलब है कि इलाके में कई कोचिंग सेंटर बिना फायर एनओसी के चलने की बात पहले सामने आ चुकी है।

**क्यू-16017/38/2024-सीपीए**
**भारत सरकार**
**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय**
**द्वितीय तल, जल विंग, इंदिरा पर्यावरण भवन, जोर बाग रोड, नई दिल्ली**
***

**विषयः पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में अनुबंध के आधार पर दो (02) परामर्शदाता 'बी' की नियुक्ति।**

इस मंत्रालय द्वारा प्रशासित किए जा रहे पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986, जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1974 और वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 और इनके तहत बनाये गए नियमों के कार्यान्वयन के लिए दो (02) परामर्शदाता 'बी' के पद पर चयन और नियुक्ति के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

2. पद पर नियुक्ति एक वर्ष के लिए अनुबंध के आधार पर होगी, जो प्रदर्शन मूल्यांकन के आधार पर सालाना विस्तार योग्य होगी। आवेदन करने के लिए निर्धारित प्रारूप के साथ विस्तृत विज्ञापन मंत्रालय की वेबसाइट https://moef.gov.in पर उपलब्ध है।

**अवर सचिव, भारत सरकार**

Cbc 13101/11/0001/2526

### ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर पाकिस्तानी झंडे, माल की बिक्री पर कैट ने मंत्री पीयूष को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** भारत पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के बीच ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर धड़ल्ले से बेचे जा रहे पाकिस्तान के झंडे व अन्य सामग्री को लेकर व्यापारियों के संगठन कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने पाकिस्तानी झंडे की बिक्री पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को पत्र लिखकर तुरंत रोकने की मांग की है। इस बारे में संगठन के बी. सी. भरतिया ने बताया कि यह बहुत ताजुब और शर्मनाक बात है कि भारत-पाक के बीच तनाव के बावजूद पाकिस्तानी झंडे, लोगो वाले मग और टी-शर्ट आदि मेज़न और फ्लिपकार्ट जैसे प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर खुलेआम बेचे जा रहे हैं। यह परेशान करने वाली स्थिति तब सामने आई है जब हमारे बहादुर सशस्त्र बल ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान को मुंह तोड़ जबाब दे रहे है। सेना की यह कार्रवाई पाकिस्तान के खिलाफ एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय महत्व का मिशन है। भरतिया ने कहा कि ऐसे समय में जब हमारे सैनिक हमारे देश की रक्षा के लिए बेजोड़ साहस और बलिदान का प्रदर्शन कर रहे हैं।

### आश्रितों को नौकरी की फाइल चार साल से लंबित

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के जन स्वास्थ्य विभाग के मृतक कर्मियों के आश्रितों की नौकरी के लिए फाईलें विभाग में वर्षों से लम्बित पड़ी है और अधिकारियों को इसकी जानकारी होने के बाद भी आश्रितों को नौकरी नहीं दी जा रही है। दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग के पूर्व अध्यक्ष राजू सारसर ने भी इस संबंध में पत्र व्यवहार किया है लेकिन इस तरफ निगम महापौर और प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जानकारी के अनुसार निगम उच्च अधिकारियों के बोर्ड द्वारा लगभग मलेरिया विभाग के 30 मृतक कर्मियों के आश्रितों की करीब चार वर्ष पहले चयनीत किया जा चुका है इसके बावजूद भी आज तक उन कर्मियों को ड्यूटी पर नहीं लिया गया है।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प अम्बाला | अम्बाला जिले में अम्बाला शहर में राजकीय महिला महाविद्यालय की बिल्डिंग के निर्माण का बकाया कार्य (कोड 19782 दिनांक 31.07.2017 के तहत माननीय सी.एम. घोषणा)। | 06.05.2025 19.05.2025 | 514.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | यमुनानगर जिले में कि.मी. 81.90 पर कलानौर से कैल रोड पर आरओबी के नीचे अण्डरपास का निर्माण। | 12.05.2025 21.05.2025 | 106.61 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01732-237834 pwd-eepd- yamunanagar@hry.nic.in |
| 3 | बी.पी.एस. राजकीय महिला चिकित्सा महाविद्यालय खानपुर कलां सोनीपत | बीपीएस जीएमसी (डब्ल्यू) खानपुर कलां सोनीपत में एयर कंडीशनर (2 टन) और + एक कार्य (कैटेगरी-गुड्स) के प्रावधान हेतु ई-निविदा। | 14.05.2025 21.05.2025 | 20,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9728972827 Bpsgmc.purchase@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज भिवानी | 1623 - गांव सुई, ब्लॉक बवानी खेड़ा में गुल्ही जोहड़ का निर्माण + 3 कार्य। | 12.05.2025 17.05.2025 | 61.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज फरीदाबाद | बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद में विद्युत और जन स्वास्थ्य कार्यों समेत पंचायत भवन का पुनरोद्धार। | 09.05.2025 20.05.2025 | 172.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव दादासिया ब्लॉक फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण एफएफसी + 1 कार्य। | 09.05.2025 16.05.2025 | 92.99 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव दादासिया ब्लॉक फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद में सामुदायिक केन्द्र के हॉल, किचन और शौचालय का निर्माण वीएजीवाई। | 09.05.2025 16.05.2025 | 28.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/140/34743/I/88/7 दि. 13.05.25





# सीबीएसई परीक्षा : 10वीं और 12वीं में लड़कियों ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा मंगलवार को घोषित 10वीं और 12वीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम के मुताबिक दिल्ली के 95 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। सीबीएसई के मुताबिक दिल्ली में 12वीं कक्षा के कुल 95.18 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। सीबीएसई की अधिसूचना के मुताबिक पूर्वी दिल्ली में सफलता दर 95.06 प्रतिशत तथा पश्चिमी दिल्ली में 95.37 प्रतिशत रही। दिल्ली में कुल 91.52 फीसदी छात्राएं पास हुईं। जबकि 85.70 छात्र पास हुए।

लड़कों की अपेक्षा 5.94 प्रतिशत अधिक छात्राएं पास हुईं। दिल्ली में सीबीएसई की 10वीं कक्षा की परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों में से 95.14 प्रतिशत उत्तीर्ण घोषित किये गए हैं। आंकड़ों के मुताबिक पश्चिमी दिल्ली में उत्तीर्ण प्रतिशत 95.24 रहा, जबकि पूर्वी दिल्ली में उत्तीर्ण प्रतिशत 95.07 दर्ज किया गया। दिल्ली में 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा देने वाली 95.71 प्रतिशत लड़किया उत्तीर्ण हुई हैं जबकि लड़कों में यह दर 93.98 प्रतिशत रही। वहीं 12वीं में लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 96.71 रहा जबकि लड़कों का उत्तीर्ण प्रतिशत 93.76 रहा। अगर सरकारी स्कूलों की बात करें तो 89.26 फीसदी बच्चे पास हुए। जबकि अनुदानित स्कूलों के 83.99 फीसदी बच्चे उत्तीर्ण हुए।

- 12वीं में लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 96 .71 रहा वहीं लड़कों का उत्तीर्ण प्रतिशत 93 .76 रहा

## यह सफलता आपकी मेहनत, अनुशासन और संकल्प का प्रमाण : मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड(सीबीएसई) की परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। सीएम रेखा गुप्ता ने सीबीएसई की 10वीं और 12वीं की परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी छात्र छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। यह सफलता आपकी मेहनत, अनुशासन और संकल्प का प्रमाण है। आप इसी तरह अपने लक्ष्यों के प्रति समर्पित रहें और जीवन में नई ऊँचाइयों को स्पर्श करें। जिन विद्यार्थियों को इस बार मनचाहा परिणाम नहीं मिल पाया है, उनसे मैं कहना चाहती हूँ- यह केवल एक पड़ाव है, आपकी क्षमताओं की सीमा नहीं। सपनों की राह में कभी-कभी समय लगता है, लेकिन आपका सत्यनिष्ठ प्रयास और खुद पर विश्वास ही आपकी सबसे बड़ी ताकत है। हार को अपने भीतर की ऊर्जा में बदलें, और पूरी निष्ठा के साथ फिर से प्रयास करें। सफलता जरूर मिलेगी- और इस बार नहीं तो अगली बार सही। आप सभी को उज्ज्वल भविष्य के लिए ढेरों शुभकामनाएं। वहीं शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि सीबीएसई कक्षा 12 की परीक्षा पास करने वाले सभी छात्रों को बधाई। आपकी कड़ी मेहनत और लगन ने वाकई रंग दिखाया है। जिन लोगों को मनचाहा परिणाम नहीं मिला, वे निराश न हों। नए सिरे से प्रयास और दृढ़ संकल्प के साथ, सफलता निश्चित रूप से मिलेगी। माता-पिता, अभिभावकों और शिक्षकों के प्रति हार्दिक आभार और शुभकामनाएं, जिनके निरंतर समर्थन और मार्गदर्शन ने इस यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# दिल्ली अभिलेखागार विभाग पुराने दस्तावेजों की लगाएगा प्रदर्शनी: सिरसा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया कि दिल्ली अभिलेखागार विभाग जल्द ही एक सार्वजनिक प्रदर्शनी का आयोजन करेगा, जिसमें ऐतिहासिक दस्तावेजों और पुराने सरकारी रिकॉर्ड को प्रदर्शित किया जाएगा। मंत्री सिरसा ने बताया कि यह प्रदर्शनी दिल्ली के इतिहास को जानने-समझने में लोगों की रुचि बढ़ाएगी, साथ ही इसमें सिख धार्मिक संस्थाओं और साहित्य से जुड़े कई महत्वपूर्ण दस्तावेज़ भी प्रदर्शित किए जाएंगे, जो विभाग के पास संरक्षित हैं।

उल्लेखनीय है कि मंत्री सिरसा ने बीते दिनों कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया स्थित दिल्ली आर्काइव विभाग का निरीक्षण किया था, उस दौरान मंत्री ने दिल्ली अभिलेखागार विभाग को इससे संबंधित प्रदर्शनी लगाने पर जोर दिया था। अपने दौरे के दौरान उन्होंने विभाग की रिकॉर्ड प्रबंधन प्रणाली और दस्तावेजों के संग्रह का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने सरकारी फाइलों, ऐतिहासिक पत्राचार, पांडुलिपियों, पुराने नक्शों और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों का अवलोकन किया। सिरसा ने कहा कि प्रस्तावित प्रदर्शनी खासकर युवा पीढ़ी को दिल्ली की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत से जोड़ने में सहायक होगी।

## दिल्ली में हुई बारिश, गिरे ओले

नई दिल्ली। दिल्ली में मंगलवार का दिन मौसम के कई रंग समेटे आया। कभी तेज धूप, कभी धूल भरी आंधी तो कहीं ओले गिरने लगे। सुबह के समय जहां सूरज के कड़े तेवरों के चलते चटख धूप ने लोगों को पसीना पसीना कर दिया। वहीं दोपहर बाद अचानक मौसम ने करवट ली और आसमान पर काले बादलों ने डेरा जमा लिया, लेकिन देखते ही देखते तेज धूल भरी आंधी ने दस्तक दे दी। वहीं बाद में कई जगह बारिश के साथ ओले भी गिरने लगे। ऐसा लगा जैसे मौसम आज कुछ अलग ही मूड़ में है। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) ने पहले ही ऐसे मौसम को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया था। आईएमडी के अनुसार सुबह सूरज के कड़े तेवरों के चलते अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया, लोगों को हल्की उमस ने भी परेशान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। लेकिन दो बजे के बाद दिल्ली में मौसम ने अपना रंग बदलना शुरू कर दिया। बाद में तेज धूल भरी आंधी देखने को मिली और उसके बाद दिल्ली के कई हिस्सों में बारिश के साथ ओले गिरने लगे। सुबह से भीषण गर्मी से परेशान लोगों बारिश व ओले गिरने से राहत पाई। आईएमडी ने बताया कि सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे के बीच दिल्ली के पालम में सबसे अधिक 5.6 मिमी पानी बरसा।

## निगम डीबीसी कर्मियों ने महापौर से लगाई गुहार, कब मिलेगा हक

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के डीबीसी कर्मियों ने अपनी मांगों को पूरा करने के लिए दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह को पत्र लिखकर गुहार लगाई है। एंटी मलेरिया एकता कर्मचारी यूनियन के महासचिव देव आनंद शर्मा ने बताया कि जन स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत सभी एमटीएस (पीएच) कर्मियों को एक सामान वेतन (बेसिक पे प्लस वेरियबल डीए) देकर नौकरी पर पक्का किया जाए। सभी एमटीएस कर्मियों की वरीयता आधार पर सूची बनाई जाए। कर्मचारी की मृत्यु के बाद परिवार के सदस्य को करूणामूलक आधार पर नौकरी दी जाए। कर्मियों को अप्रैल 2025 माह से बिना ब्रेक व बिना एग्रीमेन्ट सेवा विस्तार किया जाए।, मेडिकल लिव दी जाए। यूनियन महासचिव शर्मा ने कहा कि कर्मचारी सड़क से लेकर 20-20 वर्षों से चल रही कोर्ट तक की लड़ाई जीत जाता है, सभी को हक मिलते देखा है लेकिन एमटीएस, डीबीसी कर्मियों ने ऐसा कौन सा गुनाह किया कि उसको निगम द्वारा उसका हक नहीं मिलता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में 1996 से लेकर 2025 तक 29 वर्षों बाद भी डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, पीलिया और हैजा जैसी भयंकर और जानलेवा बीमारियों का फैलाव को रोकने का कार्य कर रहे हैं लेकिन एमटीएस डीबीसी कर्मचारी को न्याय नहीं मिल पा रहा है।

## यमुनापार के प्रियदर्शनी विहार में मंदिर पर चला पीला पंजा

नई दिल्ली। यमुनापार के प्रियदर्शनी विहार में लक्ष्मी नारायण मंदिर को तोड़ने के लिए लगातार चौथे दिन मंगलवार को भी पीला पंजा चला। जबकि दूसरी तरफ भारी पुलिस व्यवस्था के बावजूद स्थानीय महिलाओं व श्रद्धालुओं का विरोध भी जारी है। मंगलवार का दिन हनुमान जी का होने के चलते मौके पर मौजूद महिलाओं ने मंदिर के दरवाजे के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ पढ़कर अपना भारी विरोध दर्ज करवाया। लोगों ने डीडीए पर आरोप लगाया कि इस प्रकार की कार्रवाई हिंदुओं के साथ अन्याय के बराबर है। वही दूसरी तरफ डीडीए ने स्पष्ट किया है कि यह तोड़फोड़ की कार्रवाई माननीय न्यायालय के आदेश के पालन के रूप में एमसीडी कर रही है। वहीं लोगों ने पूछा कि जिस समय यहां मंदिर का निर्माण शुरू हुआ था उस समय डीडीए की आंखें बंद क्यों थी। डीडीए का कहना है कि दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश डीडीए की जमीन पर अवैध रूप से बने मंदिर को तोड़ा जा रहा है, मंदिर पिछले 10 वर्षों से सील था। बता दें कि डीडीए आठ मई 2025 से मंदिर को तोड़ने की कार्रवाई कर रहा है। रविवार व सोमवार दो दिनों की छुट्टी की वजह से कार्रवाई रुकी हुई थी। लेकिन मंगलवार को पुन दो बुलडोजर की सहायता से मंदिर को तोड़ने की कार्रवाई की गई। विरोध प्रदर्शन को देखते हुए चौथे दिन भी पुलिस व अर्धसैनिक बल मौके पर तैनात रहा।




**खबर संक्षेप**

## सफाई कर्मचारियों ने झाड़ू प्रदर्शन किया



**फरीदाबाद।** नगरपालिका कर्मचारी संघ नगर निगम के कर्मचारियों ने हाथ में काले झंडे उल्टी झाड़ू लेकर शहर में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता प्रधान दलीप बोहत ने की एवं संचालन सफाई कर्मचारी यूनियन के सचिव महेन्द्र कुड़िया ने किया। संघ के जिला प्रधान दलीप बोहत ने कहा कि संघ के आह्वान पर 13 एवं 14 मई 2025 को नगरपालिका के कर्मचारी हाथों में काले झंडे लेकर विरोध प्रदर्शन 16 मई 2025 को करेंगे। एक दिवसीय क्रमिक भूख हड़ताल एवं 20 मई 2025 को सभी कर्मचारी करेंगे।

## राष्ट्र व्यापी हड़ताल को लेकर एटक ने की सभा



**गुरुग्राम।** एटक हरियाणा की आम परिषद् की मीटिंग व विशाल जनसभा राज्य अध्यक्ष कामरेड पहल सिंह तंवर की अध्यक्षता में हुई। जिसमें राष्ट्रीय महासचिव कामरेड अमरजीत कौर भी शामिल हुईं। सदस्यों ने 20 मई की हड़ताल को कामयाबी के लिए प्रयासों से अवगत करवाया। मीटिंग में रोडवेज कर्मचारी संगठन, रिटायर कर्मचारी संगठन , भवन निर्माण संगठन, आंगनवाड़ी संगठन, हरियाणा महिला सभा आदि ने भाग लिया।

## नशा तस्करों को किया गिरफ्तार, स्मैक बरामद



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद. पुलिस उपायुक्त क्राइम मुकेश कुमार द्वारा दिए गए दिशा.निर्देश के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए क्राइम ब्रांच बॉर्डर की टीम ने आरोपी राहुल व अंशु को नशा तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच एनआईटी की टीम ने गस्त के दौरान गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए आरोपी राहुल दिल्ली से व अंशु विवेकानन्द पार्क के पास से काबू कर 13.88 ग्राम स्मैक बरामद की गई है।

## 5 देसी कट्टा बरामद एक आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर 48 की टीम ने 5 देसी कट्टा बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। टीम को एक व्यक्ति द्वारा देसी कट्टा बेचने बारे सूचना प्राप्त हुई। जिस पर कार्यवाही करते हुए अपराध शाखा ने निर्भय कुमार गाड़ी सहित काबू किया। आरोपी की जेब से एक देसी कट्टा व गाड़ी के अंदर रखे गेहूं के बोरा से चार देसी कट्टा बरामद हुए।

# केन्द्र सरकार आतंकवाद को किसी कीमत पर सहन नहीं करेगा

**पूर्व शिक्षा मंत्री व जाट संस्था ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

आपरेशन सिन्दूर की सफलता और देश के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए एनएचपांच ए ब्लॉक स्थित काली माता मंदिर में हनुमान सेवा दल के सहयोग से प्रदेश की पूर्व शिक्षा मंत्री श्रीमती सीमा त्रिखा द्वारा सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर पूर्व शिक्षा मंत्री श्रीमती सीमा त्रिखा ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले का जिस प्रकार से भारतीय सेना ने पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक कर आतंकी ठिकानों को तबाह किया है, उसने यह साबित कर दिया कि आज का केन्द्र सरकार आतंकवाद को किसी कीमत पर सहन नहीं करेगा।

जिस प्रकार से भारतीय सेना ने पूरे दमखम के साथ पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब दिया है, उसने हर भारतीय का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है और इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरगामी सोच को जाता है, जिन्होंने भारतीय सेना ने पाकिस्तान को उसी की भाषा में जवाब दिया। नतीजतन पाकिस्तान को दो ही दिनों में सीजफायर के लिए घुटने टेकने पड़े।



### शहीदों की आत्मा की शांति के लिए मौन रखा

इधर जाट संस्था फरीदाबाद प्याली चौक के प्रागंण में आम सभा की मीटिंग रखी गई। इस मीटिंग अध्यक्ष शमशेर कादियान को बनाया। संस्था के महासचिव रामनिवास केंदल ने बताया कि पहलगाम हुए आत्मघाती हमले में तथा आपरेशन सिंदूर के दौरान जो बहादुर सैनिक शहीद हुए है। उनकी आत्मा की शांति के लिए जाट समाज के सभी सदस्यों ने शहीदों की याद में दो मिनट का मौन धारण किया और श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्रधान आजाद सिह सांगवान ने बड़े गर्व से कहा कि हमारे भारत की दो बेटी कमांडर व्योमिका सिंह, कर्नल सोफिया कुरैशी ने आपरेशन सिंदूर को सफलता पूर्वक अंजाम तक पहुंचाया। जाट समाज भारतीय सेना की बहादूरी को सैल्यूट करता है।

# ग्रामीण क्षेत्रों की सफाई पर विशेष ध्यान दें अधिकारी

**जिला परिषद की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश**

राज्यमंत्री राजेश नागर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में हमें विशेष ध्यान देने की जरूरत है। हमारे देश की आत्मा गांवों में बसती है इसलिए ग्रामीण क्षेत्रों में साफ -सफाई का सबसे ज्यादा ध्यान रखा जाए। इसके साथ जो भी काम बताए जा रहे हैं उनको प्राथमिकता से पूरा कराया जाए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

मंगलवार को लघु सचिवालय में आयोजित जिला परिषद की बैठक में हरियाणा के खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्यमंत्री राजेश नागर की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें परिषद के चेयरमैन विजय लोहिया व सीईओ सतबीर मान भी मौजूद रहे। बैठक में राज्यमंत्री राजेश नागर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में हमें विशेष ध्यान देने की जरूरत है। हमारे देश की आत्मा गांवों में बसती है इसलिए ग्रामीण क्षेत्रों में साफ -सफाई का सबसे ज्यादा ध्यान रखा जाए। इसके साथ जो भी काम बताए जा रहे हैं उनको प्राथमिकता से पूरा कराया जाए। उन्होंने कहा कि जानबूझकर की जाने वाली देरी को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने वैंगी स्कीम के तहत अलीपुर तिलौरी और भैंसरावली में विकास कार्य को तेज करने के निर्देश दिए और गोद लिए दो अन्य गांवों महावतपुर व बेला घुडासन के भी एस्टीमेट जल्द तैयार करने के लिए कहा।

मंत्री राजेश नागर ने बैठक से पहले ही अधिकारियों से अनेक जानकारियां मांगी थी जो सदन की बैठक में उपलब्ध करवाई गईं लेकिन मंत्री ने विकास कार्यों की धीमी गति पर असंतोष जताया।



उन्होंने खेत खलिहान स्कीम में बिना बात के जसाना, अल्लीपुर, महमूदपुर, अल्लीपुर तिल्लौरी के नाम काटने की शिकायत सदन में रखी और इन गांवों को भी विकास योजनाओं में शामिल करने के लिए कहा। उन्होंने अधिकारियों से शिवधाम योजना का स्टेटस भी मांगा और चल रहे और पूरे हुए कामों की पूरी सूची देने के लिए कहा। नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का पूरा ध्यान ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने पर है इसलिए कोई भी अधिकारी इस ओर कोताही न बरते। अधिकारियों ने मंत्री राजेश नागर को विकास कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने का आश्वासन दिया।

## बरसाती मौसम से पहले नालों और सीवरों की सफाई करवाएं अधिकारी

- सीएम कर रहे निगरानी लापरवाही बरतने पर होगी कार्यवाही
- नालों और सीवरों की सफाई कार्य की समीक्षा बैठक



बारिश के मौसम में जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो जिसके लिए डीसी विक्रम सिंह ने लघु सचिवालय के सभागार कक्ष में एमसीएफ, एफएमडीए, एनएचएआई एवं सिंचाई विभाग सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता कर अधिकारियों को जरुरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में अधिकारियों से शहर में चल रहे सभी मुख्य नालों एवं सीवरों तथा ड्रेनेज सिस्टम की सफाई के बारे में जानकरी ली, जिसमें अधिकारियों ने बताया की नालों एवं सीवरों की सफाई का कार्य निरंतर चल रहा है। इसके साथ ही जिन जगहों पर सफाई का कार्य रुका हुआ है, उसके लिए टेंडर जारी कर दिए गए है और जल्दी है उन स्थानों पर सफाई का कार्य शुरू हो जाएगा। डीसी ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार जिला फरीदाबाद में बरसाती मौसम में जल भराव की स्थिति उत्पन्न न हो इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से कदम उठाए जाए और साथ ही जिला के सभी मुख्य नालों और ड्रेनेज सिस्टम की सफाई सुनिश्चित की जाए। इसकी निगरानी स्वयं मुख्यमंत्री निरंतर कर रहे हैं। लापरवाही बरतने पर सम्बंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्यवाही भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर इस कार्य की निरंतर समीक्षा के लिए सप्ताह के हर मंगलवार को एक समीक्षात्मक बैठक की जाएगी।

**वीडियो-फोटो बनाने का लगाया आरोप**

# साजिशन 3 युवकों को दुष्कर्म के झूठे मामले में फंसाने वाली गैंगेस्टर युवती गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

कविनगर पुलिस ने मंगलवार को एक ऐसी गैंगेस्टर युवती को गिरफ्तार किया है, जिसने तीन लोगों पर साजिश रचकर दुष्कर्म के झूंठे मामले में फंसा दिया। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद तीनों युवकों को निर्दोष बताया है एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि 8 में को इस युवती ने थाना मधुबन बापू धाम में एक रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिसमें उसने आरोप लगाए थे कि विनीत गर्ग व अन्य लोगों ने पूर्व में खाने में कोई नशीला पदार्थ खिलाकर बलात्कार किया। साथ ही इन आरोपियों ने युवती की नग्न फोटो व वीडियों बना लिया था। जिस वीडियो को लेने के लिए युवती को विनीत गर्ग ने पहलवान ढाबा पर मिलने के लिए बुलाया था। विनित गर्ग दो अज्ञात लोगों के साथ गाड़ी में अंदर आने को कहा। अपनी वीडियो



व फोटो लेने वह गाड़ी के अंदर चली गई। जहां पर विनीत गर्ग ने अपने दोस्तों के साथ वादिया के साथ बलात्कार कर मधुबन बापूधाम जंगल में फेंक दिया। युवती की शिकायत पर एफआईआर अंकित किए किए गए थे।

### मेडिकल रिपोर्ट में आन्तरिक बाह्य चोट नहीं

उन्होंने बताया कि विवेचना के क्रम में वादिया के 180 बीएनएसएस के बयान और मेडिकल कराया गया। जिसमें युवती के साथ कोई आन्तरिक बाह्य चोट नहीं दर्शाई गई है। और न ही किसी जोर जबरदस्ती के निशान शरीर पर पाए गए। युवती के 183 बीएनएसएस के बयान न्यायालय के समक्ष किये गये। जिसके बयानों के अवलोकन से घटना के समय व 183 बीएनएसएस के बयानों से भिन्नता पायी । घटनास्थल का निरीक्षण किया गयो तो सीसीटीवीवी में घटना के समय वादिया पहलवान ढाबे पर आती हुई दिखाई दी है जिसके द्वारा वहाँ पर अकेले ही खाना खाया गया है तथा खाना खाने के बाद युवती होटल से बाहर अकेली निकली है। कोई उसके साथ नहीं निकला और न ही किसी नें उसको गाडी में बैठाया है। नामजद आरोपियों की सीडीआर निकलवायी गयी तो दिनांक 05मई को रात्री में घटना के समय वादिया एवं प्रतिवादी की लोकेशन एक साथ नहीं है ।दोनों के लोकेशन अलग अलग स्थान की है जिससे यह प्रमाणित होता है कि वादिया ने सोच समझकर प्रतिवादी को फंसाकर पैसा वसूलने के लिए झूठा अभियोग पंजीकृत कराया है। युवती को सदरपुर गेट चौकी क्षेत्र बापूधाम के पास से गिरफ्तार किया गया है।

**समस्याओं का जल्द होगा समाधान**

# व्यापारियों की समस्याओं को दूर करने लगाए जाएंगे कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

निगम कमिश्नर धीरेन्द्र खड़गटा से हरियाणा व्यापार मंडल फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष राम जुनेजा और फरीदाबाद एवं बल्लभगढ़ के व्यापारियों ने मुलाकात की। व्यापारियों ने निगम कमिश्नर से साल 1968 में सरकार द्वारा लीज पर दी गई दुकानों को फ्री होल्ड करने की मांग रखी इसके अलावा व्यापारियों में मूलभूत सुविधाओं में आने वाली समस्याओं को भी निगम कमिश्नर के सामने रखा। निगम कमिश्नर धीरेंद्र खड़गटा ने व्यापारियों को आश्वासन दिया की फरीदाबाद बल्लभगढ़ शहर की मार्किट को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए प्लान तैयार किया जाएगा और मार्किट में लीज की दुकानों को फ्री होल्ड करने की मांग पर भी विभाग के अधिकारियों के साथ



बैठक करने के बाद समस्त जानकारी मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। निगम कमिश्नर धीरेन्द्र खड़गटा ने कहा की व्यापारियों को मार्किट में आने वाली समस्याओ को दूर करने के लिए अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं ।

उन्होंने सभी व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि वे भी अपनी दुकानों के सामने डस्टबिन रखें और कूड़े को इधर उधर ना फैलने दें जल्द ही मार्किट में कूड़ा उठाने के लिए कचरा उठाने वाली गाड़ी शुरू हो जाएगी उसी में कचरा डालने का काम करें।

निगम कमिश्नर ने कहा की मार्किट में व्यापार मंडल के साथ मिलकर छोटी छोटी समस्याओं को दूर करने के लिए कैंप भी लगाए जाएंगे ताकि मोके पर ही व्यापारियों की समस्याओं का समाधान हो सके।

# हथियार के बल पर बाइक छीनने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद पुलिस द्वारा लगातार अपराधियों पर कार्रवाई की जा रही हैए इसी कड़ी में कार्रवाई करते हुए कट्टा के बट्ट से हमला करके मोटरसाईकिल छीनने के मामले में आरोपी साहिल व शिवम को क्राइम ब्रांच सेक्टर-30 की टीम ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बॉबी निवासी शास्त्री कालोनी पल्ला फरीदाबाद ने थाना पल्ला में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 22 अप्रैल को रात करीब 3 बजे अपने घर से ग्यासी की कोठी पर जा रहा था तभी रास्ते मे आशीष जाट व उसके एक दोस्त ने उसे रोक लिया व देसी कट्टा के बट्ट से हमला कर उसकी मोटरसाईकिल छीन कर भाग गए। जिस संबंध में थाना पल्ला मे संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

उन्होंने आगे बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी साहिल निवासी सुर्या विहार व शिवम निवासी सूर्या विहार पल्ला फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि 22 अप्रैल को रात अपने साथी आशीष के साथ मिलकर बॉबी ने उसको रास्ते मे रोक लिया था तथा शिकायतकर्ता पर हमला करके मोटरसाईकिल छीनकर व जान से मारने की धमकी देकर भाग गए थे।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **गार्गी उर्फ शालू,** पत्नी आशा राम, निवासी- वी-19, जी/एफ, नंगली राय पोल नं. जेकेपीपी948, नई दिल्ली ने **सीटी केसेस 830/2018 धारा 135 भारतीय विद्युत अधिनियम थाना जनकपुरी, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गार्गी उर्फ शालू** मिल नहीं रही और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गार्गी उर्फ शालू** फ़रार हो गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही है)। इस लिए इस के द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **गार्गी उर्फ शालू, सीटी केसेस 830/2018 धारा 135 भारतीय विद्युत अधिनियम थाना जनकपुरी, नई दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 09.07.2025 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री विनोद कुमार मीना**
अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (दक्षिण पश्चिम)
विशेष न्यायालय (बिजली), न्यायालय संख्या 609
द्वारका न्यायालय, दिल्ली

DP/5755/WD/2025


**देशराज देशी को श्रदांजलि के लिए देने के लिए उमड़े शहर के लोग**

# पार्टी का सच्चा सिपाही और नेक दिल इंसान थे देशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

भाजपा के संस्थापक सदस्यों में से एक व पंजाबी महासभा के अध्यक्ष दिवंगत देशराज देसी की शोक सभा में पूरा शहर उमड़ पड़ा। जीटी रोड स्थित आर के बैंकट हॉल में भारतीय जनता पार्टी के तमाम छोटे बड़े नेताओं ने देश कादेशी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें पार्टी का सच्चा सिपाही और नेक दिल इंसान बताया।

भाजपा नेताओं ने उनके कई संस्मरण भी सुनाएं। उनका बेबाक



अंदाज को सराहा।

इस मौके पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने उनके संस्मरण सुनाते हुए कहा कि देशराज देसी पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता के साथ-साथ एक नेक दिल इंसान थे। ऐसे लोग सदियों में पैदा होते हैं। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि देशराज देशी के जो मन में रहता था वही ऊपर रहता था। वह एक साफ हृदय के व्यक्ति थे । पार्टी के लिए हुए पूरी तरह समर्पित थे। मंत्री बालेश्वर त्यागी ने कहा कि उनका बहुत लगाव रहा था। देशी जैसा समर्पण शायद ही किसी पार्टी के कार्यकर्ता में मिले ।

उन्होंने कहा कि आजकल पार्टी में अपनों को दिए जाने का रिवाज चल पड़ा है जो पार्टी के लिए समर्पित है। उसकी अपेक्षा की जाती है । उन्हें उन्होंने भविष्य में अपेक्षा की की अपनों को छोड़कर जनप्रतिनिधियों को पार्टी कार्यकर्ताओं को सम्मान देना होगा।

### नेताओं ने संस्मरण सुनाए

महापौर सुनीता दयाल,मुरादनगर के विधायक अजित पाल त्यागी,पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री बलदेव शर्मा,पूर्व महापौर आशा शर्मा,आशु वर्मा, भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल,वरिष्ठ नेता महेश गोयल,पूर्व विधायक कृष्णवीर सिंह सिरोही, पूर्व पार्षद हिमांशु लव,सुनील यादव, सतीशचौपड़ा, चंद्रप्रकाश अरोड़ा,राजेन्द्र त्यागी,शिक्षाविद सरदार जोगेंद्र सिंह बग्गू,गुलशनभामरी,वरिष्ठ पत्रकार राधारमण, सलामत मियां,फरमान अली,दीपक भाटी,पूर्व डीएस पी योगेश पाठक,समाजसेवी राजू मल्होत्रा, यशपाल सोनी, यशमित सिंह,जगदीश साधना,राजेन्द्र नागर,नदीम।कुरैशी आदि ने देशी को अपनी श्रद्धाजंलि दी।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका सफीदों | एम.सी. सफीदों में वार्ड नं. 4 में पुरानी चुंगी से रामकिशन के मकान तक आरसीसी ड्रेन का निर्माण + 13 कार्य। | 12.05.2025 19.05.2025 | 2.42 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9050097957 secy-safidon@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/34725/1/88/7 दि. 13.05.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद नारनौल | एम.सी. नारनौल में निकलने वाले नगरीय ठोस कचरे का प्रसंस्करण। | 12.05.2025 09.06.2025 | 935.43 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466427222 eemcnarnaul@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/34727/1/88/7 दि. 13.05.25

**खबर संक्षेप**

## शामली की सावी जैन ने देशभर में किया टॉप



**शामली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है और इस बार शामली जिले ने देशभर में नाम रोशन किया है। शामली की सावी जैन ने 500 में से 499 अंक हासिल कर ऑल इंडिया टॉपर का खिताब अपने नाम किया है। सावी स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा हैं। उनके पिता अंकित जैन स्थानीय स्तर पर फर्नीचर शोरूम संचालित करते हैं।

जबकि उनकी माता कविता जैन गृहिणी हैं।

## रेंट एग्रीमेंट के नियमों में यूपी में हुआ बदलाव



**लखनऊ।** फ्लैट-मकान आदि को किराए पर देने की पक्की लिखी-पढ़ी (रजिस्टर्ड एग्रीमेंट) के लिए अब आपको मामूली धनराशि ही खर्च करनी पड़ेगी। राज्य सरकार रेंट एग्रीमेंट (किराया अनुबंध) को पंजीकृत कराने पर लगने वाली स्टांप ड्यूटी को काफी हद तक कम करने जा रही है। एक लाख रुपए तक के वार्षिक किराए वाले एक वर्ष के रेंट एग्रीमेंट को सिर्फ 500 रुपए में ही पंजीकृत कराया जा सकेगा।

## पहले बर्खास्त फिर अनिवार्य सेवानिवृत्ति



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस आनंद सेन की अदालत ने दुर्व्यवहार के मामले में सुनवाई करते हुए केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के एक मृत जवान की बर्खास्तगी को बदलते हुए उसे अनिवार्य सेवानिवृत्ति माना है। जब याचिकाकर्ता के पति का निधन हो चुका है,तो फिर से अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं हो सकती है। इसलिए बर्खास्तगी की सजा को अनिवार्य सेवानिवृत्ति में बदला जाता है।

## बिहार में भाजपा की तिरंगा यात्रा आज से

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाएंगे नेता

### पार्टी के वरिष्ठ नेता 23 मई तक पूरे राज्य में यात्रा का नेतृत्व करेंगे

बिहार में भाजपा बुधवार से अगले 10 दिनों तक तिरंगा यात्रा निकालेगी। इस दौरान पार्टी के नेता जनता के पास जाकर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाएंगे।

एजेंसी ▶▶ पटना

भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की ओर से देश भर में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। बिहार में बीजेपी की तिरंगा यात्रा बुधवार (14 मई) से शुरू होगी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस दौरान पार्टी के नेता और कार्यकर्ता गांव, शहर, कस्बों में जाकर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाएंगे। बिहार में कुछ ही महीने बाद विधानसभा चुनाव भी होने हैं, ऐसे में यह यात्रा अहम मानी जा रही है।

**दिया जाएगा राष्ट्रप्रेम और एकता का संदेश**



कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पीएम मोदी के आतंकवादियों को उनके सुरक्षित ठिकानों में खत्म करने के संकल्प का स्पष्ट प्रदर्शन है। बीजेपी के सभी सांसद, विधायक, जिलाध्यक्ष और ब्लॉक अध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रों और निर्वाचन क्षेत्रों में 'तिरंगा यात्रा' का समन्वय करेंगे। पार्टी के वरिष्ठ नेता 23 मई तक पूरे राज्य में यात्रा का नेतृत्व करेंगे। जायसवाल ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से भाजपा लोगों तक पहुंचकर ऑपरेशन सिंदूर और देश की सुरक्षा और संप्रभुता के लिए इसके महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाएगी। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने इस यात्रा के जरिए पार्टी को राजनीतिक लाभ मिलने के दावे को खारिज कर दिया।

### गुरुवार को राज्य के सभी मंडलों में यह यात्रा निकाली जाएगी

बिहार भाजपा के अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाने के लिए बुधवार को राज्यव्यापी 'तिरंगा यात्रा' शुरू की जाएगी। गुरुवार को राज्य के सभी मंडलों में यह यात्रा निकाली जाएगी और शुक्रवार से इसे ब्लॉक स्तर पर आयोजित किया जाएगा।कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न समुदायों के लोगों से जुड़ना है ।

## सीएम ने की अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक

# यूपी में बर्ड फ्लू की आहट, योगी आदित्यनाथ ने किया हाई अलर्ट!

यूपी में बर्ड फ्लू के संक्रमण की आशंका के मद्देनजर सीएम योगी के निर्देश दिए है कि सभी प्राणी उद्यानों में बर्ड फ्लू से सुरक्षा के लिए उच्चतम सतर्कता बरती जाए। सभी वन्य जीवों और पक्षियों की जांच की जाए और भोजन को जांच के बाद ही उन्हें खिलाया जाए। सीएम ने यह भी निर्देश दिए हैं कि सभी कर्मचारियों को पीपीई किट सहित जरूरी सुरक्षा उपकरण भी दिए जाएं

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

प्रदेश में एच 5 एवियन इंफ्लुएंजा (बर्ड फ्लू) संक्रमण की आशंका को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संबंधित अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि प्रदेश के सभी प्राणी उद्यानों, पक्षी विहारों, नेशनल पार्कों, वेटलैंड क्षेत्रों और गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित पशु-पक्षियों की सुरक्षा सबसे अधिक प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस संक्रमण को रोकने के लिए केंद्र व राज्य सरकार की गाइडलाइनों के अनुरूप सभी आवश्यक कदम तत्परता से उठाए जाएं।

मुख्यमंत्री ने निर्देशित करते हुए कहा कि प्राणी उद्यान परिसरों को लगातार समय समय पर सैनेटाइज किया जाए और आवश्यकता पड़ने पर ब्लो टॉर्चिंग की प्रक्रिया भी अपनाई जाए। साथ ही सभी वन्य जीवों और पक्षियों की जांच की जाए और उनके आहार की पूरी जांच के बाद ही उन्हें खाना दिया जाए।



### बागपत में बर्ड फ्लू निगरानी के लिए 5 टीमों का गठन

गोरखपुर में शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणी उद्यान में बाघिन की मौत के बाद बागपत में अधिकारियों को अलर्ट कर दिया गया। सीवीओ डॉ. अरविंद त्रिपाठी ने बर्ड फ्लू को लेकर विदेशी पक्षियों व पोल्ट्री फार्मों की सर्विलांस के लिए पांच टीम गठित कर सतर्क रहने का निर्देश दिया है।

### पोल्ट्री फ़ार्म की निगरानी बढ़ाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सभी पोल्ट्री फार्मों की मानकों के अनुरूप विशेष निगरानी की जाए और पोल्ट्री उत्पादों के आने जाने पर लगातार नियंत्रण रखा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि एच 5 एवियन इंफ्लुएंजा के मनुष्यों पर पड़ने वाले प्रभावों की भी स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से गहन समीक्षा की जाए ताकि संक्रमण की कोई भी कड़ी इंसानों तक न पहुंच पाए।

### संस्थानों से रखें संपर्क

सीएम ने कहा कि केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण, नई दिल्ली, राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, स्वास्थ्य मंत्रालय, मत्स्यपालन एवं डेयरी विभाग, भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, इज्जतनगर (बरेली) आदि से लगातार संपर्क बनाकर सुझाव लिए जाएं और आवश्यकता के अनुसार काम किया जाए। अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिला प्रशासन, सीएमओ व मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के बीच समन्वय हो।

### सभी कर्मचारियों को मिलेगी पीपीई किट

मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि सभी कर्मचारियों को एवियन इंफ्लुएंजा से संबंधित विस्तृत जानकारी दी जाए और उन्हें पीपीई किट सहित आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाएं। बाड़ों में नियुक्त कर्मचारियों की ड्यूटी इस जोखिम के स्तर को ध्यान में रखते हुए तय की जाए। राज्य के सभी पोल्ट्री फार्मों की मानकों के अनुरूप विशेष निगरानी की जाए और पोल्ट्री उत्पादों के आवागमन पर सतत नियंत्रण रखा जाए।

## चुनाव से पहले सीएम नीतीश ने दी ढेर सारी खुशखबरी

# 48 विकासात्मक योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास



एजेंसी ▶▶ भागलपुर

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भागलपुर स्थित सैण्डिस कंपाउंड में 20862.25 लाख रुपये की लागत से 48 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 4502.79 लाख रुपए की लागत से 32 योजनाओं का उद्घाटन तथा 16359.46 लाख रुपए की लागत से 16 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। इसके पश्चात मुख्यमंत्री भागलपुर जिला अंतर्गत जगदीशपुर प्रखंड के खिरीबांध पंचायत स्थित मुखेरिया ग्राम में डॉ. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान अन्तर्गत आयोजित विशेष विकास शिविर में शामिल हुए विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। अवलोकन के क्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को मुख्यमंत्री ने सांकेतिक चेक, स्वीकृति पत्र एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया।

### सांकेतिक चेक आदि लाभुकों को प्रदान किया

सीएम ने वासगीत पर्चा, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना का सांकेतिक चेक, सतत जीविकोपार्जन योजना का प्रशस्ति पत्र, कुशल युवा कार्यक्रम का प्रमाण पत्र, स्पॉन्सरशिप योजना का सांकेतिक चेक, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की चावी, मुख्यमंत्री अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना का सांकेतिक चेक आदि लाभुकों को प्रदान किया। खेलो इंडिया में भाग लेने आए प्रतिभागियों का भी सीएम ने उत्साहवर्धन किया।

### हाथ हिलाकर सीएम का किया अभिवादन

शिविर में बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों का मुख्यमंत्री ने हाथ हिलाकर अभिनंदन किया और लोगों ने ताली बजाकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। महिलाओं ने मुख्यमंत्री को स्मृति चिह्न भेंटकर उनका स्वागत किया।

## पेज एक का शेष

### सीबीएसई 12वीं...

हुईं थीं, इनमें दसवीं में तकरीबन 23 लाख 72 हजार छात्रों ने एग्जाम दिया था, इनमें तकरीबन 22 लाख 22 हजार छात्र पास हुए हैं। खास बात ये है कि पिछले साल से इस साल हाईस्कूल का रिजल्ट 0.6% ज्यादा रहा है। इस बार 93.66% छात्र पास हुए हैं, जबकि पिछली बार यह आंकड़ा 93.60% ही था। ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित डीपीएस स्कूल के छात्र आरव मल्होत्रा ने 10वीं में ऑल इंडिया टॉप करके पूरे जिले, प्रदेश व देश में अपने परिवार का नाम रोशन किया है। बताया गया कि आरव मल्होत्रा ने सीबीएसई 10वीं में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त करके ऑल इंडिया टॉप किया है। इस बार 10वीं में कुल 93.66 प्रतिशत स्टूडेंट्स पास हुए हैं। पिछले साल से इस बार रिजल्ट प्रतिशत अधिक रहा है।

**इन बेटियों ने किया टॉप:** उत्तर प्रदेश के जनपद बुलंदशहर में डीपीएस स्कूल की छात्रा रिदिमा सिंह ने इंटरमीडिएट परीक्षा में 99.6 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले का नाम रोशन कर दिया है। 500 में से 498 अंक प्राप्त कर रिदिमा ने जिले में टॉप किया है। रिदिमा को गणित, अंग्रेजी समेत चार विषयों में पूरे 100 में से 100 अंक प्राप्त हुए हैं। वहीं इतिहास विषय में उन्हें 100 में से 98 अंक मिले हैं। इस शानदार प्रदर्शन के बाद रिदिमा न सिर्फ अपने स्कूल की, बल्कि पूरे जिले की शान बन गई हैं। शामली मैं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में कक्षा 12वीं की छात्रा शावी जैन ने ऑल इंडिया टॉप किया है। इन्होंने 500 में से 499 अंक हासिल किए हैं। शावी शामली के स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा हैं। प्रिंस एकेडमी की खुशी शेखावत 499/500 (99.80%) अंकों के साथ ऑल इंडिया टॉपर बताई जा रही हैं। खुशी ने हिस्ट्री में 100/100, पॉलिटिकल साइंस में 100/100, ज्योग्राफी में 100/100, पेंटिंग में 100/100 और इंग्लिश में 99/100 अंक हासिल किए हैं। खुशी ने कक्षा नर्सरी से 12वीं तक की पूरी स्कूलिंग प्रिंस एकेडमी, सीकर में की है। खुशी के पिता दिलीप सिंह शेखावत भारतीय सेना से रिटायर्ड है जबकि माता संजु कंवर गृहणी है। खुशी मूलतः ढोलास, लक्ष्मणगढ़, सीकर की रहने वाली है और वर्तमान में परिवार सहित धोद रोड, सीकर में रहती हैं। खुशी भविष्य में भारतीय प्रशासनिक सेवा में जाकर आमजन की सेवा करना चाहती है।

**मेरिट लिस्ट जारी नहीं होगी :** सीबीएसई बोर्ड मेरिट लिस्ट जारी नहीं करता है। इसके अलावा रिजल्ट में कोई टॉपर भी घोषित नहीं किया जाता है। बोर्ड सभी स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों को ये निर्देश भी देता है कि किसी भी बच्चे को स्कूल या जिले का टॉपर घोषित न करें।

### हम घर में घुसकर मारेंगे...

आदमपुर एयरबेस की खासियत : आदमपुर एयरबेस वायुसेना का एक ऐतिहासिक एयरबेस है। जिसके पीछे पाकिस्तान से लगी भारत की आईबी से महज 100 किलोमीटर की दूरी (हवाई संदर्भ में) पर इसका स्थित होना नहीं है। बल्कि दुश्मन के साथ 1965 और 1971 की लड़ाई में उसे बुरी तरह से धूल चटाने से जुड़ी हुई इसकी अहम भूमिका का भी है। एयरबेस के तहत आने वाले इलाके के लिहाज से आदमपुर वायुसेना का दूसरा बड़ा बड़ा एयरबेस है। जिसे मिग-29 लड़ाकू विमानों और एस-400 सिस्टम का मूल तैनाती ठिकाना कहा जाता है। पाक के साथ उक्त दोनों लड़ाइयों में मिग-29 विमानों का प्रयोग किया गया था। पंजाब के अलावा यह लड़ाकू विमान श्रीनगर एयरबेस पर भी तैनात हैं। जंग या सैन्य संघर्ष की स्थिति में बल के जंगी बेड़े में शामिल हथियारों को आवश्यकता के हिसाब से कभी भी कहीं पर भी तैनात किया जा सकता है।

### 25 मिनट में आतंकियों...

ने कहा कि आप सभी ने करोड़ों देशवासियों के साथ-साथ हर भारतीय की मां को गौरवान्वित किया है। आपने इतिहास रचा है। मैं आपको देखने के लिए आज सुबह आपके बीच आया हूं।

### विदेश सचिव विक्रम मिस्री...

आईके गुजराल, मनमोहन सिंह और नरेंद्र मोदी जैसे तीन तीन प्रधानमंत्रियों के निजी सचिव की हैसियत से काम कर चुके विक्रम मिस्री को सोशल मीडिया पर इस तरह अपमानजनक तरीके से सोशल मीडिया यूजर्स बर्ताव कर रहे हैं! जब कि सभी को पता है कि मिस्री केंद्र सरकार के फैसलों की जानकारी बस मीडिया तक पहुंचाने की जिम्मेदारी निभा रहे थे। संघर्ष विराम या संघर्ष जारी रखना इसका फैसला सरकार करती है, नौकरशाह नहीं!

**अवांछित हमले अत्यंत खेदजनक: आईएएस एसोसिएशन :** आईएएस एसोसिएशन ने एक बयान जारी कर मिस्री और उनके परिवार के साथ एकजुटता व्यक्त की। उन्होंने कहा, ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का पालन करने वाले सिविल सेवकों पर अवांछित व्यक्तिगत हमले अत्यंत खेदजनक हैं। हम सार्वजनिक सेवा की गरिमा बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आईपीएस एसोसिएशन ने भी इस ट्रोलिंग को निंदनीय बताया और मिस्री के पेशेवर रवैये की सराहना की। पूर्व विदेश सचिव निरुपमा मेनन राव ने मिस्री और उनके परिवार के खिलाफ की गई अभद्रता को अत्यंत शर्मनाक करार दिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि मिस्री एक समर्पित और ईमानदार राजनयिक हैं, जिन्होंने देश की सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। अन्य वरिष्ठ नौकरशाहों ने भी मिस्री के 35 साल के कूटनीतिक करियर की प्रशंसा की, जिसमें उन्होंने बेल्जियम, अमेरिका, पाकिस्तान, ट्यूनीशिया और चीन जैसे देशों में भारतीय मिशनों में काम किया।

**सपा प्रमुख और ओवैसी ने किया समर्थन :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने मिस्री का समर्थन करते हुए कहा कि वे एक ईमानदार और मेहनती डिप्लोमैट हैं, जो देश के लिए अथक काम करते हैं। कांग्रेस नेता राजीव शुक्ला ने भी ट्रोलर्स की निंदा की और मिस्री की देशभक्ति पर सवाल उठाने वालों को आड़े हाथों लिया। भाजपा ने भी मिस्री के खिलाफ अभद्र टिप्पणियों की निंदा की और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आतंकियों को सजा देने का वादा पूरा किया गया, जिसमें मिस्री ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**ट्रोलिंग को अनुचित और गैर-जिम्मेदाराना बताया :** सीपीआई(एम) नेता जॉन ब्रिटास ने एक पत्र लिखकर मिस्री और उनके परिवार पर हुए 'शातिर और सुनियोजित साइबर हमलों' की जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि यह न केवल एक व्यक्ति पर हमला है, बल्कि देश की नौकरशाही और कूटनीतिक प्रणाली की गरिमा पर भी प्रहार है। कई पत्रकारों ने मिस्री के समर्थन में लेख और पोस्ट लिखे, जिसमें उन्होंने ट्रोलिंग को अनुचित और गैर-जिम्मेदाराना बताया। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने मिस्री और उनके परिवार के खिलाफ ट्रोलिंग को निंदनीय बताया और इसकी जांच की मांग की।

### भारतीय न्यायपालिका...

जस्टिस गवई का परिवार भी कांग्रेस पार्टी से जुड़ा रहा है। उन्होंने इस बात को खुले तौर पर स्वीकार किया है और जुलाई 2023 में उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से जुड़े एक मामले से खुद को अलग करने की पेशकश की थी। गौर हो कि जस्टिस केजी बालाकृष्णन 2007 में दलित वर्ग से देश के पहले सीजेआई बने थे।

**पिता ने आरपीआई (गवई) की स्थापना की थी :** जस्टिस गवई, रामकृष्ण सूर्यभान गवई (1929-2015) के पुत्र हैं, जो बाबासाहेब आंबेडकर के करीबी सहयोगी और नागपुर में दीक्षाभूमि स्मारक समिति के अध्यक्ष थे। अपने अनुयायियों और प्रशंसकों के बीच दादासाहेब कहे जाने वाले वरिष्ठ गवई 1964 से 1998 तक महाराष्ट्र की राजनीति में सक्रिय रहे और उन्होंने आंबेडकरवादी संगठन, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (गवई) की स्थापना की।

### उच्च-स्तरीय बैठक से रक्षा...

साथ ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और उसके साथ नए युग के युद्ध में सेनाओं द्वारा सैन्य तकनीकी श्रेष्ठता के माध्यम से प्रदर्शित की गई भारत की शक्ति और राष्ट्रीय संकल्प को खुले अंदाज में साझा किया। इन सबके बीच संघर्षविराम के बाद भारत-पाक सीमा पर लगातार दूसरे दिन फिलहाल शांति रही। लेकिन जम्मू-कश्मीर के शोपियां में एक मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकियों को मौत के घात उतार दिया।

**पीएम के संपर्क में रक्षा मंत्री और सीडीएस :** रक्षा मंत्रालय ने तस्वीरों के माध्यम से 13 मई को हुई बैठक के बारे में जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि बीते 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के बाद से नई दिल्ली में लगातार उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठकों की कवायद जारी है। जिसमें खुद प्रधानमंत्री रक्षा मंत्री, एनएसए, सीडीएस और तीनों सशस्त्र सेनाप्रमुखों के साथ बातचीत कर रहे हैं। इसमें सामूहिक बैठक के अलावा देश के शीर्ष सैन्य नेतृत्व के साथ किया गया पीएम का वन टू वन संवाद भी शामिल है। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के पूरी तरह से खत्म होने तक बैठकों की यह प्रक्रिया भविष्य में भी जस की तस जारी रह सकती है।

**सेनाओं ने प्रदर्शित की तकनीकी श्रेष्ठता :** पोस्ट के मुताबिक, संयुक्तता और एकीकरण के माध्यम से ऑपरेशन सिंदूर में समन्वित बल का प्रयोग किया गया। जिसमें गति के साथ प्रभावशीलता प्रदर्शित की गई। लेफ्टिनेंट जनरल राणा ने विदेशी अधिकारियों के समक्ष स्पेस, साइबर और इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर के विशिष्ट गैर-गतिज डोमेन में बनी हुई सशस्त्र सेनाओं की तकनीकी श्रेष्ठता पर भी प्रकाश डाला। पाकिस्तान द्वारा चलाए जा रहे भारत विरोधी दुष्प्रचार अभियान और क्षेत्रीय शांति व स्थिरता पर इसके प्रभाव का विश्वसनीय रिकॉर्ड भी सभी के सामने रखा। भारत के दृष्टिकोण को साझा किया। जिसने तेजी के साथ पाक के झूठे दावों को तत्काल रूप से गलत साबित किया।

### चीन, तुर्किये का...

इसके अलावा उन्होंने नए युग में सैन्य श्रेष्ठता के माध्यम से भारत द्वारा प्रदर्शित की गई शक्ति और राष्ट्रीय संकल्प के बारे में भी जानकारी दी। लेफ्टिनेंट जनरल राणा ने विदेशी अधिकारियों को बताया कि आतंकवादियों और उनसे जुड़े लक्ष्यों पर निशाना साधने के लिए उक्त अभियान चलाया गया था। जिसमें एकीकृत गहन बहुआयामी ऑपरेशन के जरिए निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सेनाओं द्वारा सटीक और त्वरित प्रतिक्रिया की गई।

## कई विस्फोट सुने गए

# कलक्टरगंज गल्ला मंडी में लगी भीषण आग, 5 झुलसे

एजेंसी ▶▶ कानपुर

कलक्टरगंज गल्ला मंडी में दोपहर बाद भीषण आग लग गई। बाजार की करीब सौ दुकानें आग की चपेट में बताई जा रही हैं। आग इतनी भीषण है कि धुआं 12 किमी दूर कल्याणपुर में देखा जा रहा है। दमकल की एक दर्जन गाड़ियां आग बुझाने में लगी हैं। आला अधिकारी मौके पर हैं। छह लोगों के झुलसने की सूचना है, जिन्हें उर्सला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों की संख्या में वृद्धि हो सकती है।पूरे क्षेत्र की बिजली बंद कर दी गई है।कलक्टर गंज थाना क्षेत्र के घनी आबादी और व्यावसायिक गतिविधियों से भरे क्षेत्र दाल मंडी में भीषण अग्निकांड ने पूरे इलाके में



दहशत फैला दी। दोपहर लगभग 2:45 बजे अचानक आग भड़क उठी। चंद मिनटों में ही लपटों ने आसपास के कई गोदामों और दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग लगने के बाद चारों ओर घना काला धुआं छा गया। धुएं का प्रभाव सेंट्रल रेलवे स्टेशन क्षेत्र तक फैल गया। स्टेशन के आस-पास के यात्री और स्थानीय निवासी भी इस धुएं की वजह से घबरा गए।

## 5 महीने में चौथा दौरा

# कांग्रेस की चुनावी तैयारी को धार देने फिर बिहार आ रहे राहुल गांधी

एजेंसी ▶▶ पटना



बिहार में कांग्रेस की चुनावी तैयारियों को धार देने एक बार फिर से कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बिहार दौरे पर आ रहे हैं। बीते 5 महीनों में ये चौथा दौरा होगा। शिक्षा न्याय संवाद में शामिल होने कांग्रेस नेता राहुल गांधी 15 मई को बिहार आएंगे। वो दरभंगा में छात्रों से संवाद करेंगे। ठीक उसी समय राज्य में 60 अलग - अलग जगहों पर कांग्रेस के राष्ट्रीय स्तर के नेता शिक्षा न्याय संवाद में भाग लेंगे।

एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पटना में महिला, दलित, अल्पसंख्यक सहित अन्य छात्रावासों में जाएंगे, और हर वर्ग के विद्यार्थियों से बात करेंगे। इसके अलावा गया में पार्टी पदाधिकारियों से भी मिलेंगे।

इस साल राहुल गांधी ने हर महीने बिहार का दौरा किया है। 18 जनवरी, 4 फरवरी और 7 अप्रैल को राहुल गांधी बिहार दौरे पर आ चुके हैं। सिर्फ मार्च को छोड़कर और अब एक बार फिर से 15 मई को बिहार आ रहे हैं। इससे पहले बेगूसराय में कन्हैया कुमार की नौकरी दो, पलायन रोको यात्रा में राहुल गांधी शामिल हुए थे। चुनाव की तैयारियों में कांग्रेस पूरी मजबूती से जुटी हुई है। ऐसे में राहुल गांधी का ये दौरा कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नया जोश भरने का काम करेगा।



# युग का 'कराटे किडः लीजेंड्स' से होगा डेब्यू

**मुंबई।** हॉलीवुड फिल्मों 'द लॉयन किंग' और 'मुफासा' में अभिनेता शाहरुख खान के अपने बेटों के साथ मुख्य किरदारों की डबिंग करने के बाद अब अभिनेता अजय देवगन अपने बेटे युग के साथ ऐसा ही कुछ हॉलीवुड की नई फिल्म 'कराटे किडः लीजेंड्स' में करने जा रहे हैं। इस फिल्म के हिंदी संस्करण में अजय देवगन मिस्टर हान की आवाज बनेंगे जबकि उनके बेटे युग देवगन को ली फॉन्ग की आवाज के रूप में सुना जा सकेगा। ये फिल्म इसी महीने रिलीज हो रही है। हॉलीवुड फिल्मों के डब संस्करणों की भारत में हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम में भी खूब लोकप्रियता रही है।

लाइफ Style



# सामंथा
## मुझमें नहीं थी आगे बढ़ने की हिम्मत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सामंथा रुथ प्रभु एक बेहतरीन अभिनेत्री होने के साथ-साथ अपनी बातों को खुलकर रखने के लिए भी जानी जाती हैं। वो अपने तलाक से लेकर अपने स्वास्थ्य तक पर खुलकर बोलती हैं। अब अभिनत्री ने अपने उन दिनों को याद किया जब कुछ भी उनके पक्ष में नहीं जा रहा था और वो काफी परेशान थीं।


सामंथा ने बताया कि उस समय उन्हें सबसे बुरे ख्याल आते थे। फिर कैसे उन्होंने इस पर काबू पाया और इससे उन्हें क्या सीखने को मिला, इसके बारे में भी उन्होंने बात की। हाल ही में गलाटा प्लस के साथ बातचीत में सामंथा ने अपने परेशान करने वाले दौर का जिक्र किया। अभिनेत्री ने कहा, 'मुझे याद है कि एक बार मैं वाकई में उस मोड़ पर पहुंच गई थी, जहां मैंने सोचा था कि बस मैं अब और नहीं कर सकती। मेरे मन में सबसे बुरे विचार आए। जाहिर है कि मुझमें आगे बढ़ने और ऐसा करने की हिम्मत नहीं थी। यह एक साल तक कठिन था। ऐसा कुछ भी नहीं था जो काम कर रहा था, कोई जवाब नहीं दिया जा रहा था।' सामंथा ने इन विचारों पर काम न करने और उनसे निपटने के लिए क्या किया और कैसे इनसे पीछा छुटाया, इसको लेकर भी बात की। उन्होंने कहा, 'मैंने स्पष्ट रूप से हिम्मत नहीं हारी, क्योंकि इन विचारों पर काम करने के लिए आपके पास बहुत हिम्मत होनी चाहिए। इसलिए मैंने सोचा मुझे किसी तरह इस सबसे बचने का तरीका ढूंढना होगा। साथ ही अपने जीवन में और चीजों के बारे में सोचना शुरू करना होगा। अब, जब लोग कहते हैं कि वे कठिन समय से गुजर रहे हैं, तो मैं वास्तव में उन्हें इससे गुजरने के लिए कहती हूं। इससे हमेशा कुछ न कुछ सीखने को मिलता है।

## हॉलीवुड मसाला



# 'एफ-1' का हिंदी ट्रेलर हुआ रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** निर्देशन जोसेफ कोसिंस्की की बहुप्रतिक्षित हॉलीवुड फिल्म 'एफ1' का हिंदी ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस फिल्म में ब्रैड पिट के अलावा कई स्टार्स नजर आए। एफ1 एक अमेरिकी स्पोर्ट्स एक्शन ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म की कहानी एरेन क्रूगर और जोसेफ ने मिलकर लिखी है। इस फिल्म में फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियनशिप को दिखाया गया है, जिसे एफआईए के सहयोग से बनाया गया है। फिल्म में ब्रैड पिट, डैमसन इदरीस, केरी कॉन्डन, टोबियास मेंजीस, किम बोडनिया और जेवियर बार्डेम ने अभिनय किया है।



# रॉबर्ट डी नीरो 'पाल्मे डी ओर' से होंगे सम्मानित

**लॉस एंजिल्स।** दिग्गज हॉलीवुड अभिनेता और निर्माता रॉबर्ट डी नीरो को 2025 के कान फिल्म फेस्टिवल में पाल्मे डी'ओर से सम्मानित किया जाएगा। रॉबर्ट डी नीरो को लाइफटाइम अचीवमेंट के तौर पर दिग्गज अभिनेता लियोनार्डो डिकैप्रियो द्वारा पाल्मे डी'ओर अवॉर्ड प्रदान किया जाएगा। ये सम्मान कान फिल्म फेस्टिवल के उद्घाटन समारोह में ही दिया जाएगा। डी नीरो अब तक दो ऑस्कर समेत कई अवॉर्ड्स को पहले ही अपने नाम कर चुके हैं। लियोनार्डो डिकैप्रियो द्वारा डी नीरो को ये सम्मान मिलना और भी खास है। क्योंकि, दोनों एकसाथ काम भी कर चुके हैं। डिकैप्रियो और डी नीरो ने पहली बार 1993 में आई फिल्म 'दिस बॉयज लाइफ' में साथ काम किया था। इसके बाद दोनों 'किलर्स ऑफ द फ्लावर मून' में फिर एक साथ नजर आए थे। जिसे 2023 के कान्स में आधिकारिक चयन में दिखाया गया था।



# शादी, धोखा, इंटीमेट से भरपूर थ्रिलर फिल्म

**नई दिल्ली।** मलयालम फिल्मों का तेलुगु दर्शकों के बीच एक खास आकर्षण होता है। स्टार हीरो न होने के बावजूद मजबूत कहानी वाली फिल्में तेलुगु में अच्छी प्रतिक्रिया पा रही हैं। हाल ही में थ्रिलर, हॉरर, रोमांटिक ड्रामा जॉनर की मलयालम फिल्में ओटीटी पर तहलमका मचा रही हैं। ऐसी ही एक नई मूवी है जिसका नाम है 'चतुरम'। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म साइना प्ले पर मौजूद है। इस फिल्म का तेलुगु डब टाइटल भी 'चतुरम' है। यह फिल्म साल 2022 में रिलीज हुई थी, जिसे खूब पसंद किया गया और आज भी एंटरटेनमेंट के लिए यह दर्शकों की अच्छी चॉइस बन रही है। बोल्ड रोमांटिक सस्पेंस थ्रिलर जॉनर में बनी इस फिल्म का डायरेक्शन सिद्धार्थ भारतन ने किया है। स्वासिका, रोशन मैथ्यू और अलेंसियर ले लोपेज जैसे सितरे अहम किरदारों में नजर आते हैं।



# आमिर- राजकुमार फिर मचाएंगे धमाल

**मुंबई।** '3 इडियट्स' और 'पीके' के बाद आमिर खान और राजकुमार हिरानी की जोड़ी एक बार फिर धमाल मचाने की तैयारी में है। 'पीके' 11 साल पहले आई थी, और अब यह सुपरहिट जोड़ी एक नई फिल्म में साथ नजर आ सकती है। दोनों के बीच एक फिल्म के लिए बात चल रही है। '3 इडियट्स' साल 2009 में आई थी, और यह ब्लॉकबस्टर रही थी और कई रिकॉर्ड बनाए गए थे। और फिर इसके पांच साल बाद यह जोड़ी 'पीके' के रूप में एक और सुपरहिट लेकर आई थी। तभी से फैंस आमिर खान और हिरानी की अगली फिल्म का इंतजार कर रहे थे। और अब इस पर बात बनती नजर आ रही है। राजकुमार हिरानी फिल्म के लिए 3 विचारों पर काम कर रहे थे, और उन्होंने एक सब्जेक्ट फाइनल कर लिया है। हिरानी ने इसके बारे में आमिर खान से चर्चा की।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस 19 और खतरों के खिलाड़ी पर संकट के बादल

नई दिल्ली। टीवी के दो बड़े और पॉपुलर शोज बिग बॉस और खतरों के खिलाड़ी के फैंस के लिए एक निराश करने वाली खबर सामने आ रही है। विवादास्पद रिएलिटी शो 'बिग बॉस' और एडवेंचर शो 'खतरों के खिलाड़ी' इस साल शायद ही ऑन-एयर हो पाए। यानी जिन शोज का दर्शक बेसब्री से इंतजार करते हैं, उनके नए सीजन को लेकर अब अनिश्चितता की स्थिति बन गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक 'बिग बॉस' और 'खतरों के खिलाड़ी' के प्रोड्यूसर 'बानी जे एशिया' ने खुद को कलर्स चैनल से अलग कर लिया है। पिछले काफी समय से चैनल और प्रोड्यूसर के बीच मतभेद की खबरें लगातार सामने आ रही थीं और अब रिपोर्ट्स की मानें तो प्रोड्यूसर ने चैनल से मुंह फेर लिया है। यानी इस साल बिग बॉस और रोहित शेट्टी के शो खतरों के खिलाड़ी के नए सीजन को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। बता दें दोनों ही रियलिटी शोज कलर्स चैनल पर हर साल एक तय समय पर प्रसारण होते थे, लेकिन अब यह परंपरा टूट सकती है। इस पूरे विवाद पर अभी तक चैनल या प्रोडक्शन हाउस की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि हालिया महीनों में क्रिएटिव मतभेद और बजट को लेकर खींचतान इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्षों ने अलग होने का फैसला कर लिया। फैंस के लिए यह खबर निश्चित ही किसी झटके से कम नहीं है।

## टीवी के महादेव को ऐसे मिली थीं उनकी पार्वती


**नई दिल्ली।** टीवी के पॉपुलर एक्टर मोहित रैना 'देवों के देवः महादेव' से छोटे पर्दे पर छा गये थे। इस सीरियल में वह मसल्स वाले महादेव की भूमिका में नजर आए थे। इस शो के बाद उनके फैंस को उनमें महादेव की छवि नजर आने लगी थीं। मोहित ने साल 2004 में टीवी शो अंतरिक्ष से अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। वह बंदिनी सीरियल में भी नजर आए थे, लेकिन देवों के देव महादेव उनका सबसे पॉपुलर टीवी शो है। यह शो तीन साल तक चला था. मोहित रैना की पर्सनल लाइफ की बात करें तो उन्होंने अदिति शर्मा से शादी रचाई थी. आइए जानते हैं महादेव मोहित को कैसे मिली उनकी 'पार्वती'? मोहित की अदिती शर्मा से मुलाकात दोस्तों के जरिए हुई थी। अदिती नॉन-फिल्मी बैकग्राउंड से हैं. दोस्तों के बीच मिलने के बाद दोनों ने एक-दूजे को ज्यादा समय देना शुरू कर दिया. अच्छे दोस्त बनने के बाद दोनों के अंदर एक-दूजे के लिए फीलिंग जगने लगी। मोहित ने दोस्ती के रिश्ते को प्यार में बदलने के लिए एक कदम आगे बढ़ाया। एक इंटरव्यू में मोहित ने बताया था, मैं दोस्तों के बीच उनसे मिला था, मैं हमेशा से कहता हूं, 'जो चाहो देखो, जो चाहो पाओ'।



# भारत की पहली हॉरर मूवी 76 साल पहले हुई थी रिलीज

**नई दिल्ली।** सिनेमा की दुनिया में हॉरर का अपना ही एक रसूख है। हॉरर फिल्में डराती भी हैं और ये खूब पसंद भी की जाती हैं। लेकिन आप भारत की पहली हॉरर फिल्म का नाम जानते हैं? अगर नहीं तो हम आपको बताते हैं। भारत में हॉरर फिल्मों की शुरुआत 1949 में रिलीज हुई 'महल' फिल्म से मानी जाती है। कमल अमरोही निर्देशित यह फिल्म ना सिर्फ अपने समय की सुपरहिट फिल्म थी, बल्कि इसने भारतीय दर्शकों को रहस्य और भूत-प्रेत की कहानियों से रूबरू भी कराया था। 'महल' को बॉम्बे टॉकीज ने प्रोड्यूस किया था, और यह अपने समय की सबसे महंगी फिल्मों में से एक थी।

**फिल्म का बजट :** 'महल' का निर्माण उस समय के हिसाब से बड़े पैमाने पर किया गया था। बताया जाता है कि उस समय फिल्म पर लगभग 12 लाख रुपए (आज के हिसाब से 12-14 करोड़ रुपए) का खर्च आया था. जो 1940 के दशक के लिए एक बड़ी रकम थी। फिल्म का भव्य सेट, शानदार सिनेमैटोग्राफी और मधुबाला जैसे बड़े सितारों की मौजूदगी ने इसे एक महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट बनाया। कमल अमरोही ने कहानी को रहस्यमय और मनोवैज्ञानिक थ्रिलर के रूप में प्रस्तुत किया, ये जॉनर उस समय भारतीय सिनेमा में नया था।



## बॉक्स ऑफिस कलेक्शन

'महल' ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया। फिल्म ने भारत में लगभग 25 लाख रुपए (आज के हिसाब से 200 करोड़ रुपए) की कमाई की, जो उस समय के लिए एक रिकॉर्ड था। दर्शकों ने मधुबाला और अशोक कुमार की जोड़ी को खूब सराहा, और फिल्म के गाने, जैसे आएगा आनेवाला, आज भी क्लासिक माने जाते हैं। इसकी सफलता ने हॉरर और सस्पेंस को भारतीय सिनेमा में स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई।

# कश्मीर पर आधारित फिल्में, जिन्होंने हसीन वादियों के साथ दिखाया खून का मंजर...

*नई दिल्ली। पहलगाम हमले के कुछ दिनों बाद, भारत और पाकिस्तान के बीच ऑपरेशन सिंदूर का संघर्ष चल रहा है। कश्मीर पर बनीं कुछ फिल्मों और टीवी सीरीज में भी कश्मीर की हसीन वादियों से लेकर खून तक का मंजर दिखाया गया है। फिल्म रोजा' में हसीन वादियां दिखाई गईं, तो वहीं द कश्मीर फाइल्स में वहां की वास्तविकता से पर्दा उठाया गया।*


### 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक'

विक्की कौशल अभिनत फिल्म 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' 2016 के उरी हमले




और उसके बाद भारत की सर्जिकल स्ट्राइक पर आधारित है। 'हाउज द जोश? हाई सर" डायलॉग के साथ इस फिल्म ने दर्शकों का दिल जीता। इसे आप जी5 और डिजनी + डॉटस्टार पर देख सकते हैं। इस फिल्म में उरी में हुई वास्तविक घटनाओं को पेश किया किया।

### रोजा



'रोजा' 1992 की एक रोमांटिक थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन और सह-लेखन मणिरत्नम ने किया है। फिल्म में अरविंद स्वामी और मधु ने मुख्य भूमिका निभाई है। फिल्म की कहानी की तरह ही फिल्म का संगीत लोगों के दिलों को छू गया। फिल्म का संगीत एआर रहमान ने तैयार किया। मणिरत्नम की यह फिल्म एक प्रेम कहानी है, जो कश्मीर के तनावपूर्ण माहौल में पनपती है।



### हैदर

जम्मू-कश्मीर की एक और दमदार कहानी शाहिद कपूर की हैदर के रूप में सामने आई है। शाहिद कपूर अभिनीत फिल्म 'हैदर' शेक्सपियर के 'हेमलेट' से प्रेरित है। यह कश्मीर की राजनीति और एक बेटे की अपने पिता के गायब होने के पीछे के रहस्यों की खोज की कहानी है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### द कश्मीर फाइल्स

कश्मीरी पंडितों के पलायन पर आधारित है फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स'। भले ही इस फिल्म को विवादास्पद करार दिया गया हो, लेकिन 'द कश्मीर फाइल्स' ने कई घटनाओं से पर्दा उठाया है। इस फिल्म में अनुपम खेर के अभिनय की जमकर तारीफ हुई। इसे आप जी5 पर देख सकते हैं।



## 78वां कान फिल्म फेस्टिवल का हुआ आगाज, 24 मई तक चलेगा यह इवेंट

# आलिया करेंगी डेब्यू; ऐश्वर्या से लेकर करण जौहर तक आएंगे नजर

*पेरिस। मंगलवार 13 मई 2025 से कान फिल्म फेस्टिवल की शुरुआत हो चुकी है, यह इवेंट 24 मई तक चलेगा। 78वां कान फिल्म फेस्टिवल में भारतीय फिल्म जगत के भी कई चर्चित चेहरे अलग-अलग श्रेणियों में फिल्म फेस्टिवल में रौनक बिखरेंगे।*

### आलिया का कान में डेब्यू



78वें कान में आलिया भट्ट, ऐश्वर्या राय बच्चन और फिल्म निर्माता पायल कपाड़िया सहित कई चर्चित भारतीय फिल्म हस्तियां अलग-अलग श्रेणियों में भाग लेंगी। यूं तो इस फिल्म फेस्टिवल में सबकी निगाहें ऐश्वर्या राय पर रहती हैं। वे करीब 20 साल से भी अधिक समय से इस फेस्टिवल में हिस्सा लेती आ रही हैं। मगर, इस बार आलिया भट्ट भी नजर आएंगी। आलिया भट्ट इस बार कान फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू कर रही हैं। वे कान के रेड कार्पेट पर लोरियल पेरिस की ग्लोबल एंबेसडर के तौर पर नजर आएंगी। इनके अलाव जैकलीन फर्नांडिस और उर्वशी रौतेला के भी शामिल होनी की खबर है।

### शर्मिला टैगोर भी लेंगी हिस्सा



अभिनेत्री शर्मिला टैगोर और सिमी ग्रेवाल सत्यजीत रे की 1970 की क्लासिक फिल्म 'अरण्येर दिन रात्रि' के रिस्टोर वर्जन की स्पेशल स्क्रीनिंग में शामिल होंगी। वहीं, अनुपम खेर निर्देशित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' कान फिल्म बाजार में प्रदर्शित की जाएगी। ऐसे में अनुपम भी फेस्टिवल में हिस्सा ले सकते हैं।



***जूरी सदस्यों में शामिल पायल कपाड़िया :*** इस बार यह भारतीय सिनेमा के लिए कान में गर्व का पल है। दरअसल, पिछले साल की ग्रैंड प्रिक्स विजेता फिल्म 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' की निर्देशक पायल कपाड़िया इस बार कान फेस्टिवल में जूरी सदस्यों में शामिल हैं।

***कान में पहली बार दिखाई गई यह भारतीय फिल्म :*** 1946 में जब कान की शुरुआत हुई थी तभी से भारतीय फिल्में वहां दिखाई जाने लगी थीं। कान में सबसे पहले भारतीय फिल्म 'नीचा नगर' दिखाई गई थी। फिल्म 'नीचा नगर' ने पहली बार अपनी उपस्तिथि कान में दर्ज कराई थी। इस फिल्म को 'ग्रांड प्रिक्स डू फेस्टिवल इंटरनेशनल डू फिल्म' के अवार्ड से नवाजा गया था। बता दें कि ग्रांड प्रिक्स कान फिल्म फेस्टिवल का एक पुरस्कार है, जो प्रतिस्पर्धी फीचर फिल्मों में से एक को फेस्टिवल की ज्यूरी द्वारा दिया जाता है।



***सिमी ग्रेवाल ने अपने कान रेड कार्पेट लुक की दिखाई झलक :*** निर्देशक सत्यजीत रे की फिल्म 'अरण्येर दिन रात्रि(1970)' के रीस्टोर वर्जन की स्क्रीनिंग कान फिल्म फेस्टिवल में होने वाली है।

### नीरज घेवन की 'होमबाउंड' की कास्ट

इस बार कान फिल्म फेस्टिवल में नीरज घेवन की फिल्म 'होमबाउंड' का भी चयन हुआ है। फेस्टिवल में फिल्म की कास्ट मौजूद रहेगी। निर्माता करण जौहर भी शामिल होंगे। इनके अलावा दोनों मुख्य कलाकार जान्हवी कपूर और ईशान खट्टर भी नजर आएंगे। इस फिल्म का प्रीमियर अन सर्टेन रिगार्ड सेक्शन के तहत होगा।



### इंफ्लुएसंर पारुल गुलाटी भी होंगी शामिल

नितांशी गोयल के अलावा कान फिल्म फेस्टिवल में इंफ्लुएंसर, एक्ट्रेस और बिजनेस वूमेन पारुल गुलाटी भी शामिल होंगी, उनका भी इस फिल्म फेस्टिवल में यह डेब्यू है। पारुल गुलाटी 15 से 18 मई तक रेड कार्पेट पर नजर आएंगी। पारुल गुलाटी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फ्रांस से कुछ तस्वीरें भी हैं। साथ ही एक कैप्शन भी लिखा है, 'दिसंबर 2021 में मैं फ्रांस में वेब सीरीज 'मेड इन हेवन' की शूटिंग कर रही थी और मेरे पास शूटिंग से एक दिन की छुट्टी थी। मुझे पता चला कि कान फिल्म फेस्टिवल वाली जगह बस एक घंटे की दूरी पर है। मैं एक बस में चढ़ गई और वहां पहुंच गई। दुख की बात है कि उस दिन वहां बैरिकेड्स लगे हुए थे और मैं रेड कार्पेट या कान थिएटर की सीढ़ियों पर कदम नहीं रख सकी।



मुख्यमंत्री ने की उज्जैन में की सिंहस्थ के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा

## साधु और श्रद्धालुओं की आस्था को सर्वोपरि रख कर करें सभी कार्य

# सिंहस्थ केवल मध्यप्रदेश की ही नहीं बल्कि पूरे विश्व की शानः डॉ. यादव

### सिंहस्थ कार्यों की मॉनिटरिंग में करें आधुनिक तकनीक का प्रयोग

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि 'सिंहस्थ केवल मध्यप्रदेश का नहीं, बल्कि पूरे विश्व की शान है।' हमारा उद्देश्य है कि सिंहस्थ के माध्यम से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिले और इस आयोजन का लाभ लंबे समय तक आमजन तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ-2028 की तैयारी में साधु-संत और श्रद्धालुओं की भावनाओं को सर्वोपरि रखकर कार्य योजना को पूर्ण किया जाए। मुख्यमंत्री सोमवार को उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य प्रशासनिक संकुल भवन कलेक्टर



कार्यालय में सिंहस्थ - 2028 के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी कार्य समय-सीमा में गुणवत्ता और मापदंडों के अनुसार हो। सभी कार्यों में निर्माण एजेंसियां समन्वय बनाकर कार्य करें, जिससे श्रद्धालुओं को सिंहस्थ-2028 का अनुभव आस्थामय, भव्य और अलौकिक हो।

### संत स्वयं तप कर सबके जीवन को करते हैं ज्ञान-आनंद से प्रकाशितः मुख्यमंत्री

- मुख्यमंत्री ने उज्जैन में संत कंवरराम की प्रतिमा का किया अनावरण
- गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के प्रमाण-पत्रों का किया वितरण




भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि संतो का जीवन और आदर्श हमेशा अनुकरणीय होते हैं। संत कंवरराम ऐसे ही एक महान संत थे। डॉ यादव ने सोमवार को उज्जैन की सिंधी कॉलोनी, अलखधाम नगर के सार्वजनिक उद्यान में संत कंवरराम की प्रतिमा के अनावरण समारोह में यह बात कही। उन्होंने समर्थ सेवा संस्थान द्वारा आयोजित दिव्यांगजनों को निःशुल्क हवाई यात्रा करवाने पर बने गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड के प्रमाण-पत्र का वितरण भी किया। डॉ यादव ने कहा कि संत कंवरराम ने लोगों को सच्चाई और नैतिकता के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। वे सबको साथ में लेकर चलने में विश्वास रखते थे। इस उद्यान में संत कंवरराम की प्रतिमा स्थापना से सबको उनका आशीर्वाद मिलता रहेगा।

मुख्यमंत्री ने नगरपालिका निगम के अधिकारियों से कहा कि उद्यान का नियमित रुप से रख-रखाव किया जाए। उन्होंने अलखधाम नगर के उद्यान को आदर्श उद्यान बनाए जाने के लिए शासन की ओर से सहयोग राशि प्रदान करने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दिव्यांगजनों को निःशुल्क धार्मिक यात्रा के प्रमाण-पत्र वितरित किए। डॉ यादव ने कहा कि दिव्यांगजनों की सेवा ईश्वर की सेवा के समान है।

## भगवान बुद्ध के आदर्शों का अनुसरण करने वाला एकमात्र देश है भारत

- समता मूलक समाज, प्रेम करुणा और सत्य की आधारशिला पर ही समाज की तरक्की संभव
- मुख्यमंत्री ने बुद्ध पूर्णिमा पर भगवान बुद्ध को नमन कर अर्पित किए पुष्प

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भगवान बुद्ध के जीवन से ज्ञान लेकर हम सारे भारतीय आगे बढ़ रहे हैं। विश्व बंधुत्व को अपनाते हुए प्रेम ,करुणा, सत्य, समता के भाव को आगे बढा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन के अशोक बुद्ध विहार में बुद्ध पूर्णिमा के पावन पर्व पर भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर भारती बौद्ध महासभा की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने बताया कि मप्र में सांची, बुद्ध धर्मावलंबियों के लिए महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है। उनके लिए सांची आना सौभाग्य की बात है। बुद्ध सर्किट में सांची का प्रमुख स्थान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खगोल विज्ञान के अनुसार निर्धारित की गई तिथि, पूर्णिमा अपने आप में महत्वपूर्ण स्थान रखती हैं। पूर्णिमा पर भगवान बुद्ध और संत रविदास के साथ ही अन्य बड़े संत, महात्माओं का जन्म हुआ है।



## सीएम नवनियुक्त मंडल पदाधिकारियों के परिचय कार्यक्रम में शामिल हुए

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को उज्जैन के आस्था गार्डन में उज्जैन नगर के नवनियुक्त मण्डल पदाधिकारियों के परिचय व स्वागत कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भाजपा करोड़ों कार्यकर्ताओं और सदस्यों के समर्पण से ही विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त पदाधिकारीगणों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संगठन की सुदृढ़ता और केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की जनसेवा के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्य करें।

मृतका के शरीर पर मिले चोट के निशान

## संदिग्ध हालत में फंदे पर लटका मिला बुजुर्ग महिला का शव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

पसान थाना क्षेत्र के ग्राम खम्हरिया में एक बुजुर्ग महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। महिला सोनकुंवर (70) अपनी बेटी और दामाद के साथ रहती थी। दामाद श्रवण सिंह पोर्ते और उनकी पत्नी रामकुमारी सोमवार को सिलपहरी में एक रिश्तेदार के विवाह समारोह में शामिल होने गए थे। महिला घर पर अकेली थी और तेंदूपत्ता की गड्डी तैयार कर रही थी। रात करीब 12:30 बजे दंपती घर लौटा तो बुजुर्ग महिला का शव साड़ी के सहारे फांसी के फंदे पर लटका मिला। श्रवण ने तुरंत ग्रामीणों को सूचना दी और सुबह पसान थाने में पुलिस को घटना की जानकारी दी। थाना प्रभारी श्रवण विश्वकर्मा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच में मामला संदिग्ध प्रतीत हुआ। पुलिस ने फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम को बुलाया। कोरबा से सीन ऑफ क्राइम मोबाइल यूनिट के वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. सत्यजीत सिंह कोसरिया, डॉ. राजश्री प्रधान, आरक्षक हेमंत चौहान और राजेश कुमार चंद्रा ने शव का बारीकी से निरीक्षण किया। जांच में वृद्धा के बाएं कान के नीचे और चेहरे पर गंभीर चोट के निशान मिले। साथ ही रक्तस्राव के स्पष्ट निशान दिखाई दिए। इससे प्रथम दृष्टया हत्या कर शव को फंदे पर लटकाने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने डॉग स्क्वायड की सहायता भी ली। पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फोरेंसिक एक्सपर्ट और डॉग स्क्वायड की मदद से मामले की गहन जांच जारी है।

### अज्ञात मासूम का शव मिला

*कबीरधाम। पांडातराई थाना क्षेत्र अंतर्गत घोघरा नदी में मंगलवार को लगभग छह-सात साल के एक अज्ञात बालक का शव मिला है। शव मिलने के बाद गांव में हड़कंप मच गया। पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा है। शव की पहचान व परिजनों के आने के बाद पोस्टमार्टम किया जाएगा। पुलिस को हत्या की आशंका है। पोस्टमार्टम के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सके। बालक ने काले रंग की टी-शर्ट और काले रंग की हाफ पैंट पहन रखी है। पुलिस ने क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि यदि किसी भी थाना क्षेत्र में इस आयु का कोई बालक गुमशुदा है या कोई व्यक्ति इस बालक की पहचान करता हो तो तत्काल पांडातराई थाना प्रभारी के मोबाइल नंबर 9770716233 व कबीरधाम पुलिस कंट्रोल रूम 9479192499 से संपर्क कर सकते हैं।*

रानचिरई थाना क्षेत्र के ग्राम चिचबोड़ की घटना

## हत्या के मामले में पांच नाबालिग सहित आठ धराए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

रानचिरई थाना क्षेत्र के ग्राम चिचबोड़ में 19 वर्षीय युवक राम प्रसाद की हत्या के मामले में पुलिस ने आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें पांच नाबालिग और तीन बालिग शामिल हैं। सभी आरोपी राजनांदगांव जिले के बसंतपुर थाना क्षेत्र के निवासी हैं, जो बालोद में एक बारात में शामिल होने आए थे। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। बालोद पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल ने बताया कि हत्या का कारण मोबाइल और 500 रुपये को लेकर हुआ विवाद था। बरात में आए एक लड़के का मोबाइल गुम हो गया था, जिसे 500 रुपये देने के बाद वापस कर दिया गया। इसके बाद भी आरोपियों ने साजिश रचकर राम प्रसाद की चाकू, हाथ और मुक्कों से बेरहमी से हत्या कर दी। हत्या की सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई शुरू की। बारातियों को ग्रामीणों ने रोक रखा था, जिससे पुलिस को घटनास्थल की बारीकी से जांच और आरोपियों को पकड़ने में आसानी हुई। मृतक राम प्रसाद दुल्हन के भाई का दोस्त था और शादी समारोह में शामिल था। हत्या के बाद शादी का माहौल मातम में बदल गया। पुलिस को तुरंत सूचना दी गई, और शव को रात में ही मर्चुरी में रखवा दिया गया।

## अपना दल (एस) का चिंतन शिविर 18 को, प्रदेश प्रभारी भी आएंगे

- राष्ट्रीय महासचिव युवा मंच डॉ. पटेल समेत समस्त पदाधिकारी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अपना दल (एस) का चिंतन शिविर आगामी 18 मई को भोपाल में आयोजित होने जा रहा है। इस कार्यक्रम में पहली बार प्रदेश प्रभारी के रूप में राष्ट्रीय महासचिव आरबी सिंह पटेल मप्र का दौरा करेंगे। यह चिंतन शिविर संगठन के आगामी रोडमैप, चुनावी रणनीति और संगठन विस्तार पर केंद्रित रहेगा। साथ ही राष्ट्रीय महासचिव युवा मंच डॉ. अखिलेश पटेल, प्रदेश और जिला स्तर के सभी प्रमुख पदाधिकारी इस चिंतन शिविर में



शामिल होंगे। चिंतन शिविर को लेकर राष्ट्रीय महासचिव आरबी सिंह पटेल ने कहा,मप्र में संगठन को मज़बूती देना हमारी पहली प्राथमिकता है। यह चिंतन शिविर सिर्फ रणनीति तय करने का मंच नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा देने का अवसर भी है।₹डॉ. अखिलेश पटेल ने युवाओं की भूमिका पर विशेष जोर देते हुए कहा, ₹मध्य प्रदेश में संगठन को नए सिरे से खड़ा करने की दिशा में युवाओं की भागीदारी सबसे अहम है। यह चिंतन शिविर हमारे लिए आत्मचिंतन के साथ-साथ नई ऊर्जा और दिशा प्राप्त करने का अवसर है।

बालको थाना क्षेत्र के लाल घाट का मामला

## तेज रफ्तार ट्रक ने ली दो की जान, एक गंभीर

कोरबा (हरिभूमि न्यूज)। जिले के बालको थाना क्षेत्र के लाल घाट में मंगलवार को एक भीषण सड़क हादसा हुआ। एक रेत से भरे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार तीन युवकों को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तुरंत जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। हादसा उस समय हुआ जब तीनों युवक लाल घाट के पास बाइक से गुजर रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक की रफ्तार इतनी तेज थी कि बाइक सवारों को संभलने का मौका नहीं मिला। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बालको थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की



तहकीकात में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि ट्रक चालक की तलाश जारी है और दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हादसे के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। गुस्साए लोगों ने सड़क जाम करने का प्रयास किया, जिससे कुछ समय के लिए यातायात बाधित हुआ। बालको थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर भीड़ को समझाया और स्थिति को नियंत्रित किया। काफी प्रयासों के बाद सड़क पर आवागमन बहाल हो सका। स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया कि रेत से भरे ट्रक कहां से आ रही थी और क्या यह रेत तस्करी का मामला है।


## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृत्ति | चलने के दिन | चलने के तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04088 | नई दिल्ली | 15:50 | पटना जंक्शन | 08:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04087 | पटना जंक्शन | 12:00 | नई दिल्ली | 04:40 | | | 11.07.2025 तक |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | शेखपुरा | 05:00 | द्वि-साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04063 | शेखपुरा | 07:00 | नई दिल्ली | 23:35 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जंक्शन | 22:00 | द्वि-साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04065 | सहरसा जंक्शन | 23:55 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 11:40 | त्रि-साप्ताहिक | सोमवार, बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04082 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | मंगल, गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04012 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | दरभंगा जंक्शन | 20:30 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04011 | दरभंगा जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 22:40 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04024 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | वाराणसी जंक्शन | 09:45 | त्रि-साप्ताहिक | सोम,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04023 | वाराणसी जंक्शन | 18:35 | दिल्ली जंक्शन | 08:50 | | मंगल,शुक्र,रवि | 11.07.2025 तक |
| 04026 | दिल्ली जंक्शन | 23:05 | रक्सौल जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04025 | रक्सौल जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 17:45 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04018 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04017 | मुजफ्फरपुर जं | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04020 | आनंद विहार (ट) | 19:30 | बरौनी जंक्शन | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04019 | बरौनी जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04070 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 23:30 | नई दिल्ली | 19:00 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04096 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | जयनगर | 12:00 | द्वि-साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04095 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार (ट) | 19:55 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04098 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | सीतामढ़ी | 02:30 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04097 | सीतामढ़ी | 03:45 | आनंद विहार (ट) | 01:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04030 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 04:30 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शनि | 17.05.2025 तक |
| 04029 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | बुध, रवि | 18.05.2025 तक |
| 04094 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04093 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04207 | लखनऊ जंक्शन | 08:05 | नई दिल्ली | 17:50 | साप्ताहिक | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04208 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ जंक्शन | 06:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04213 | अयोध्या कैंट | 18:20 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | त्रि-साप्ताहिक | रवि,मंगल,गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04214 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | | सोम,बुध,शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बडगाम | 20:20 | सप्ताह में 06 दिन | शुक्रवार को छोड़कर | 03.06.2025 तक |
| 04688 | बडगाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | 03.06.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जंक्शन | 06:25 | लखनऊ जंक्शन | 11:45 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ जंक्शन | 16:30 | वाराणसी जंक्शन | 21:50 | | | 30.06.2025 तक |
| 04219 | शाहगंज जंक्शन | 22:35 | अयोध्या धाम जंक्शन | 01:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम जंक्शन | 02:10 | शाहगंज जंक्शन | 04:40 | | | 10.07.2025 तक |
| 02270 | लखनऊ जंक्शन (वंदे भारत स्पेशल) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 06 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 11.07.2025 तक |
| 02269 | छपरा | 23:00 | लखनऊ जंक्शन | 06:30 | | | 11.07.2025 तक |
| 04604 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 18:15 | वाराणसी जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04603 | वाराणसी जंक्शन | 05:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 11:25 | | मंगलवार | 08.07.2025 तक |
| 04206 | वाराणसी जंक्शन | 14:50 | चंडीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 05.07.2025 तक |
| 04205 | चंडीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जंक्शन | 01:20 | | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04518 | भटिंडा जंक्शन | 20:50 | वाराणसी जंक्शन | 17:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04517 | वाराणसी जंक्शन | 20:40 | भटिंडा जंक्शन | 17:00 | | मंगल, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04209 | लखनऊ जंक्शन | 20:45 | चंडीगढ़ | 07:55 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,बुध,शुक्र | 09.07.2025 तक |
| 04210 | चंडीगढ़ | 10:20 | लखनऊ जंक्शन | 21:30 | | मंगल,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04504 | चंडीगढ़ | 23:35 | पटना जंक्शन | 22:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04503 | पटना जंक्शन | 22:45 | चंडीगढ़ | 23:10 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04302 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 15.07.2025 तक |
| 04301 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 15:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 14:20 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 04606 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 21:30 | गुवाहाटी | 19:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04605 | गुवाहाटी | 23:20 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 20:45 | | सोमवार | 02.06.2025 तक |
| 04610 | जम्मू तवी | 06:20 | वाराणसी जंक्शन | 05:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 09.07.2025 तक |
| 04609 | वाराणसी जंक्शन | 20:40 | जम्मू तवी | 07:45 | | शुक्रवार | 10.07.2025 तक |
| 04304 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | गोरखपुर | 06:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04303 | गोरखपुर | 09:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 00:55 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04602 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 15:10 | पटना जंक्शन | 18:00 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04601 | पटना जंक्शन | 20:50 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 23:55 | | गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जंक्शन | 20:10 | दरभंगा जंक्शन | 02:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04607 | दरभंगा जंक्शन | 04:00 | अमृतसर जंक्शन | 10:30 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04212 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | लोकमान्य तिलक | 14:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 23.06.2025 तक |
| 04211 | लोकमान्य तिलक | 16:35 | सुल्तानपुर जंक्शन | 23:00 | | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 05559 | रक्सौल जंक्शन | 09:30 | उधना जंक्शन | 12:35 | साप्ताहिक | शनिवार | 17.05.25 से 26.07.25 तक |
| 05560 | उधना जंक्शन | 15:35 | रक्सौल जंक्शन | 00:15 | | रविवार | 18.05.25 से 27.07.25 तक |
| 03255 | पटना जंक्शन | 22:20 | आनंद विहार (ट) | 18:35 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, गुरु | 02.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट) | 23:30 | पटना जंक्शन | 18:35 | | सोम, शुक्र | 03.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर जंक्शन | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | 08.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 17.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05306 | आनंद विहार (ट) | 22:10 | छपरा | 22:50 | | बुध, शनि | 19.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जंक्शन | 22:45 | दिल्ली जंक्शन | 12:50 | साप्ताहिक | गुरुवार | 06.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जंक्शन | 14:00 | गोरखपुर जंक्शन | 06:25 | | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01701 | जबलपुर | 19:40 | अयोध्या कैंट | 11:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01702 | अयोध्या कैंट | 13:30 | जबलपुर | 04:15 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 03309 | धनबाद जंक्शन | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 28.06.2025 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:30 | धनबाद जंक्शन | 14:00 | | बुध, रवि | 29.06.2025 तक |
| 02397 | गया | 14:15 | आनंद विहार (ट) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट) | 08:20 | गया | 00:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 28.07.2025 तक |
| 03697 | गया | 14:15 | दिल्ली जंक्शन | 07:45 | सप्ताह में 6 दिन | रवि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जंक्शन | 08:55 | गया | 00:30 | | सोम को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 05577 | सहरसा जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | सप्ताह में 5 दिन | गुरु, शनि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 05578 | आनंद विहार (ट) | 05:15 | सहरसा जंक्शन | 10:30 | | शनि, सोम को छोड़कर | 02.07.2025 तक |
| 02393 | राजेंद्र नगर | 20:10 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरुवार को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेंद्र नगर | 07:00 | | शुक्र को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 02877 | रांची | 23:55 | नई दिल्ली | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 02878 | नई दिल्ली | 04:00 | रांची | 05:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जंक्शन | 21:00 | अमृतसर जंक्शन | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 21.05.25 से 25.06.25 तक |
| 05735 | अमृतसर जंक्शन | 13:25 | कटिहार जंक्शन | 23:45 | | शुक्रवार | 23.05.25 से 27.06.25 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | वाराणसी जंक्शन | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09184 | वाराणसी जंक्शन | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03223 | राजगीर | 06:05 | हरिद्वार जंक्शन | 06:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 04324 | हरिद्वार जंक्शन | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार एम | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03222 | शहीद कप्तान तुषार एम | 03:15 | राजगीर | 15:00 | | बुधवार | 02.07.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 13:40 | अयोध्या धाम जंक्शन | 09:30 | साप्ताहिक | रविवार | 18.05.25 से 29.06.25 तक |
| 05741 | अयोध्या धाम जंक्शन | 11:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:30 | | सोमवार | 19.05.25 से 30.06.25 तक |
| 03311 | धनबाद जंक्शन | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जंक्शन | 09:00 | | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 05113 | छपरा | 15:45 | आनंद विहार (ट) | 14:25 | साप्ताहिक | बुधवार | 14.05.25 से 16.07.25 तक |
| 05114 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | छपरा | 14:00 | | गुरुवार | 15.05.25 से 17.07.25 तक |
| 05301 | मऊ जंक्शन | 04:00 | अंबाला कैंट | 00:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 15.05.25 से 17.07.25 तक |
| 05302 | अम्बाला कैंट | 01:40 | मऊ जंक्शन | 22:00 | | शुक्रवार | 16.05.25 से 18.07.25 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार एम | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 19.05.25 से 14.07.25 तक |
| 05194 | शहीद कप्तान तुषार एम | 00:10 | छपरा | 08:00 | | बुधवार | 21.05.25 से 16.07.25 तक |
| 07363 | हुब्बल्ली जंक्शन | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्ली जंक्शन | 06:30 | | गुरुवार | 27.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09101 | वडोदरा जंक्शन | 19:00 | हरिद्वार जंक्शन | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09102 | हरिद्वार जंक्शन | 17:20 | वडोदरा जंक्शन | 11:25 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07024 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 07621 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 08:45 | हजरत निजामुद्दीन | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 07622 | हजरत निजामुद्दीन | 21:40 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 00:35 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जंक्शन | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जंक्शन | 21:00 | | शनि, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | दिल्ली जंक्शन | 10:00 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 09004 | दिल्ली जंक्शन | 13:05 | मुंबई सेंट्रल | 13:30 | | बुध, शनि | 28.06.2025 तक |
| 09425 | साबरमती | 17:20 | हरिद्वार जंक्शन | 17:00 | द्वि–साप्ताहिक | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09426 | हरिद्वार जंक्शन | 21:00 | साबरमती | 22:30 | | शुक्र, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 06:35 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णों देवी कटरा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 13:55 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 01441 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | मंगलवार | 27.05.2025 तक |
| 01442 | हजरत निजामुद्दीन | 22:20 | पुणे | 02:45 | | बुधवार | 28.05.2025 तक |
| 01705 | जबलपुर | 15:45 | हरिद्वार जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01706 | हरिद्वार जंक्शन | 17:40 | जबलपुर | 17:50 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 07077 | चर्लपल्ली | 05:00 | देहरादून | 19:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 27.05.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लपल्ली | 22:30 | | गुरुवार | 29.05.2025 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# सफल 'ऑपरेशन सिंदूर' से सेना का मनोबल उच्च पर

पहलगाम में आतंकी हमले का बदला लेने के लिए पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद व पाक स्थित आतंकी ठिकानों के खात्मे के लिए शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर के प्रचंड सैन्य अभियान को अचानक संघर्ष विराम पर बनी सहमति के चलते रोकने के बाद सेना के मनोबल को ऊंचा बनाए रखना जरूरी था। सरकार ने यही किया। सेना के अफसर से लेकर विदेश व रक्षा मंत्रालय तक ने भारत व पाक के बीच अचानक संघर्ष विराम के ऐलान को लेकर सभी बिंदुओं पर विस्तार से देश को बताया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी राष्ट्र के नाम अपने संदेश में भारत के रुख को स्पष्ट किया। पीएम के राष्ट्र संदेश में पाकिस्तान को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि आतंकवाद के खिलाफ भारत कठोर एक्शन लेता रहेगा, पाकिस्तान की ओर से भारत के खिलाफ किसी भी आतंकी साजिश या घटना को अपने खिलाफ युद्ध मानेगा, परमाणु बम हमले की ब्लैकमेलिंग नहीं चलेगी। भारत आतंकवाद के खात्मे तक सिंधु जल संधि को स्थगित रखेगा। पाकिस्तान जब तक अपने यहां से आतंकवाद का खात्मा नहीं करेगा, भारत कोई बात नहीं करेगा। पाकिस्तान के साथ भारत कश्मीर पर नहीं, केवल पीओके पर बात करेगा। पीओके भारत का है और इसे पाक के अवैध कब्जे से मुक्त कराकर रहेगा, और सबसे अहम कि भारत कश्मीर पर किसी भी तीसरे पक्ष का दखल बर्दाश्त नहीं करेगा। अमेरिका को यह स्पष्ट संदेश है। पंजाब के आदमपुर सैन्य बेस पर पहुंच कर पीएम ने पाकिस्तान के झूठ का पर्दाफाश किया। पाक फौज ने इस बेस को नष्ट करने का झूठ बोला था। भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर को लेकर डीजीएमओ स्तर पर बातचीत चल रही थी। इसी के साथ एनएसए स्तर पर भी बैकडोर वार्ता जारी थी, सैन्य ऑपरेशन के युद्ध में तब्दील होने की आशंका में अमेरिका भी अपने स्तर पर भारत व पाकिस्तान के विदेश मंत्रियों व पाक सेना प्रमुख से बातचीत कर रहा था। इन कोशिशों के बाद ही भारत व पाकिस्तान के बीच लार्जर हित को देखते हुए संघर्ष विराम के लिए सहमति बनी थी, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अधीरता, क्रेडिट लेने की ललक व बड़बोलेपन की प्रवृत्ति के चलते तय समय से पहले भारत व पाक के बीच सीजफायर के अमेरिकी ऐलान ने भारत को असहज कर दिया। ट्रंप ने लगे हाथ कश्मीर को लेकर मध्यस्थता की पेशकश भी कर दी, जबकि मौजूदा वक्त में कश्मीर कोई मुद्दा ही नहीं था। भारत आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई के मकसद से पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों व घोषित आतंकवादियों पर कार्रवाई कर रहा था। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत के साथ ही अपना रुख स्पष्ट कर दिया था कि उसकी लड़ाई आतंकवाद के खिलाफ है, पाकिस्तान के खिलाफ नहीं। पाकिस्तान ने भारत की आतंकवाद के विरुद्ध कार्रवाई को अपने खिलाफ मान लिया और सीमा पार से नागरिकों और भारत के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने लगा। भारत ने जवाबी कार्रवाई में ाक के हर ड्रोन व मिसाइल हमलों को नाकाम किया। अस्थिर व अपरिपक्व राजनेता डोनाल्ड ट्रंप की गैर-जिम्मेदार हरकत से भारत की विदेश नीति व कूटनीति पर जरूर सवाल उठ रहे हैं, इससे तात्कालिक तौर पर भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को चोट अवश्य पहुंची है। इस हरकत से ट्रंप ने ही अपना वैश्विक भरोसा खोया है। भारत आतंकवाद के खिलाफ चट्टान की तरह कठोर है और आतंक के साजिशकर्ताओं को सबक सिखाता रहेगा। ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है, पाकिस्तान को किसी भी गफलत में नहीं रहना चाहिए।



**पराक्रम**
अवधेश कुमार

# विजयी क्षण को झूठे नैरेटिव में न गंवाएं

> प्रश्न है कि सैन्य टकराव रुकने को किस तरह देखा जाए? भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले में धर्म पूछ कर मारे गए 25 एवं एक अन्य की हत्या के बाद अतीत का चरित्र त्याग कर पाक सीमा में नौ महत्वपूर्ण आतंकवादी केन्द्रों को ध्वस्त किया और तत्काल यही उद्देश्य था। भारत ने सीमा पार आतंकवाद के विरुद्ध बदले हुए चरित्र वाले राष्ट्र का प्रमाण पेश किया। जो नेतृत्व पहलगाम हमले के बाद पाक सीमा में सटीक मिसाइलें दाग कर आतंकवादी केन्द्रों को ध्वस्त करता है, वह विश्वासघाती और उन्मादी मजहबी सोच के आधार पर विदेश और सैन्य नीति चलाने वाले देश के साथ बातचीत फिर घाव देने का अवसर देगा, ऐसी कल्पना नहीं की जानी चाहिए।

भारत-पाकिस्तान के बीच सैनिक संघर्ष रुकने पर हम देश की प्रतिक्रिया देखें तो बड़ा वर्ग, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मोदी सरकार और भाजपा के समर्थक कार्यकर्ता शामिल हैं, नाखुश दिखाई देते हैं। इन्हें लगता है कि भारत के पास पाकिस्तान को धूल चटाकर, ऐसा पंगु बना देने का अवसर था जिससे वह लंबे समय तक भारत को घाव देने की सोचे भी नहीं। दूसरी ओर, ऐसे लोग भी हैं जिन्हें लगता है कि भारत इस समय लंबे युद्ध कर पाकिस्तान को पराजित करने की लड़ाई नहीं लड़ रहा था। इसलिए तत्काल लंबा खींचना उचित नहीं होता। प्रश्न है कि सैन्य टकराव रुकने को किस तरह देखा जाए? भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले में धर्म पूछ कर मारे गए 25 एवं एक अन्य की हत्या के बाद अतीत का चरित्र त्याग कर पाक सीमा में स्थित नौ सभी महत्वपूर्ण आतंकवादी केन्द्रों को ध्वस्त किया और तत्काल यही उद्देश्य था। इस तरह भारत ने सीमा पार आतंकवाद के विरुद्ध बदले हुए चरित्र वाले राष्ट्र का प्रमाण पेश किया। जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का ट्वीट आया कि लंबी बातचीत के बाद दोनों पक्षों ने सीजफायर यानी युद्धविराम स्वीकार किया तो टीवी चैनलों पर बैठे पूर्व सैनिकों और विशेषज्ञों को भी हैरत हुई।

उसके बाद अमेरिका के विदेश मंत्री मार्क रुबियो का ट्वीट आ गया जिससे जानकारी मिली कि उपराष्ट्रपति जेडी बैंस लगातार दोनों देशों से बातचीत कर रहे थे। लेकिन भारत ने 5 बजे विदेश सचिव विक्रम मिश्री के माध्यम से इसकी घोषणा करवाई। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इसके लिए स्टॉपेज आफ फायरिंग एंड मिलिट्री एक्शन यानी गोलाबारी तथा सैन्य कार्रवाई के रुकने पर सहमति की बात की। भारत ने सीजफायर या युद्धविराम शब्द प्रयोग नहीं किया। यह शब्द पहले अमेरिका की ओर से आया और पाकिस्तान ने उपयोग किया। पाकिस्तान के साथ हमारा युद्धविराम समझौता पहले से है जिसे वह तोड़ रहा था। चाहे आतंकवादी अड्डों को ध्वस्त करना हो या पाकिस्तान को सैन्य कार्रवाई से उत्तर देश और विश्व को दी जाने वाली जानकारी में नए रूप में भारत सामने आया है। आतंकवादी अड्डे ध्वस्त किए जाने के बाद सेना की दो महिला जवान कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह भारत की प्रवक्ता के रूप में सामने आईं और साथ विक्रम मिश्री आते रहे। संघर्ष रुकने के बारे में भी उनके माध्यम से ही देश ने अपना पक्ष सुना। हालांकि भारत जैसे परिपक्व और भविष्य की महाशक्ति की योजना से आगे बढ़ने वाला देश कोई हल्का वक्तव्य नहीं दे सकता। कर्नल सोफिया कुरैशी ने जो कहा उससे भारत का रक्षा स्टैंड काफी हद तक स्पष्ट होता है। उनकी कुछ पंक्तियां देखिए- फिर से बात दोहराना चाहूंगी कि इंडियन आर्म्ड फोर्सेस पूरी तरह तैयार और सतर्क हैं।

भारत की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए पूरी तरह समर्पित हैं। कमोडोर नायर ने कहा कि भारत की सेनाएं पूरी तरह सतर्क और तैयार हैं। अगर फिर हमला हुआ, तो हम मुंहतोड़ जवाब देंगे। 11 मई को सेना के तीनों अंगों के डीजीएमओ ने पत्रकार वार्ता में स्पष्ट कर दिया कि अभी हम युद्ध की स्थिति में हैं और पूरी जानकारी देना उचित नहीं होगा। इसका अर्थ हुआ कि सेना अभी जहां जैसे थी वैसे ही रहेगी। पाकिस्तान ने



आतंकवादी अड्डों को ध्वस्त करने को अपने पर हमला मानकर कार्रवाई की थी और भारत को उसका उत्तर देना पड़ा। भारत दीर्घकालीन युद्ध की सोच से पाकिस्तान की सीमा में आतंकवादी केन्द्रों को ध्वस्त करने नहीं गया था। देश में वातावरण इस कारण बना क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने जैसा पराक्रम दिखाया है उसको तार्किक परिणति या निर्णायक अवस्था में ले जाने की सामूहिक अपेक्षा पैदा हो गई। हालांकि पहलगाम आतंकी हमले के पहले किसी ने नहीं कहा कि पाक अधिकृत कश्मीर के लिए हमला करिए या पाकिस्तान पर हमला करिए। जो विपक्षी दल आतंकवादी हमले पर सीमा पार करने से बचते रहे क्योंकि पाकिस्तान की प्रतिक्रियाओं से डरते थे वह भी सामूहिक रूप से सरकार पर प्रहार कर रहे हैं। प्रश्न है कि क्या सर्वदलीय बैठक में सभी दलों ने सरकार से पाक अधिकृत कश्मीर लेने या पाकिस्तान से अंतिम सीमा तक युद्ध करने की मांग की थी? क्या सरकार ने ऐसी कोई बात कही थी?

यह दुर्भाग्य है कि पाकिस्तान और आतंकवाद के विरुद्ध इतनी बड़ी विजय और सफलता को भुलाकर जो है नहीं उसकी झूठी नैरेटिव बना दी गई है। ठीक है कि अमेरिकी राष्ट्रपति यदि लिखें कि हमारी मध्यस्थता में रातभर चली लंबी बातचीत के बाद मुझे बताते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान तुरंत और पूरी तरह हमले रोकने के लिए तैयार हो गए हैं तो भारत में चिंता स्वाभाविक होगी। डोनाल्ड ट्रंप टकराव रोकने के लिए भारत या पाकिस्तान से बात करते हैं तो यह नहीं कहा जा सकता कि हम आपसे बात नहीं करेंगे। कश्मीर पर यह स्टैंड रहेगा ही। उनको हम कुछ पोस्ट करने से नहीं रोक सकते। ज्यादा मायने इस बात के हैं कि भारत का स्टैंड क्या है? भारत ने स्पष्ट किया है कि पाकिस्तान के साथ सामान्य डीजीएमओ की नियमित होने वाली सामान्य वार्ता ही होगी। दूसरे ,भारत ने किसी की मध्यस्थता स्वीकारने की बात की ही नहीं। ट्रंप या अमेरिका की कश्मीर पर मध्यस्थता करने की इच्छा हो सकती है कि लेकिन भारत की यह नीति नहीं है। तीसरे, जब भारत ने स्पष्ट कर दिया कि कोई भी आतंकवादी घटना एक्ट आफ वार यानी युद्ध का कदम माना जाएगा तो उसमें राजनीतिक नेतृत्व से बातचीत की गुंजाइश बचती नहीं है। इसका अर्थ हुआ कि अगर आतंकवादी हमला हुआ तो अभी हम केवल आतंकवादी केन्द्रों को निशाना बनाने के लिए मिसाइल के साथ घुसे, उसके बाद हमला मानकर पाकिस्तान से सीधे टकराएंगे। इससे स्पष्ट मुखर और आक्रामक नीति तथा वक्तव्य कुछ हो ही नहीं सकता। इस बार सैन्य कार्रवाई से संबंधित सभी निर्णयों में राजनीतिक नेतृत्व के साथ सेना के तीनों प्रमुख और सीडीएस सम्मिलित रहे। संघर्ष रोकने की घोषणा के पहले भी प्रधानमंत्री ने उनके साथ बैठकें की और सैन्य बलों ने क्या किया, क्यों किया, कैसे किया, इन सबके बारे में वक्तव्य भी सेना के द्वारा दिया गया।

यही बदले भारत को दिखाता है और देश को इस पर विश्वास करना चाहिए। जो नेतृत्व पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान की सीमा में सटीक मिसाइलें दाग कर आतंकवादी केन्द्रों को ध्वस्त करता है, जिसकी पाकिस्तान क्या अमेरिका भी कल्पना नहीं कर सकता था वह विश्वासघाती और उन्मादी मजहबी सोच के आधार पर विदेश और सैन्य नीति चलाने वाले देश के साथ बातचीत फिर घाव देने का अवसर देगा, ऐसी कल्पना नहीं की जानी चाहिए। जिन आतंकी स्थलों को निशाना बनाया गया, उनमें से पांच पाक अधिकृत कश्मीर में 9 से 30 किलोमीटर के बीच और चार पाकिस्तान में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार 6 से 100 किलोमीटर के भीतर थे। मुंबई से लेकर अनेक हमलों के केन्द्र लश्कर ए तैयबा के मुरीदके को नष्ट करने की सोच भी सीमा पर नहीं थी। तो विजय उत्सव के क्षण को झूठे नैरेटिव में न गंवाएं।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

**विश्लेषण**
अश्विनी वैष्णव



# ऑपरेशन सिंदूर : आतंकवाद से निपटने का नया सिद्धांत

पहलगाम में हुआ नरसंहार केवल निर्दोष लोगों के जीवन पर हमला नहीं था- यह भारत की अंतरात्मा पर भी किया गया आक्रमण था। इसके प्रत्युत्तर में भारत ने आतंकवाद-रोधी कार्रवाई की नियम पुस्तिका के पुनर्लेखन का निर्णय लिया। ऑपरेशन सिंदूर राष्ट्रीय सुरक्षा के हितों की रक्षा के लिए मोदी सरकार की न बर्दाश्त करने और कोई समझौता नहीं करने की नीति यानी मोदी सिद्धांत की सबसे स्पष्ट अभिव्यक्ति है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने टेलीविजन पर राष्ट्र के नाम संबोधन में आतंकवाद से निपटने के लिए अपने इस सिद्धांत की रूपरेखा प्रस्तुत की। हाल की घटनाओं के आधार पर निर्मित यह सिद्धांत आतंकवाद और बाहरी खतरों पर भारत की प्रतिक्रिया के लिए निर्णायक तौर-तरीके निर्धारित करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह सुनिश्चित किया कि सिंधु जल संधि को निलंबित करने से लेकर आतंकी शिविरों पर सैन्य प्रहार शुरू करने तक का हर कदम सावधानीपूर्वक योजनाबद्ध और समयबद्ध तरीके से उठाया जाए और संचालित हो। इस संदर्भ में सरकार ने उत्तेजना में कार्रवाई करने के बजाय रणनीतिक रूप से कार्रवाई के रास्ते को चुना। इससे पाकिस्तान और आतंकी समूह भारत की प्रतिक्रिया का अनुमान नहीं लगा सके। साथ ही, ऑपरेशन सिंदूर को आश्चर्यजनक तरीके से, सटीकता और पूर्ण प्रभाव के साथ अंजाम देना भी सुनिश्चित हो सका। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अब आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में भारत की औपचारिक नीति को व्यक्त करता है। यह भारत के रणनीतिक दृष्टिकोण में निर्णायक बदलाव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन ने आतंकवाद-रोधी उपायों का नया मानक स्थापित किया है जो नई सामान्य स्थिति को प्रकट करता है। ऑपरेशन सिंदूर केवल एक नाम नहीं है, बल्कि यह देश के लाखों लोगों की भावनाओं का प्रतिबिंब है। इसके माध्यम से दुनिया को भारत की ओर से यह संदेश दिया गया है कि बर्बरता का सामना संतुलित और सटीक बल प्रयोग से किया जाएगा। आतंकवाद के साथ पड़ोसी देश की सांठ-गांठ अब कूटनीतिक आवरण या परमाणु हथियारों की धमकियों से जुड़ी बयानबाजी के पीछे नहीं छिप सकेगी। इस सिद्धांत के पहले प्रमुख स्तंभ में आतंकवादी घटनाओं का भारत की शर्तों पर निर्णायक उत्तर निहित है- भारत पर किसी भी आतंकवादी हमले का भारत की शर्तों पर ही करारा जवाब दिया जाएगा। देश आतंकवाद की जड़ों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि इसकी साजिश रचने वाले और प्रायोजक अपनी करनी का फल अवश्य भुगतें।इस सिद्धांत का दूसरा स्तंभ परमाणु हथियारों की धमकी देकर डराए जाने के प्रयासों के प्रति शून्य सहनशीलता है। इसका अर्थ है- भारत परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकियों या दबाव के आगे बिल्कुल नहीं झुकेगा। इसमें इस बात पर भी बल दिया गया है कि परमाणु हथियारों को ढाल बनाकर आतंकवाद का बचाव करने के किसी भी प्रयास का सटीक और निर्णायक कार्रवाई से जवाब दिया जाएगा। इस सिद्धांत का तीसरा स्तंभ यह स्पष्ट करता है कि आतंकवादियों और उनके प्रायोजकों के बीच कोई अंतर नहीं है। ऐसी किसी भी घटना के संबंध में भारत न केवल आतंकवादियों को बल्कि उनके समर्थकों- दोनों को उत्तरदायी ठहराएगा। आतंकवादियों को शरण देने वालों, उन्हें धन देने या उनके लिए धन की व्यवस्था करने वालों या आतंकवाद का समर्थन करने वालों को भी उनके समान ही परिणाम भुगतने पड़ेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने इस मुद्दे को वैश्विक संदर्भ में प्रस्तुत किया है। आतंकवाद का समर्थन करने और उनको बढ़ावा देने वाले राष्ट्र अंततः अपना विनाश स्वयं कर लेंगे। उन्होंने उनसे आग्रह किया है कि इससे पहले कि बहुत देर हो जाए, वे अपने आतंकवादी ढांचे को नष्ट कर दें। नया सिद्धांत राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति भारत के दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण परिवर्तन को दर्शाता है और आतंकवाद के विरुद्ध ठोस एवं दृढ़ रुख की नज़ीर पेश करता है। सरकार अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और यह सुनिश्चित करेगी कि भारत की संप्रभुता से कोई समझौता न हो। आतंकवाद को लेकर अब रुख पहले जैसा नहीं होगा, यह पहली बार नहीं है जब भारत ने स्पष्ट रूप से साहस के साथ कार्रवाई की है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने 2016 में की गई सर्जिकल स्ट्राइक से लेकर बालाकोट और अब ऑपरेशन सिंदूर तक भारत की शर्तों पर आतंकवाद के विरुद्ध त्वरित और निर्णायक कार्रवाई का स्पष्ट सिद्धांत बनाया है। ऑपरेशन सिंदूर अंत नहीं है - यह स्पष्टता, साहस और आतंकवाद से निपटने के लिए हमारे संकल्प के एक नए युग का आरंभ है।

(लेखक केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और प्रौद्योगिकी तंत्रज्ञान मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## समत्वं योग उच्यते



संकलित
**दर्शन**

जिस मनुष्य का जीवन योगयुक्त है, उसे जीवन चलाने के कर्म बंधन में बांधने वाले नहीं होते। जैसे कमल कीचड़ में रहकर भी कमल ही रहता है। युक्त और अयुक्त का अर्थ योगयुक्त और योगअयुक्त से है अर्थात योग है समत्व बुद्धि। 'समत्वं योग उच्यते'। समत्व बुद्धि से तात्पर्य सोच-विचार कर किए गए कर्म को योगयुक्त कर्म कहते हैं। समत्व बुद्धि से अर्थ सुख-दुख, विजय-पराजय, हर्ष-शोक, मान-अपमान इत्यादि द्वंद्वों में विचलित हुए बिना एक समान शांत चित्त रहे- वही कर्मयोगी कहलाता है। स्थितप्रज्ञ : जिस काल में यह पुरुष मन में स्थित संपूर्ण कामनाओं को त्याग देता है, उस काल में आत्मा से ही आत्मा में संतुष्ट हुआ, जैसे जहाज को चलाने वाले के पास ठीक दिशा बताने वाला कम्पास या यंत्र होना चाहिए, उसी तरह श्रेष्ठ जीवन जीने के तथा मोक्ष के अभिलाषी व्यक्ति के पास 'योग' होना चाहिए। योग नहीं तो जीवन दिशाहीन है। यही बात कृष्ण ने गीता में स्थितप्रज्ञ के विषय में कही है। बुद्धि को निर्मल और तीव्र करने के लिए योग ही एक मात्र साधन है। योग सथित व्यक्ति साधारण मनुष्यों से विलक्षण देखने लगता है। जिस व्यक्ति के भीतर जीवन में सत्य की किरणें फैल जाती हैं, सत्य का सूर्य जगता है और जिसकी आंतरिक चेतना जागृति को, पूर्ण जागृति को उपलब्ध हो जाती है, उसका जीवन स्पांटेनियस हो जाता है, सहज हो जाता है, सहज-स्फूर्त हो जाता है। उसके जीवन में किसी ढांचे को खोजना मुश्किल है। उसके जीवन में कोई बंधी-बंधाई रेखाएं नहीं होतीं।

## दो पैसे के काम के लिए तीस साल की बलि



संकलित
**प्रेरणा**

स्वामी विवेकानंद एक बार कहीं जा रहे थे। रास्ते में नदी पड़ी तो वे वहीं रुक गए क्योंकि नदी पार कराने वाली नाव कहीं गई हुई थी। स्वामीजी बैठकर राह देखने लगे कि उधर से नाव लौटे तो नदी पार की जाए। एका-एक वहां एक महात्मा भी आ पहुंचे। स्वामीजी ने अपना परिचय देते हुए उनका परिचय लिया। बातों ही बातों में महात्माजी को पता चला की स्वामीजी नदी किनारे नाव की प्रतीक्षा कर रहे हैं। महात्मा जी बोले, अगर ऐसी छोटी-मोटी बाधाओं को देखकर रुक जाओगे तो दुनिया में कैसे चलोगे? तुम तो स्वामी हो, बड़े आधात्यात्मिक गुरु और दार्शनिक माने जाते हो। जरा सी नदी नहीं पार कर सकते? देखो, नदी ऐसे पार की जाती है। महात्मा जी खड़े हुए और पानी की सतह पर तैरते हुए लंबा चक्कर लगाकर वापस स्वामी जी के पास आ खड़े हुए। स्वामीजी ने आश्चर्य चकित होते हुए पूछा, महात्माजी, यह सिद्धि आपने कहां और कैसे पाई? महात्मा जी मुस्कुराए और बड़े गर्व से बोले, यह सिद्धि ऐसे ही नहीं मिल गई। इसके लिए मुझे हिमालय की गुफाओं में तीस साल तपस्या करनी पड़ी। महात्मा की इन बातों को सुनकर स्वामी जी मुस्करा कर बोले, आपके इस चमत्कार से मैं आश्चर्यचकित तो हूं लेकिन नदी पार करने जैसे काम जो दो पैसे में हो सकता है, उसके लिए आपने अपनी जिंदगी के तीस साल बर्बाद कर दिए। यानी दो पैसे के काम के लिए तीस साल की बलि! ये तीस साल अगर आप मानव कल्याण के किसी कार्य में लगाते या कोई दवा खोजने में लगाते, जिससे लोगों को रोग से मुक्ति मिलती तो आपका जीवन सचमुच सार्थक हो जाता।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**भारतीय मानवता का सम्मान करें पाक नागरिक**

यह बहुत ही स्पष्ट परिदृश्य है कि अंततः पाकिस्तान के साधारण, लाचार, बेचारे करोड़ों नागरिकों को ही इस प्रकार के युद्ध की बहुत ही बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। पाकिस्तान के सभी उग्रवादी नेता, आईएसआई के अधिकारी और जनरल-कर्नल वगैरह तो रातों-रात पाकिस्तान छोड़कर अपने प्राइवेट/चार्टेड विमानों से दुनिया के अन्य कई देशों में रहने-जीने के लिए भाग जाएंगे। ये बहुत दुखद लेकिन पूर्ण सत्य है कि करोड़ों सामान्य पाकिस्तानी लोग या तो बहुत ही भोले-भाले, अनभिज्ञ और नासमझ हैं या फिर उग्रवादी किस्म के पकिस्तानी सेना, नेताओं और आईएसआई द्वारा उन्हें हमेशा ही अव्वल दर्जे का बेवकूफ बनाकर रखा जाता है। ऐसी स्थिति में पाक नागरिकों को भारतीय मूल्यों व मानवता का सम्मान करना चाहिए। - *राजेश अग्रवाल, राजनांदगांव*

## करंट अफेयर

### यूक्रेन के वायु क्षेत्र में विमान गिराने के लिए रूस जिम्मेदार



अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन के परिषद ने यूक्रेन के वायु क्षेत्र में मलेशिया एयरलाइंस की एक उड़ान को 2014 में मार गिराने के लिए मंगलवार को रूस को जिम्मेदार ठहराया। इस घटना में, विमान में सवार 298 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। परिषद के इस निष्कर्ष पर पहुंचने से, पीड़ितों के परिजनों के लिए मुआवजा पाने की संभावना बढ़ गई है। नीदरलैंड नीत अंतरराष्ट्रीय जांच 2016 में पूरी हुई थी, जिसमें यह पाया गया था कि एमस्टर्डम से कुआलालंपुर की उड़ान को 17 जुलाई 2014 को यूक्रेन से अलगाववादियों द्वारा मिसाइल से किये गए हमले में मार गिराया गया था। इस मिसाइल प्रणाली की आपूर्ति रूस ने की थी। हालांकि, मॉस्को ने उड़ान संख्या एमएच 17 घटना में अपनी किसी तरह की संलिप्तता होने से इनकार किया है। नीदरलैंड और ऑस्ट्रेलियाई सरकारों ने 2022 में मॉन्ट्रियल स्थित वैश्विक विमानन एजेंसी के समक्ष रूस के खिलाफ मामला लाया था और इस फैसले का स्वागत किया है। अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में इस मामले को सुलझाया नहीं जा सकता था क्योंकि रूस, नीदरलैंड के हेग स्थित इस न्यायालय के अधिकार क्षेत्र को मान्यता नहीं देता है। परिषद ने पाया कि रूस ने शिकागो समझौते का उल्लंघन किया है।

## ऑफ बीट

### नियमित व्यायाम डिमेंशिया से बचाव में है कारगर



जैसे-जैसे डिमेंशिया के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ रही है, वैसे-वैसे रोकथाम के उपाय जानने की दिलचस्पी में भी इजाफा हो रहा है। मीडिया में आई खबरों में नियमित व्यायाम, स्वस्थ खानपान, दिमागी कसरत और सामाजिक गतिविधियों में भागीदारी को डिमेंशिया के जोखिम में कमी लाने के लिए कारगर बताया गया है। डिमेंशिया तंत्रिका-तंत्र से जुड़ा एक विकार है, जिसमें याददाश्त, सोचने-समझने एवं फैसले लेने की शक्ति और रोजमर्रा के काम करने की क्षमता प्रभावित होती है। अल्जाइमर (मस्तिष्क के अंदर और उसके आसपास की कोशिकाओं में एमिलॉयड नाम के प्रोटीन के थक्के जमने से होने वाला डिमेंशिया) को डिमेंशिया का सबसे आम स्वरूप माना जाता है। इसके अलावा, बड़े पैमाने पर 'वैस्कुलर डिमेंशिया' (मस्तिष्क में खून का प्रवाह धीमा पड़ने के कारण होने वाला डिमेंशिया) और 'लेवी बॉडी डिमेंशिया' (मस्तिष्क में 'लेवी बॉडी' नाम के प्रोटीन के थक्के जमने से होने वाला डिमेंशिया) के मामले भी सामने आते हैं। डिमेंशिया में तंत्रिका-तंत्र की कोशिकाएं क्षतिग्रस्त हो जाती हैं, जिससे उनमें संचार की प्रक्रिया प्रभावित होती है और व्यक्ति को भ्रम, भूलने की बीमारी और व्यवहार में बदलाव की शिकायत सता सकती है।


## ट्रेंड

### अदम्य साहस का परिचय



हमारे भारतीय सशस्त्र बलों ने बार-बार अदम्य साहस का परिचय दिया है। ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी ढांचे को हिलाकर रख दिया और उनकी बेमिसाल वीरता और बलिदान का एक शानदार उदाहरण बन गया।
-जे.पी. नड्डा, भाजपा अध्यक्ष

### परीक्षा उत्तीर्ण की बधाई



सभी युवा मित्रों और उनके माता-पिता को हार्दिक बधाई, जिन्होंने सीबीएसई की 10वीं-12वीं की परीक्षाएं सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की हैं। यह कड़ी मेहनत, समर्पण और दृढ़ता के फल का आनंद लेने लेने का क्षण है।
-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री

### नए सिद्धांत को आकार



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिर्फ भाषण नहीं दिया, उन्होंने भारत के नए सिद्धांत को आकार दिया। उनका संबोधन पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों को कड़ी चेतावनी और दुनिया को देश की ताकत के बारे में स्पष्ट संदेश है।
-एन. चंद्रबाबू नायडू, सीएम, आंध्र प्रदेश

### तकनीक को दोस्त बनाएं



मैं सभी युवा भारतीयों से कहना चाहूँगा कि वे तकनीक को अपना सबसे अच्छा दोस्त बनाएँ। हम पहले से ही डिजिटल युग में हैं, और अधिक से अधिक एआई का उपयोग करने की ओर बढ़ रहे हैं।
-अनिल अग्रवाल, उद्यमी

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# जहरीली शराब से पंजाब में 17 लोगों की मौत, कई अस्पताल में भर्ती

## सीएम मान पीड़ित परिवारों को 10 लाख का मुआवजा व अन्य सुविधाएं देंगे

एजेंसी ▶▶ मजीठा

पंजाब के मजीठा विधानसभा क्षेत्र के गांवों में जहरीली शराब से 17 लोगों की मौत हो गई है। यह पंजाब में 3 साल में चौथी बड़ी जहरीली शराब त्रासदी है।सीएम भगवत सिंह मान दोपहर बाद मजीठा पहुंचे और पीड़ित परिवारों के साथ मुलाकात की।

मान ने पीड़ित परिवारों को 10 लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा की। साथ ही परिवार के बच्चों की पढ़ाई ओर अन्य सुविधाओं का ध्यान रखने का भी वायदा किया। मान ने कहा कि यह मेथेनॉल दिल्ली से मंगवाई गई थी, इसलिए जिन लोगों से इसकी सप्लाई आ रही थी उनको पकड़ने के लिए भी टीम में दिल्ली भेजी हुई है। जल्द ही पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश किया जाएगा।



### अब तक 10 लोग गिरफ्तार

मान ने कहा किमासूम लोगों के इन हत्यारों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। ये मौतें नहीं, कत्ल हैं। मैं परमात्मा से दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं। सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है और हर संभव मदद की जाएगी। मान ने कहा कि इस मामले में अभी तक 10 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। वहीं जांच के दौरान पता चला है कि ऑनलाइन 600 किलो मेथेनॉल मंगवाई गई थी, जिसके जरिए यह शराब तैयार की गई थी। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और उनके पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने का काम भी जारी है।

### आप सरकार पर भाजपा समेत सभी दलों ने निशाना साधा

घटना के बाद राजनीतिक दलों ने भी आप सरकार पर निशाना साधा है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने की मांग की है। सरकार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं। अमृतसर जहरीली शराब त्रासदी के लिए विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने मुख्यमंत्री भगवंत मान को जिम्मेदार ठहराया है। बाजवा ने कहा कि जो कुछ हुआ उसके लिए भगवंत मान सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं। वे मुख्यमंत्री और गृह मंत्री हैं। वहीं, केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि आप पंजाब से ऐसी चीजों से मुक्ति की उम्मीद कैसे कर सकते हैं। पंजाब में शराब की फैक्ट्रियां चल रही हैं और शराब के पाउच बांटे जा रहे हैं। यह सरकार की मदद के बिना संभव नहीं है।

### मुख्य सप्लायर सहित 4 गिरफ्तार, निर्माता जल्द हिरासत में होगा

एसएसपी अमृतसर मनिंदर सिंह ने बताया कि 4 लोगों को हिरासत में लिया। हमने मुख्य सप्लायर परबजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। हमने उससे पूछताछ की और किंगपिन सप्लायर साहब सिंह के बारे में पता लगाया। हमने उसे भी हिरासत में ले लिया है। आरोपियों में कुलबीर सिंह उर्फ जग्गू (मुख्य आरोपी प्रभजीत का भाई), साहिब सिंह उर्फ सराय, निवासी मारड़ी कलां, गुरजंट सिंह, निंदर कौर पत्नी जीता के तौर पर हुई है। छापेमारी जारी है। निर्माताओं को जल्द ही हिरासत में लिया जाएगा। दो एफआईआर दर्ज की गई हैं। 6 लोग अभी अस्पताल में भर्ती हैं। यह घटना पांच गांवों में हुई।

### कई लोग गंभीर और बढ़ेगी संख्या

लोगों के अनुसार मृतकों की संख्या में इजाफा हो सकता है क्योंकि कई लोग गंभीर हैं। अमृतसर की डिप्टी कमिश्नर साक्षी साहनी ने कहा कि मजीठा में एक दुर्भाग्यपूर्ण त्रासदी हुई है। हमें 5 गांवों से रिपोर्ट मिली कि कल शराब पीने वाले लोगों की हालत गंभीर है। हमने अपनी मेडिकल टीमें भेजीं। हमारी मेडिकल टीमें अभी भी घर-घर जा रही हैं। लोगों में कुछ लक्षण हों या न हों, हम उन्हें अस्पताल ले जा रहे हैं ताकि हम उन्हें बचा सकें। सरकार हर संभव मदद कर रही है।

### डीएसपी और एसएचओ निलंबित

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि लापरवाही बरतने के आरोप में मजीठा के डीएसपी और एसएचओ को सस्पेंड कर दिया गया है। साथ ही इनके खिलाफ विभागीय जांच के भी आदेश दिए गए हैं। डीजीपी ने बताया कि डीएसपी मजीठा अमोलक सिंह और एसएचओ मजीठा अवतार सिंह को अपने आधिकारिक कर्तव्यों का निर्वहन करने में घोर लापरवाही के लिए निलंबित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### अश्लील वीडियो बनाने वाली महिला गिरफ्तार



**जैसलमेर।** पिछले दिनों एक महिला का अश्लील वीडियो सामने आने के बाद जैसलमेर पुलिस ने वीडियो बनाने वाली महिला को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। साथी को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सॉफ्टवेयर इंजीनियर महिला साथी संग अनजान जगहों पर लोगों के साथ अश्लील वीडियो बनाती थी।

### आंध्र शराब घोटाले के आरोपी मैसूरु से गिरफ्तार



**अमरावती।** आंध्र प्रदेश की पूर्ववर्ती युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी सरकार के दौरान कथित रूप से हुए 3,200 करोड़ रुपए के शराब घोटाले के आरोपों की जांच के लिए गठित एसआईटी ने एक आरोपी बालाजी गोविंदप्पा को मंगलवार को मैसूरु से गिरफ्तार किया। गोविंदप्पा मामले में आरोपियों में से एक है।

### स्पाइसजेट श्रीनगर से हज उड़ानें दोबारा शुरू करेगी



**नई दिल्ली।** विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने कहा कि वह 14 मई को श्रीनगर से हज उड़ानें दोबारा शुरू करेगी। श्रीनगर उन 32 हवाई अड्डों में से एक था, जिन्हें भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य तनाव को देखते हुए अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था।

### संन्यास के बाद संत प्रेमानंद से मिले कोहली

**वृंदावन।** टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके विराट कोहली और उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा मंगलवार सुबह वृंदावन पहुंचे। यहां उन्होंने श्रीराधे हित केली कुंज आश्रम में संत प्रेमानंद से भेंट की। दोनों ने आशीर्वाद लिया और आध्यात्मिक चर्चा में भाग लिया। उनकी पहली सार्वजनिक उपस्थिति है। वे सीधे आध्यात्मिक शांति को पहुंचे।

## नौकरशाहों पर कसने लगा शिकंजा, तय की जाने लगी जिम्मेदारी

# भारतीय सौर ऊर्जा निगम के चेयरमैन आरपी गुप्ता को किया समय से पहले ही रिटायर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र की मोदी सरकार ने नौकरशाही में सख्त मैसेज देना शुरू कर दिया है। काम में किसी तरह की हीलाहवाली हुई तो तुरंत एक्शन लिया जाएगा। जिम्मेदारी तय की जाएगी। आईएमएफ के कार्यकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किये गये कृष्णमूर्ति सुब्रह्मनयन को उनके कार्यकाल से छह महीने पहले ही सेवा समाप्ति की घोषणा कर दी गई। अब भारतीय सौर ऊर्जा निगम के चेयरमैन आरपी गुप्ता को तत्काल प्रभाव से पद से हटाने की घोषणा कर दी गई। इससे पहले रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) में वरिष्ठ वैज्ञानिक और प्रोजेक्ट डायरेक्टर के पद पर तैनात रहे के. सुब्रमण्यम को भी उनके कार्यकाल से पहले रिटायरमेंट दी गई थी। इनमें से किसी भी नौकरशाहों को समय से पूर्व सेवानिवृति देने के कारणों का औपचारिक एलाान नहीं किया गया।



### प्रशासनिक अक्षमता का जिक्र किया

हालांकि, सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई सौर ऊर्जा निगम के प्रदर्शन, नीतिगत निर्णयों में देरी, सरकार की अपेक्षाओं के अनुरूप काम न करने पर की गई है।

कुछ अनौपचारिक रिपोर्ट्स में प्रशासनिक अक्षमता या नीतिगत मतभेदों का भी जिक्र किया गया है, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हुई। इस फैसले ने नौकरशाही में एक तरह का संदेश दिया है कि सरकार उच्च पदों पर जवाबदेही को लेकर सख्त रुख अपना रही है।

मोदी सरकार की बहुप्रचारित योजना, 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के उत्पादन के लक्ष्य के लिए सौर ऊर्जा निगम भारत के नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि समय से पहले रिटायरमेंट केंद्र सरकार की नौकरशाही में जवाबदेही और प्रदर्शन को प्राथमिकता देने की नीति का हिस्सा प्रतीत होती है। ये बात अलग है कि इन कार्रवाइयों के पीछे ठोस कारणों की कमी ने कई सवाल खड़े किए हैं। यह कदम नौकरशाही में सुधार और राष्ट्रीय हितों को गति देने के लिए हो सकता है, लेकिन पारदर्शिता की कमी इसे विवादास्पद भी बना रही है।

### फंडामेंटल रूल 56(जे) का उपयोग किया

विशेषज्ञों ने बताया कि मोदी सरकार ने हाल के वर्षों में नौकरशाही में जवाबदेही और प्रदर्शन को प्राथमिकता दी है। इसके तहत फंडामेंटल रूल 56(जे) का उपयोग किया जाता है, जो सरकार को सार्वजनिक हित में अधिकारियों को समय से पहले रिटायर करने की अनुमति देता है। इस नियम के तहत पहले भी कई अधिकारियों को हटाया गया है, जिसमें भ्रष्टाचार, अक्षमता, या नीतिगत मतभेद जैसे कारण शामिल रहे हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को दी नसीहत

## सड़क दुर्घटना के पीड़ितों के लिए कैशलेस सही अर्थों में लागू करें



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने केंद्र को मंगलवार को निर्देश दिया कि वह सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस (नकदी रहित) उपचार योजना को सही अर्थों में लागू करे। इस योजना के तहत प्रत्येक दुर्घटना में घायल प्रत्येक व्यक्ति अधिकतम 1.5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज पाने का हकदार होगा। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने केंद्र को अगस्त के अंत तक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया, जिसमें योजना के क्रियान्वयन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई हो। क्रियान्वयन रिपोर्ट में इस योजना के तहत कैशलेस उपचार प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की संख्या शामिल होगी। पीठ ने कहा कि हम केंद्र को निर्देश देते हैं कि वह सुनिश्चित करे कि योजना को सही अर्थों में लागू किया जाए।

### जामा मस्जिद-हरिहर मंदिर विवाद मामले में निर्णय सुरक्षित



**प्रयागराज।** संभल स्थित जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर विवाद मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने अपना निर्णय मंगलवार को सुरक्षित रख लिया। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने मस्जिद कमेटी के वकीलों, मंदिर पक्ष से हरिशंकर जैन और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के वकील की दलीलें सुनने के बाद अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया। 5 मई को एएसआई के वकील ने अपना जवाबी हलफनामा दाखिल किया था जिस पर अदालत ने मस्जिद कमेटी के वकील को 'रिज्वाइंडर' दाखिल करने का समय दिया था और सुनवाई की अगली तारीख 13 मई तय की थी।

## मुख्यमंत्री बोले, हरियाणा सरकार उद्योग जगत के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कर रही कार्य

### तंजानिया में निवेश और व्यापारिक संभावनाओं को लेकर मुख्यमंत्री नायब से चर्चा की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के कृषि यंत्र निर्माताओं, प्रगतिशील किसानों तथा खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से उनके आवास 'संत कबीर कुटीर' पर भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने तंजानिया में निवेश और व्यापारिक संभावनाओं को लेकर मुख्यमंत्री से चर्चा की। साथ ही प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा सरकार द्वारा दिए जा रहे मार्गदर्शन एवं वैश्विक स्तर पर व्यापारिक अवसर उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री का आभार भी प्रकट किया। सैनी ने प्रतिनिधिमंडल को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य केवल देश के भीतर ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी हरियाणा के उद्यमियों की सशक्त उपस्थिति सुनिश्चित करना



है। उन्होंने कहा कि अब व्यापार को केवल राज्य या देश तक सीमित रखने का समय नहीं है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जाकर अवसरों का पर्याप्त लाभ उठाने और व्यवसाय के विस्तार की आवश्यकता है ताकि हरियाणा के उद्योगपति विदेशी बाजारों में भी कारोबार स्थापित कर सकें। उन्होंने कहा कि ईस्ट अफ्रीका, विशेष रूप से तंजानिया को एक उभरते हुए बाजार के रूप में देखा जा रहा है और हरियाणा सरकार उद्योग जगत के साथ कंधे से कंधा मिलाकर इस दिशा में कार्य कर रही है।

बैठक में विदेश सहयोग विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हरियाणा सरकार की पहल पर तंजानिया सरकार के साथ व्यापारिक सहयोग को लेकर एक यात्रा सुनिश्चित की गई है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार के निरंतर प्रयासों और हस्तक्षेप से तंजानिया और हरियाणा के व्यावसायिक संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं तथा इसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। देश और प्रदेश की आर्थिक प्रगति एवं विकास में उद्यमियों की भूमिका को महत्वपूर्ण एवं सराहनीय बताते हुए सैनी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि तंजानिया यात्रा के दौरान उन्हें विदेश सहयोग विभाग तथा मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से पूर्ण सहयोग मिलेगा ताकि यात्रा के दौरान व्यापारिक गतिविधियों में किसी प्रकार की कोई बाधा उत्पन्न न हो।

## प्रमुख बंदरगाहों में संभाला गया कार्गो रिकॉर्ड 855 मिलियन टन

**नई दिल्ली।** जहाज से माल ढुलाई, परिचालन दक्षता और बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण के मामले में वित्त वर्ष 2024-25 उपलब्धि पत्थर वर्ष के रूप में उभरा है। केंद्र सरकार ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि देश के प्रमुख बंदरगाहों ने कार्गो हैंडलिंग में शानदार वृद्धि दर्ज करते हुए वित्त वर्ष 2024-25 में रिकॉर्ड 855 मिलियन टन का आंकड़ा छू लिया, जो वित्त वर्ष 2023 -24 में 819 मिलियन टन के इसी आंकड़े की तुलना में 4.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।



### पुणे के स्कूल को अवैध निर्माण में नहीं मिली राहत

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने पुणे के एक स्कूल को अनधिकृत निर्माण के मामले में राहत देने से इनकार कर दिया। हाईकोर्ट ने कहा कि अवैध निर्माण स्वाभाविक रूप से लाइलाज है। स्कूल ने अनधिकृत ढांचे को ध्वस्त करने के आदेश को अदालत में चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति ए. एस. गडकरी और न्यायमूर्ति कमल खता की पीठ ने नौ मई के आदेश में कहा कि सिर्फ इसलिए कि शैक्षणिक संस्थान में लगभग 2,000 छात्र पढ़ते हैं, अदालत अधिकारियों को अवैध संरचना को नियमित करने का निर्देश नहीं दे सकती। पीठ ने कहा कि महाराष्ट्र में यह आम धारणा है कि कोई व्यक्ति अवैध रूप से और बिना अनुमति के निर्माण कर ले और बाद में नियमितीकरण की मांग करे, लेकिन अवैधता का कोई इलाज नहीं है। धर्मार्थ शैक्षणिक संस्थान 'आर्यन वर्ल्ड स्कूल ने परिसर में अनधिकृत निर्माण को ध्वस्त करने के पुणे महानगर विकास प्राधिकरण के 17 अप्रैल के आदेश के खिलाफ अदालत का रुख किया था।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रुबेल उर्फ जागीर उर्फ भीमा पुत्र** फिरोज खान, **निवासी** टी–41, अजय बेहरा का मकान, सराय काले खां, नई दिल्ली, ने **FIR No. 08/2020, Dt. 13.01.2020, U/S 25/54/59 Arms Act, पुलिस स्टेशन हज़रत निज़ामुद्दीन, दक्षिण–पूर्व जिला, नई दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रुबेल उर्फ जागीर उर्फ भीमा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रुबेल उर्फ जागीर उर्फ भीमा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 08/2020, Dt. 13.01.2020, U/S 25/54/59 Arms Act, पुलिस स्टेशन हज़रत निज़ामुद्दीन, दक्षिण–पूर्व जिला, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **रुबेल उर्फ जागीर उर्फ भीमा** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.06.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री कार्तिक तपारिया**
**DP/5938/SE/2025** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–3, दक्षिण पूर्व जिला,
**(Court Matter)** कमरा नं.–512, साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

**हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग**
**बेज नं. 67–70, सेक्टर–2, पंचकूला–134154**
वेबसाइट : www.hssc.gov.in

**घोषणा**

यह उम्मीदवारों की जानकारी हेतु है कि आयोग ने गैर–चयनित सीईटी 2023 ग्रुप–डी क्वालिफाइड उम्मीदवारों को अवसर देने का निर्णय लिया है, जो अब एक ऑनलाइन लिंक खोल कर अपनी श्रेणियों को अद्यतन करने और तदनुरूप प्रमाण–पत्र अपलोड करने के लिए नवीनतम दिशा–निर्देशों के अनुरूप ओएससी (अन्य अनुसूचित जातियां) और डीएससी (वंचित अनुसूचित जातियां) श्रेणी से सम्बन्धित हैं। इस सम्बन्ध में, ऐसे उम्मीदवारों को सं. 22/163 / 2024–5एचआर–III दिनांक 13.11.2024, समय समय पर संशोधित अनुसार, लागू अनुसार के तहत जारी हरियाणा सरकार निर्देशों के अनुरूप, जैसा भी मामला हो, नये / नवीनतम ओएससी और डीएससी प्रमाण–पत्र प्राप्त करने का निर्देश दिया जाता है।

उम्मीदवारों को इन्हें अपलोड करने के लिए 13.05.2025 से 16.05.2025 तक लिंक https://groupdsc.hryssc.com पर पधारने का परामर्श दिया जाता है।

**स्थान : पंचकूला** — **हस्ता/- उप सचिव**
**दिनांक : 12.05.2025** — **हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग**
संवाद–1159/13/688/2026/34745/88/7 दि. 13.05.25 — **पंचकूला**

## समय से पहले मानसून ने अंडमान निकोबार और बंगाल में दी दस्तक

इलाके में तेज पश्चिमी हवाएं चल रहीं, घने बादल भी छाए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय मौसम विभान ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून ने मंगलवार को अंडमान-निकोबार द्वीप, दक्षिण बंगाल की खाड़ी और अंडमान सागर के कुछ हिस्सों में समय से पहले दस्तक दी है। यहां हल्की से भारी बारिश हो रही है।

इलाके में तेज पश्चिमी हवाएं चल रही हैं और घने बादल भी बने हुए रहे हैं। विभाग ने इसे मानसून की शुरुआत घोषित की है। विभाग का कहना है कि 3-4 दिन में मानसून दक्षिण अरब सागर, मालदीव, कोमोरिन क्षेत्र, बाकी अंडमान-निकोबार द्वीप, अंडमान सागर और बंगाल की खाड़ी के और हिस्सों में पहुंच सकता है।

इसके साथ ही भारतीय मौसम विभाग ने देश के कई राज्यों में बारिश के साथ ही आंधी और ओले गिरने की संभावना भी जताई है और नागरिकों से सचेत रहने को कहा है।




### देश के कई राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट

पंजाब और हरियाणा में 16 मई तक गरज-चमक के साथ बारिश के आसार हैं तेज हवाएं चलेंगी। पश्चिमी यूपी में 14 से 16 मई के बीच बारिश और तेज हवाओं का दौर जारी रहेगा। 17 मई के आसपास इन जिलों में हल्की फुहारें पड़ सकती हैं। जैसलमेर, बीकानेर, बाड़मेर जैसे पश्चिमी जिलों में धूल भरी आंधी जबकि जयपुर, कोटा, भरतपुर और अजमेर में 14 से 16 मई के बीच हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं। कुछ इलाकों में ओले भी गिर सकते हैं। उत्तराखंड के पर्वतीय इलाकों में 14 से 17 मई के बीच तेज बारिश के साथ बिजली गिर सकती है। मैदानी इलाकों में भी गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। हिमाचल के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी हो सकती है। शिमला, मंडी और सोलन में भी 14 से 16 मई के बीच बारिश के आसार हैं।

**कहा,** वायदों को भूलकर अब जनता पर ही गुर्रा रही है हरियाणा की भाजपा सरकार

## एचकेआरएन कर्मचारियों को हटाने के बजाए नियमित करे सरकार : सैलजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि चुनाव के दौरान जनता से किए गए वायदों को भूलकर आज हरियाणा की भाजपा सरकार जनता पर ही गुर्रा रही है।



हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत लगे कर्मचारियों को कभी जॉब गारंटी देने वाली सरकार निकालने में लगी हुई है, अब मंत्री कह रहे है कि एचकेआरएन के तहत कर्मचारियों को एक साल के कहकर रखा गया। भाजपा सरकार को अपने वायदे में कायम रहते हुए कर्मचारियो को निकालने के बजाए नियमित करने के बारे में सोचना चाहिए। सैलजा ने कहा कि आज सभी को पता चल चुका है कि भाजपा सरकार झूठी घोषाणाएं और वायदे करने वाली सरकार है। इस सरकार के पास जुमलों के सिवाय कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय तत्कालीन सीएम नायब सिंह सैनी ने एचकेआरएन कर्मचारियों से वायदा किया था कि उन्हें नौकरी से नहीं हटाया जाएगा इसके लिए वाकायदा अधिसूचना भी जारी की गई जिसमें शर्त लगा दी गई यानि कर्मचारियों को धोखा दिया गया। अब सरकार के मंत्री कहते है कि ऐसे कर्मचारियों को हटाया नहीं जा रहा है क्योंकि उन्हें रखा ही एक साल के लिए गया था, समय पूरा हो गया है।

सैलजा ने कहा कि तीसरी बार सत्ता में आने के बाद से भाजपा सरकार एचकेआरएन कर्मचारियों को हटाने में लगी हुई है। कभी किसी विभाग से कर्मचारी निकाले जा रहे है तो कभी किसी और विभाग से। अभी एचकेआरएन पोर्टल से 252 पीजीटी को रिलीव करने के आदेश जारी किए हैं। हालांकि इन सभी 252 पीजीटी को स्थायी पीजीटी की नियुक्ति के साथ ही हटा दिया गया था, लेकिन अभी भी वे एचकेआरएनएल पोर्टल पर दिख रहे थे। इसलिए सरकार ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र लिखकर इन पीजीटी को एचकेआरएनएल पोर्टल से रिलीव करने के आदेश जारी किए हैं। सैलजा ने सरकार से अनुरोध किया है एचकेआरएन के तहत कार्यरत कर्मचारी योग्य हैं तभी काम कर रहे हैं, ऐसे में इन्हें नौकरी से हटाने के बजाए उन्हें उसी पद पर नियमित किया जाए।

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद फतेहाबाद | प्रत्येक संस्थान से म्यूनिसिपल ठोस कचरे का घर-घर से संग्रहण, पृथक्करण और एमआरएफ केन्द्रों अथवा हस्तांतरण स्टेशनों अथवा प्रसंस्करण स्थल तक परिवहन के लिए एजेंसी का चयन। | 01.05.2025 02.06.2025 | ईएमडी 41.43 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7988436867 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : **www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in**
संवाद–13/2026/40/34721/1/88/7 दि. 13.05.25

## खबर संक्षेप



### सिप्ला का लाभ 30 फीसदी बढ़कर 1,222 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** दवा कंपनी सिप्ला का बीते वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 30 प्रतिशत बढ़कर 1,222 करोड़ रुपये रहा है। सिप्ला ने मंगलवार को जनवरी-मार्च 2025 तिमाही के वित्तीय नतीजों की सूचना शेयर बाजार को दी। एक साल पहले की समान तिमाही में उसे 939 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ हुआ था। सिप्ला ने कहा कि समीक्षाधीन अवधि में उसकी परिचालन आय बढ़कर 6,730 करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 6,163 करोड़ थी।

### भारती एयरटेल के मुनाफे में पांच गुना बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल का मार्च में समाप्त तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ करीब पांच गुना होकर 11,022 करोड़ रुपये हो गया। मुख्य रूप से शुल्क बढ़ोतरी के प्रभाव के कारण कंपनी का मुनाफा बढ़ा है। भारती एयरटेल ने एक साल पहले इसी अवधि में 2,071.6 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि जनवरी-मार्च, 2025 तिमाही में उसका परिचालन राजस्व 27 प्रतिशत बढ़कर 47,876.2 करोड़ रुपये हो गया, जो मार्च, 2024 की तिमाही में 37,599.1 करोड़ रुपये था।

### पावर मेक प्रोजेक्ट्स को मिला 982 करोड़ का ठेका

**नई दिल्ली।** पावर मेक प्रोजेक्ट्स को एकीकृत टाउनशिप के निर्माण के लिए तेलंगाना पावर जेनरेशन कॉरपोरेशन से 971.98 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। पावर मेक प्रोजेक्ट्स ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया यह ठेका निर्माणस्थल का कब्जा लेने की तारीख से 30 महीने के भीतर पूरा किया जाएगा।

# कर्ज लेने की औसत आयु 21 साल घटकर 25 से 28 के बीच : रिपोर्ट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कर्ज लेने वाले ग्राहकों की औसत उम्र में कमी आई है। पहले औसतन 47 साल की उम्र में लोग कर्ज लेते थे, जबकि अब 25 से 28 साल की उम्र में ही कर्ज लेना शुरू हो जाता है। एक अध्ययन रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट कहती है कि अब ग्राहक पिछली पीढ़ियों के मुकाबले औसतन 21 साल पहले कर्ज लेने लगे हैं। उपभोक्ता कर्ज और मुफ्त 'क्रेडिट स्कोर' की सूचना देने वाले मंच 'पैसा बाजार' के इस अध्ययन के मुताबिक, ''1960 के दशक में जन्मे उपभोक्ताओं ने औसतन 47 साल की उम्र में अपना पहला कर्ज लिया। वहीं, 1990 के दशक में जन्मे उपभोक्ता कर्ज लेने की शुरूआत 25 से 28 वर्ष की उम्र में ही कर रहे हैं।''

## एक अध्ययन रिपोर्ट में यह आंकड़ा जारी किया गया

### कर्ज की पहुंच पहले से आसान हुई

बिनानी ने कहा कि विश्लेषण से यह भी पता चलता है कि किस तरह समय के साथ पूरा परिवेश बेहतर हुआ और कर्ज पहुंच आसान होती गयी है। पैसाबाजार के अध्ययन के मुताबिक, कर्ज के लिए चुने जाने वाले उत्पादों में भी पीढ़ियों के बीच स्पष्ट बदलाव आया है।



### अब लोग कर्ज युवावस्था में ले रहे

अध्ययन के अनुसार, पहले लोग आवासीय ऋण को उम्रदराज होने पर लेते थे लेकिन अब युवावस्था में ही लोग कर्ज लेने लगे हैं। पहले घर के लिए कर्ज लेने की औसत उम्र 41 साल (1970 के दशक में जन्मे लोगों के लिए) हुआ करती थी, वहीं अब यह घटकर 28 वर्ष (1990 के दशक में जन्मे लोगों के लिए) हो गई है। इसी तरह, कारोबार के लिए पहला कर्ज लेने की औसत उम्र भी 42 साल से घटकर 27 साल हो गई है।

### उपभोक्ता अब असुरक्षित कर्ज ले रहे

जहां पिछली पीढ़ियां आमतौर पर अपनी कर्ज की शुरूआत आवास ऋण या वाहन कर्ज जैसे सुरक्षित कर्जों से करती थीं, वहीं 1990 के दशक में जन्मे उपभोक्ता आमतौर पर 25 से 28 वर्ष की उम्र में असुरक्षित माने जाने वाले क्रेडिट कार्ड, व्यक्तिगत ऋण और टिकाऊ उपभोक्ता सामानों के लिए कर्ज ले रहे हैं।

### उपभोक्ताओं की सोच में आया बदलाव

इससे यह स्पष्ट होता है कि कर्ज मिलना अब पहले से कहीं ज्यादा आसान हो गया है और उपभोक्ता की सोच में भी बदलाव आया है। पीबी फिनटेक समूह की इकाई पैसाबाजार ने इस रिपोर्ट में एक करोड़ से ज्यादा उपभोक्ताओं के कर्ज लेने की प्रवृत्ति का विश्लेषण किया है।

### जरूरतों को पूरा करने इस्तेमाल कर रहे कर्ज

पैसाबाजार की मुख्य उत्पाद अधिकारी राधिका बिनानी ने कहा, "आज के युवा उपभोक्ता ज्यादा जागरूक, महत्वाकांक्षी और डिजिटल रूप से सक्षम हैं। पहले की तुलना में वे न केवल जल्दी कर्ज ले रहे हैं बल्कि उसका अधिक आत्मविश्वास से और विभिन्न वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं।"

## खुदरा मुद्रास्फीति दर घटकर 3.16 प्रतिशत पर आई

# 6 साल में पहली बार खुदरा महंगाई सबसे कम! सब्जियों सहित खाने-पीने की चीजें हुई सस्ती

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सब्जियों, फलों एवं दालों की कीमतों में नरमी आने से अप्रैल में खुदरा मुद्रास्फीति की दर घटकर लगभग छह साल के निचले स्तर 3.16 प्रतिशत पर आ गई। इससे भारतीय रिजर्व बैंक के लिए जून की मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर में एक और कटौती की पर्याप्त गुंजाइश बन गई है।

मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति 3.16 प्रतिशत रही, जो जुलाई, 2019 के बाद का सबसे निचला स्तर है। जुलाई, 2019 में यह 3.15 प्रतिशत थी। मार्च, 2025 में खुदरा मुद्रास्फीति 3.34 प्रतिशत और अप्रैल, 2024 में 4.83 प्रतिशत थी।

### खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़े संतोषजनक दायरे में

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, पिछले महीने खाद्य मुद्रास्फीति घटकर 1.78 प्रतिशत पर आ गई, जो अक्टूबर, 2021 के बाद का सबसे निचला स्तर है। मार्च में खाद्य मुद्रास्फीति 2.69 प्रतिशत रही थी जबकि एक साल पहले अप्रैल में यह 8.7 प्रतिशत थी। खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़े भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संतोषजनक दायरे में बने हुए हैं।

## रेपो दर में एक और कटौती की गुंजाइश बन गई

**खास बातें**

- जुलाई 2019 के बाद खुदरा मुद्रास्फीति का सबसे निचला स्तर
- जुलाई, 2019 में खुदरा महंगाई 3.15 प्रतिशत थी



### अब आरबीआई पर है नजर

अप्रैल में आई इस राहत के बाद अब सभी की नजर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया पर है। पिछले महीने आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति ने रेपो रेट 6 फीसदी कर दिया था, और अब उम्मीद की जा रही है कि जून में एक और कटौती हो सकती है।

### जीडीपी में थोड़ी गिरावट

हाल ही में आरबीआई ने अपने 2025-26 के जीडीपी ग्रोथ अनुमान को 6.7 फीसदी से घटाकर 6.5 फीसदी कर दिया है। इसकी वजह बताई गई है वैश्विक व्यापार में अनिश्चितता और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा एशिया पर भारी टैरिफ लगाने की आशंका। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा के मुताबिक, अब फोकस सिर्फ महंगाई कंट्रोल करने से हटकर क्रेडिट ग्रोथ और इकनॉमिक सपोर्ट की ओर जा सकता है।

### खाने की चीज़ों के दाम कुछ थमे

*अप्रैल 2025 में फूड इंफ्लेशन गिरकर 1.78 फीसदी पर आ गई। मार्च में ये 2.69 फीसदी थी और फरवरी में 3.75 फीसदी। यानी थाली कुछ हद तक सस्ती हुई है। लेकिन सब कुछ नहीं, तेल, फल और दूध जैसी चीजें अब भी महंगी बनी हुई हैं।*

### कुछ चीजें महंगी भी हुईं

*महीने दर महीने की बात करें, तो सब्जियों, अंडों, दालों और मांस-मछली के दाम धीमी रफ्तार से बढ़े, लेकिन फल, तेल और दूध की कीमतों में उछाल जारी रहा। कुल मिलाकर, फूड एंड बेवरेजेस में सालाना 2.14 फीसदी की बढ़ोतरी हुई, जबकि मार्च में ये 2.88 फीसदी थी।*

### 4 फीसदी से नीचे महंगाई

*3 महीने लगातार महंगाई 4 फीसदी से नीचे रही है। ऐसा पिछले 5 सालों में पहली बार हुआ है। एक पोल में 21 अर्थशास्त्रियों ने अनुमान लगाया था कि अप्रैल में महंगाई 3.2 फीसदी रह सकती है। जबकि असल आंकड़ा उससे भी थोड़ा नीचे रहा।*

# अचानक से शेयर बाजार में भूचाल, सेंसेक्स में 1282 अंक की गिरावट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



स्थानीय शेयर बाजार में रिकॉर्ड तेजी के एक दिन बाद मंगलवार को बड़ी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 1,282 अंक लुढ़क गया। आईटी और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 1,281.68 अंक यानी 1.55 प्रतिशत का गोता लगाते हुए 81,148.22 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,386.21 अंक तक लुढ़क गया था। सेंसेक्स के शेयरों में 25 नुकसान में जबकि पांच लाभ में रहे। निफ्टी भी 346.35 अंक गिरावट के साथ 24,578.35 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में इन्फोसिस में 3.54 प्रतिशत की गिरावट आई।

- आईटी और एफएमसीजी के शेयरों में रही मुनाफावसूली

इसके अलावा पावर ग्रिड, इटर्नल, एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, भारती एयरटेल, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एनटीपीसी, मारुति, टाटा मोटर्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी नीचे आए। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में... सन फार्मा, अदाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस, भारतीय स्टेट बैंक शामिल हैं। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजित मिश्रा ने कहा कि मुनाफावसूली चौतरफा रही। आईटी, दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी) और वाहन शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

### द. कोरिया व जापान के बाजार में रही बढ़त

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट बढ़त में रहे, जबकि हांगकांग के हैंगसेंग में गिरावट रही। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर कारोबार में ज्यादातर में तेजी का रुख था। चीन और अमेरिका के बीच व्यापार तनाव कम होने के बाद सोमवार को अमेरिकी बाजारों में तेजी रही।

## चीन के एंट ग्रुप ने पेटीएम में चार फीसदी हिस्सेदारी बेची

**कंपनी ने हिस्सेदारी 2,103 करोड़ में बेची**



**नई दिल्ली।** चीन की प्रमुख वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी एंट ग्रुप ने मंगलवार को डिजिटल भुगतान कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस में चार प्रतिशत हिस्सेदारी 2,103 करोड़ रुपये में बेच दी। यह सौदा खुले बाजार के लेनदेन के माध्यम से हुआ। बीएसई के आंकड़ों के अनुसार, जाने-माने उद्योगपति जैक मा के एंट ग्रुप ने अपने सहयोगी एंटफिन नीदरलैंड होल्डिंग बी वी के माध्यम से दो अलग-अलग थोक सौदों के माध्यम से पेटीएम की मूल कंपनी नोएडा स्थित वन97 कम्युनिकेशंस में 2.55 करोड़ से अधिक शेयर यानी चार प्रतिशत हिस्सेदारी बेची। एंट ग्रुप को पहले एंट फाइनेंशियल के नाम से जाना जाता था। यह चीन के अलीबाबा समूह की कंपनी है।

## आदित्य बिड़ला कैपिटल का लाभ 30 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी आदित्य बिड़ला कैपिटल का मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 30 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ 865 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 1,245.41 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। आदित्य बिड़ला कैपिटल ने मंगलवार को शेयर बाजारों को दी सूचना में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में इसकी कुल आय बढ़कर 12,239 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले की अवधि में 10,803 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने कहा कि उसके निदेशक मंडल ने गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) सहित ऋण प्रतिभूतियां जारी कर 1,65,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। एक अलग बयान में कंपनी ने कहा कि उसका कुल ऋण पोर्टफोलियो 31 मार्च, 2025 तक सालाना आधार पर 27 प्रतिशत बढ़कर 1,57,404 करोड़ रुपये हो गया।

## सोने में 950 रुपये की बढ़त और चांदी रही कमजोर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



विदेशी बाजारों में मजबूती के रुख के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 950 रुपये बढ़कर 97,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,000 रुपये बढ़कर 97,100 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। सोमवार को 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत वाले सोने की कीमत 3,400-3,400 रुपये की भारी गिरावट के साथ क्रमशः 96,550 रुपये और 96,100 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। इस बीच, चांदी की कीमत 250 रुपये की गिरावट के साथ 99,450 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि इसका पिछला बंद भाव 99,700 रुपये प्रति किलोग्राम था। अबन्स फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) चिंतन मेहता ने कहा, ''अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध में विराम के बाद सुरक्षित निवेश की मांग में कमी आने से सोने की कीमतों में तेज गिरावट आने के बाद फिर से उछाल आया है।'' अमेरिका ने चीनी आयात पर शुल्क को 145 प्रतिशत से घटाकर 30 प्रतिशत करने पर सहमति जताई है, जबकि चीन ने अमेरिकी वस्तुओं पर शुल्क को 125 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया है। मेहता ने कहा कि शुल्क में इस राहत से वैश्विक बाजारों में कुछ शांति आई, जिससे शेयर बाजार में तेजी आई।

### सोमवार को सोने में आई थी तीन फीसदी की गिरावट

*कोटक सिक्योरिटीज में एवीपी (जिंस शोध) कायनात चैनवाला ने कहा, ''सोने में सोमवार को तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई, जो लगभग दो सप्ताह में सबसे कमजोर बंद स्तर है। हालांकि, मंगलवार को सोने में थोड़ी तेजी आई और यह 3,240 डॉलर प्रति औंस से ऊपर पहुंच गया।''*

## सीमेंस का लाभ 37 फीसदी घटकर 408 करोड़ रुपये



**नई दिल्ली।** प्रौद्योगिकी कंपनी सीमेंस का शुद्ध लाभ मार्च तिमाही में सालाना आधार पर 37 प्रतिशत से अधिक घटकर 408 करोड़ रुपये रहा है। मुख्य रूप से स्थिर और अन्य लागत बढ़ने से कंपनी का मुनाफा नीचे आया है। अक्टूबर से सितंबर के वित्त वर्ष का अनुसरण करती है। सीमेंस ने मंगलवार को बयान में कहा कि कंपनी का शुद्ध लाभ 31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही में 649 करोड़ रुपये था।

## क्रेडिफिन लिमिटेड ने लॉन्च किया ईवी स्टार्टअप लोन

**नई दिल्ली।** भारत के मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध एनबीएफसी क्रेडिफिन लिमिटेड (पूर्व नामः पीएचएफ लीजिंग लिमिटेड) ने अपने नए उत्पाद 'ईवी स्टार्टअप लोन' की घोषणा की है। इस कंपनी का उद्देश्य ईवी डीलरशिप और संबंधित व्यवसायों के जरिये उद्यमिता को बढ़ावा देना है। इस योजना के तहत इच्छुक व्यक्ति या कंपनियां जो ईवी डीलरशिप या ईवी आधारित व्यवसाय शुरू करना चाहते हैं, उन्हें 50 लाख तक का ऋण मिलेगा। विशिष्ट जरूरतों के आधार पर यह राशि आगे बढ़ाई भी जा सकती है। क्रेडिफिन की योजना अगले 2-3 वर्षों में 13 राज्यों के 200 से अधिक शहरों में 1000 ईवी उद्यमियों को शामिल करने की है। फिलहाल कंपनी के पास ई-रिक्शा, एल5 और ईवी टू-व्हीलर सेगमेंट में 100 से अधिक ओईएम पार्टनरशिप हैं। यह न केवल फाइनेंसिंग सुविधा प्रदान करेगी, बल्कि प्रतिष्ठित ईवी निर्माताओं के साथ बिना किसी लागत के डीलरशिप शुरू करने में भी मदद करेगी। इसके साथ ही क्रेडिफिन डीलरों को ट्रेड एडवांस और अंतिम ग्राहकों को वाहन वित्तपोषण भी उपलब्ध कराएगी। क्रेडिफिन के सीईओ शल्य गुप्ता ने कहा, "क्रेडिफिन में हम भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं और ऐसा करने का इससे बेहतर तरीका क्या हो सकता है कि हम यह सुनिश्चित करें कि हमारे उद्यमियों के पास एक सक्षम बनाने वाला वातावरण हो।

## राशिफल

**मेष** शैक्षिक कार्यों में कठिनाइयां आ सकती हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र का आगमन हो सकता है। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं।

**मिथुन** मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। संयत रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। परिवार में मान-सम्मान मिल सकता है।

**कर्क** चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। मन परेशान रहेगा। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**सिंह** घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। किसी पैतृक सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। संचित धन में कमी आ सकती है।

**कन्या** परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार में शान्ति के लिए प्रयास करें। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**तुला** आय बढ़ोतरी के मार्ग प्रशस्त होंगे। खर्चों की अधिकता से परेशान हो सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**वृश्चिक** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से धन की प्राप्ति होगी। अति उत्साही होने से बचें।

**धनु** नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**मकर** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**कुंभ** तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

**मीन** मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

## इफको के दो नए संयंत्रों में उत्पादन शुरू




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश की प्रमुख उर्वरक कंपनियों में से एक सहकारी संस्था इफको ने उत्तर प्रदेश में दो नए संयंत्रों में नैनो लिक्विड डीएपी (डाय-अमोनियम फॉस्फेट) का वाणिज्यिक उत्पादन शुरू किया है, जिनमें से प्रत्येक की क्षमता दो लाख बोतल प्रतिदिन की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में इफको ने कहा कि उसने ''उत्तर प्रदेश में आंवला, बरेली और फूलपुर, प्रयागराज में अपने दो और नैनो संयंत्रों में इफको नैनो डीएपी लिक्विड का वाणिज्यिक उत्पादन शुरू कर दिया है।'' इसमें कहा गया कि दोनों नैनो उर्वरक संयंत्रों की क्षमता दो लाख बोतल (500 मिली) प्रतिदिन उत्पादन करने की है। इफको ने कहा, ''उत्पादन में इस वृद्धि से देश में नैनो डीएपी लिक्विड की आपूर्ति बढ़ेगी और यह देश भर के हमारे किसानों को आसानी से उपलब्ध होगा।'' पांच इफको नैनो उर्वरक संयंत्रों की कुल क्षमता प्रतिदिन 9.5 लाख बोतल है, जिसमें नैनो यूरिया और नैनो डीएपी दोनों शामिल हैं। इफको ने दावा किया, ''नैनो डीएपी लिक्विड पारंपरिक डीएपी की तुलना में बेहतर विकल्प है क्योंकि नैनो डीएपी में 100 नैनोमीटर से कम कण होते हैं, जो इसे अधिक प्रभावी बनाते हैं। यह पारंपरिक उर्वरकों की तुलना में मिट्टी के पोषक तत्वों को बढ़ाता है। यह बेहतर फसल वृद्धि और अधिक पैदावार को भी बढ़ावा देता है।''

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## शब्द पहेली - 5866



**बाएँ से दाएँ**


1.बलवान,ताकतवर-4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)-4
6.अनाज, धान-2
7.अवनति-3
8.जीवन तत्व-2
10.पुलिसकर्मी-4
11.भीगा हुआ-2
13.घमंडी,अभिमानी-4
15.दर्शन-3
17.अजदहा,शयालु-4
20.वायु रोग-2
21.दोस्त,सखा-3
23.ख्वाब,स्वप्न-3
25.अपशिष्ट पदार्थ-2
26.जंगल की आग-4
29.पुत्र,लड़का-3
31.पैगंबर,महापुरुष-4
32.राय,वोट-2
34.आफिस,दफ्तर-4
35.वीज,वीर्य-2
37.घर,भवन-3
39.सप्तम-2
40.आक्रमण,हमला-4
41.बलवान,सबल-4

**ऊपर से नीचे**

1.एक छोटी डबलरोटी-2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी-4
3.मौसम,ऋतु-2
4.खोदना-3
5.छुट्टी,अवकाश-2
6.उदास,दुखी-4
7.पंख,पराया-2
9.जहीनता-4
10.आवश्यकता-4
12.अभिमान,गरुर-2
14.अग्नि,अनल-2
16.विदा होना-3
18.कुशल-3
19.फलों का रस-2
21.संगम,मिलना-3
22.वायदा-2
24.हार,मात-4
25.स्वार्थी-4
27.दीवार (अंग्रेजी-2)
28.आदत-4
30.यमराज-2
31.उथल-पुथल-4
33.पदक-3
34.श्रवणेंद्रिय-2
36.जीत,विजय-2
38.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.पत्नी की बहन-2

**शब्द पहेली- 5865 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ना | द | र | णी | य | | प्र | क्षे | प | क |
| सं | ग | | वे | | कृ | पा | ण | | र | म |
| वै | | अ | दा | व | त | | य | हां | | जो |
| धा | रा | दा | र | | | अ | | का | त | र |
| नि | | व | | प्र | क्षा | ल | न | | म | |
| क | म | त | र | ता | | सा | ग | र | गा | मी |
| | लि | | स | र | मा | या | | द | | न |
| बे | का | बू | | णा | | | व | न | वा | सी |
| क | | आ | स | | अ | द | र | क | | लै |
| द | म | | ब | हा | र | | दा | | ता | व |
| र | सा | त | ल | | ज | ही | न | कु | श | ल |



# आईपीएल : आरसीबी सहित कई को झटका, इन खिलाड़ियों का खेलना मुश्किल

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 एक बार फिर शुरू होने जा रहा है। भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण इसे एक हफ्ते के लिए स्थगित किया गया था। 17 मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा, लेकिन उससे पहले RCB को दो बड़े झटके लग सकते हैं। कप्तान रजत पाटीदार पूरी तरह फिट नहीं हैं और उनकी उपलब्धता संदिग्ध है। जोश हेजलवुड के भारत लौटने की संभावना काफी कम नजर आ रही है।

### पाटीदार की वापसी लग रही मुश्किल

मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, रजत को चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ मैच के दौरान उंगली में चोट लगी थी। माना जा रहा है कि उन्हें ठीक होने में काफी समय लग सकता है और वे इंग्लैंड दौरे पर जाने वाली इंडिया-ए टीम से भी बाहर हो सकते हैं। फिलहाल उन्हें उंगली की सुरक्षा के लिए स्प्लिंट (सख्त पट्टी या ढांचा) पहनने की सलाह दी गई है और उनकी चोट की स्थिति आने वाले दिनों में दोबारा जांची जाएगी।

### हेजलवुड का लौटना क्यों है मुश्किल?

आरसीबी के प्रमुख तेज गेंदबाज हेजलवुड की उपलब्धता को लेकर भी स्थिति स्पष्ट नहीं है। हेजलवुड ऑस्ट्रेलिया लौट गए थे। उन्हें पहले से कंधे में चोट थी, जिससे वे सीएसके के खिलाफ पिछला मैच नहीं खेल पाए थे। इसके अलावा, वे भारत के खिलाफ 5 में से 3 टेस्ट, श्रीलंका दौरा और चैंपियंस ट्रॉफी भी नहीं खेल पाए थे। 11 जून को होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल को देखते हुए उनका टीम से जुड़ना मुश्किल लग रहा है।



### पहले भी लगा था आरसीबी को झटका

आईपीएल के स्थगित होने से पहले आरसीबी को एक और झटका लगा था, जब मध्यक्रम के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल चोटिल होने के कारण पूरे संस्करण से बाहर हो गए थे। उनकी जगह आरसीबी ने मयंक अग्रवाल को टीम में शामिल किया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अगर रजत उपलब्ध नहीं रहते हैं तो टीम की कप्तानी विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा को सौंपी जा सकती है। रजत को इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। रजत ने इस संस्करण 11 मुकाबले खेले और इसकी 10 पारियों में 23.90 की औसत और 140.58 की स्ट्राइक रेट से 239 रन बनाने में सफल रहे। उनके बल्ले से 2 अर्धशतक निकले और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 64 रन रहा। हेजलवुड ने 10 मैचों की 10 पारियों में 17.27 की औसत के साथ 18 विकेट अपने नाम किए। उनकी इकॉनमी रेट 8.44 की रही।

### सीए ने आईपीएल में लौटने का फैसला खिलाड़ियों पर छोड़ा

*सिडनी। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने मंगलवार को कहा कि वह इंडियन प्रीमियर लीग में लौटने के खिलाड़ियों के 'व्यक्तिगत फैसले' का सम्मान करेगा हालांकि आईपीएल की बहाली की तारीखें विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल फाइनल की तैयारियों से टकरा रही हैं। बीसीसीआई ने सोमवार को फैसला किया कि आईपीएल का यह सत्र 17 मई से छह स्थानों पर बहाल होगा जबकि फाइनल तीन जून को खेला जायेगा। इससे आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट क्रिकेटरों के सामने दुविधा पैदा हो गई है क्योंकि 11 जून से दोनों टीमों के बीच लॉर्डस पर डब्ल्यूटीसी फाइनल होना है। खिलाड़ियों के फैसले का सम्मान करेंगे क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने एक बयान में कहा आईपीएल के शनिवार से फिर शुरू होने के ऐलान के बाद क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने तय किया है कि इसके लिये भारत लौटने या नहीं लौटने के खिलाड़ियों के व्यक्तिगत फैसले का वह सम्मान करेगा। इसमें कहा गया हम सुरक्षा इंतजामात को लेकर बीसीसीआई और आस्ट्रेलियाई सरकार के संपर्क में हैं। संशोधित कार्यक्रम के तहत अब यह टूर्नामेंट टूर्नामेंट अब लंदन में डब्ल्यूटीसी फाइनल से आठ दिन पहले खत्म होगा जिसमें आस्ट्रेलिया का सामना दक्षिण अफ्रीका से है।*

### 11 जून से होना है वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप

11 जून से वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 का फाइनल मुकाबला साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला जाएगा। कुल मिलाकर, ऐसे कई देश हैं जिनके इंटरनेशनल खिलाड़ी बड़े मैचों में बिजी रहेंगे जैसे ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज। ऐसे में अब यह खिलाड़ी आईपीएल 2025 के मैचों में नज़र नहीं आ सकते हैं।

### वेस्ट इंडीज-इंग्लैंड के ये खिलाड़ी लौट सकते हैं घर

बता दें कि इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच 29 मई से 3 जून तक वनडे सीरीज आयोजित की जाएगी। ऐसे में आईपीएल 2025 में इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों का खेलना मुश्किल नजर आ रहा है। वेस्टइंडीज की टीम में रोमारियो शेफर्ड, सुनील नारायण, निकोलस पूरन और आंद्रे रसेल जैसे खिलाड़ी हैं। ऐसे में इन खिलाड़ियों का आईपीएल के बचे हुए मुकाबलों में हिस्सा लेना मुश्किल है। इसके अलावा इंग्लैंड के जोस बटलर, जोफ्रा आर्चर, सैम करन, विल जैक्स, फिल सॉल्ट और मोईन अली इंटरनेशनल टीम में शामिल हैं।

### इन बड़ी टीमों को लग सकता है झटका

ऐसे में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर सहित मुंबई इंडियंस, कोलकाता नाइट राइडर्स, चेन्नई सुपर किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स जैसी बड़ी टीमों को झटका लगेगा। हालांकि चेन्नई की टीम आईपीएल 2025 से बाहर हो चुकी है, लेकिन बाकी टीमों के लिए अब मुश्किलें बढ़ सकती हैं। दिल्ली कैपिटल्स के भी सबसे मजबूत खिलाड़ी इस मुकाबले में नजर नहीं आएंगे, क्योंकि यह आईसीसी के बड़े टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला होगा। ऐसे में ये खिलाड़ी आईपीएल से ब्रेक लेंगे। इनके वापस भारत लौटने की संभावना कम है।

## खबर संक्षेप



### बोपन्ना और पावलासेक की जोड़ी रोम मास्टर्स से बाहर

**रोम।** भारत के रोहन बोपन्ना और चेक गणराज्य के उनके जोड़ीदार एडम पावलासेक की जोड़ी मंगलवार को यहां जो सैलिसबरी और नील स्कूपस्की की ब्रिटेन की जोड़ी से सीधे सेटों में हारकर रोम मास्टर्स की पुरुष युगल स्पर्धा से बाहर हो गयी बोपन्ना और पावलासेक प्री-क्वार्टर फाइनल मैच को एक घंटे आठ मिनट में 3-6, 3-6 से हार गए। बोपन्ना की हार के साथ ही इस 'क्ले कोर्ट' टूर्नामेंट से भारतीय चुनौती समाप्त हो गयी। एटीपी 1000 स्तर के इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाले एक अन्य भारतीय युकी भांबरी और अमेरिका के उनके जोड़ीदार रॉबर्ट गालोवे को शुरुआती दौर में ही शिकस्त का सामना करना पड़ा था।

### क्वीन सिरिकिट कप में जारा आनंद भारतीयों में शीर्ष पर

**मियाजाकी (जापान)।** जारा आनंद क्वीन सिरिकिट कप गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर के बाद संयुक्त रूप से 12वें स्थान के साथ भारतीय खिलाड़ियों के बीच शीर्ष पर हैं। भारत की सबसे प्रतिभावान एमेच्योर खिलाड़ियों में से एक जारा



ने तीन बर्डी की लेकिन चार बोगी भी कर गईं जिससे उनका स्कोर एक ओवर रहा। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही दो अन्य भारतीय हीना कांग (76) और मन्नत बरार (77) क्रमशः संयुक्त 21वें और संयुक्त 25वें पायदान पर हैं। हीना ने दो बर्डी के अलावा चार बोगी और एक डबल बोगी की जबकि मन्नत ने दो बर्डी, पांच बोगी और एक डबल बोगी की। भारतीय टीम अपने शीर्ष दो खिलाड़ियों के स्कोर से कुल पांच ओवर 149 के स्कोर से संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर है।

### अल्कारेज ने इटैलियन ओपन में खचानोव को हराया

**रोम।** स्टार खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज ने मंगलवार को यहां कड़े मुकाबले में कैरेन खचानोव को हराकर इटैलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी अल्कारेज ने 24वें नंबर



के खिलाड़ी खचानोव के खिलाफ 6-3, 3-6, 7-5 से जीत दर्ज की। खचानोव के खिलाफ पांच मैच में यह अल्कारेज की पांचवीं जीत है। पिछले महीने बार्सीलोना ओपन के फाइनल के दौरान दाहिने पैर में चोट लगने के कारण अल्कारेज मैड्रिड ओपन से हट गए थे। उनके बाएं पैर में भी चोट लगी थी। अप्रैल में मोंटे कार्लो मास्टर्स का खिताब जीतने वाले अल्कारेज ने मौजूदा सत्र में क्ले कोर्ट पर 12 मैच जीते हैं और एक मैच गंवाया है। चार बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन अल्कारेज क्वार्टर फाइनल में जैक ड्रैपर से भिड़ेंगे जिन्होंने पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए कोरेनटिन मोटेट को 1-6, 6-4, 6-3 से हराया।

### फाइनल मुकाबला 11 जून से लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा

# वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल कमिंस की कप्तानी में खेलेगी ऑस्ट्रेलियाई टीम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 2025 के लिए ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम का ऐलान हो गया है। पैट कमिंस की कप्तानी में 15 सदस्यीय टीम को तैयार किया गया है, जिसमें कई अनुभवी खिलाड़ियों के साथ कुछ नए चेहरों को भी मौका मिला है।

टीम में स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, नाथन लियोन और मार्नस लाबुशेन जैसे बड़े नाम शामिल हैं। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ इस अहम मुकाबले के लिए ब्रेंडन डॉगेट को रिजर्व खिलाड़ी चुना गया है। फाइनल मुकाबला 11 जून से लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा।

### ऑस्ट्रेलिया की टीम

पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, उस्मान ख्वाजा, सैम कॉन्स्टास, मैट कुह्नमैन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क और ब्यू वेबस्टर।



### ग्रीन की हुई वापसी

*मार्च 2024 में अपना आखिरी टेस्ट मैच खेलने वाले ग्रीन की वापसी हुई है। उनके पीठ की सर्जरी हुई थी। इस कारण वह इतने दिन क्रिकेट के मैदान से दूर थे। वह भारत के खिलाफ खेली गई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भी नहीं खेल पाए थे। ग्रीन ने 28 टेस्ट की 43 पारियों में 36.23 की औसत से 1,377 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 2 शतक और 6 अर्धशतक निकले हैं। गेंदबाजी में उनके नाम 35 विकेट है।*

### कौन है रिजर्व खिलाड़ी ब्रेंडन डॉगेट?

डॉगेट ने ऑस्ट्रेलिया के लिए अब तक एक भी टेस्ट नहीं खेला है। उन्होंने 48 प्रथम श्रेणी मुकाबलों की 86 पारियों में 27.32 की औसत से 177 विकेट अपने नाम किए हैं। उन्होंने 10 बार 4 विकेट हॉल और 7 बार 5 विकेट हॉल झटके हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 6/15 का रहा है। लिस्ट-ए क्रिकेट में इस खिलाड़ी के नाम 16 मैच की 15 पारियों में 36 की औसत से 24 विकेट है। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4/75 का रहा है।

### दोनों टीमों का प्रदर्शन

दक्षिण अफ्रीका की टीम 12 मैचों में (8 जीत और 3 हार) 69.44 प्रतिशत अंकों के साथ पहली बार डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाने में सफल रही थी। यह टीम अंक तालिका में पहले स्थान पर थी। इसी तरह ऑस्ट्रेलिया टीम ने 17 मैचों में (11 जीत और 4 हार) 63.73 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल का टिकट कटाया था। उसने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 3-1 से अपने नाम की थी।

### दक्षिण अफ्रीका ने किया अपनी टीम का ऐलान, लुंगी-रबाडा की हुई वापसी



विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट ने अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। 11 जून को ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ यह फाइनल मुकाबला लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाना है। लुंगी एनगिडी की टीम में वापसी हुई है। वह चोटिल होने के कारण टीम से बाहर चल रहे थे। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी टीम का ऐलान पहले ही कर दिया है। तेज गेंदबाज रबाडा ने मनोरंजक ड्रग लिया था, जिस कारण उनका परीक्षण सकारात्मक पाया गया था। उन्हें एक महीने के लिए निलंबन झेलना पड़ा था, अब उपचार कार्यक्रम के बाद आईसीसी ने उन्हें खेलने की मंजूरी दे दी है। दक्षिण अफ्रीका की टीमः तेम्बा बावुमा (कप्तान), टोनी डी जोरजी, एडेन मार्करम, वियान मुल्डर, मार्को यानसन, कगिसो रबाडा, केशव महाराज, लुंगी एनगिडी, कॉर्बिन बॉश, काइल वेरेंने (विकेटकीपर), डेविड बेडिंघम, ट्रिस्टन स्टब्स, रयान रिकेल्टन, सेनुरन मुथुसामी और डेन पैटरसन।

### बुमराह ने खुद को किया अलग

# अब इन खिलाड़ियों से चुना जाएगा कप्तान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया। इसके बाद से ही यह चर्चा तेज हो गई है कि भारत का नया टेस्ट कप्तान कौन होगा। हालांकि कुछ समय पहले तक यह दावा किया जा रहा था कि शुभमन गिल, केएल राहुल और जसप्रीत बुमराह कप्तानी के सबसे बड़े दावेदार हैं। लेकिन हाल ही में हुए खुलासे ने सभी को चौंका दिया है।

दरअसल, एक मीडिया चैनल की रिपोर्ट के मुताबिक जसप्रीत बुमराह ने खुद को भारत के अगले टेस्ट कप्तान बनने की दौड़ से बाहर कर लिया है। यानी जसप्रीत बुमराह भारत की कप्तानी संभालना नहीं चाहते। ऐसे में अब उनकी जगह एक नया दावेदार इस रेस में जुड़ गया है। शुभमन गिल लंबे समय से भारतीय टीम में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि ऋषभ पंत का टेस्ट में शानदार रिकॉर्ड रहा है। ऋषभ पंत का गाबा टेस्ट मैच आज भी यादगार है। ऐसे में उन्हें यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है।



### ऋषभ का टेस्ट में शानदार रहा रिकॉर्ड

शुभमन गिल और केएल राहुल से भी ज्यादा इस समय सबसे बड़ी दावेदारी ऋषभ पंत की नजर आ रही है। ऋषभ पंत भारत के नए टेस्ट कप्तान बन सकते हैं। उन्हें उनके शानदार प्रदर्शन के चलते यह जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। टेस्ट में ऋषभ का हमेशा से ही शानदार रिकॉर्ड रहा है।

### अब ये खिलाड़ी बन गया सबसे बड़ा दावेदार

दरअसल, अब कुल मिलाकर तीन नाम इस रेस में शामिल हैं केएल राहुल, शुभमन गिल और ऋषभ पंत। बता दें कि हाल ही में दिल्ली कैपिटल्स की टीम की कप्तानी संभालने से केएल राहुल ने इनकार कर दिया था। ऐसे में अगर वह भारतीय टीम की कप्तानी संभालने से भी मना कर देते हैं, तो भारत के नए कप्तान के रूप में दो ही चेहरे दिखाई दे रहे हैं।

## इंग्लैंड का प्रदर्शन श्रीलंका, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से भी खराब



दुबई। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल की ताजा वनडे रैंकिंग के बाद इंग्लैंड क्रिकेट टीम का 2027 वनडे विश्व कप में सीधे पहुंचना खतरे में लग रहा है। 2019 की चैंपियन इंग्लैंड अब रैंकिंग में 8वें स्थान पर पहुंच गई है। उनका रेटिंग अंक सिर्फ 84 है। वह अब श्रीलंका, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से भी पीछे हैं। इंग्लैंड ने 4 मई 2024 से 5 मई 2025 तक खेले गए 14 वनडे मैचों में सिर्फ 3 ही मुकाबले जीत पाए थे।

### नेपाल और बांग्लादेश से भी खराब प्रदर्शन

इंग्लैंड के हालिया खराब प्रदर्शन ने उनकी 2027 विश्व कप में सीधे क्वालीफाई करने की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा दिया है। उनका जीत-हार का अनुपात सिर्फ 0.272 का है, जो बहुत ही कम है। वे अब सिर्फ नेपाल (0.200) और बांग्लादेश क्रिकेट टीम (0.142) से ऊपर हैं। इस कमजोर अनुपात के कारण उनका विश्व कप में सीधे खेलना खतरे में पड़ गया है। इंग्लैंड को टूर्नामेंट में जगह बनाने के लिए आने वाले मैचों में बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

### वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज खेलेगी इंग्लैंड

*अभी इंग्लैंड आईसीसी वनडे रैंकिंग में आठवें स्थान पर है और वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम से सिर्फ एक अंक आगे है, जबकि वेस्टइंडीज 9वें स्थान पर है और उसके 83 रेटिंग अंक हैं।दोनों टीमें 29 मई से शुरू होने वाली 3 मैचों की वनडे सीरीज में आमने-सामने होंगी।अगर वेस्टइंडीज यह सीरीज जीत लेती है तो इंग्लैंड की 2027 विश्व कप में सीधे क्वालीफाई करने की संभावना और भी कम हो सकती है। अगर इंग्लैंड रैंकिंग के जरिए सीधे क्वालीफाई नहीं कर पाता है तो उसे पहली बार विश्व कप क्वालीफायर्स खेलने होंगे, जो उसके लिए एक नई और बड़ी चुनौती होगी। यह स्थिति 2023 में वेस्टइंडीज के जैसी होगी, जब वे क्वालीफायर्स खेले, लेकिन मुख्य टूर्नामेंट में जगह नहीं बना पाए। अब इंग्लैंड की कमान नए कप्तान हैरी ब्रूक के हाथ में है, जिन पर टीम को वनडे में सुधार की राह पर ले जाने की जिम्मेदारी होगी।*

### इस तरह टीमें लेंगी 2027 विश्व कप में भाग

2027 वनडे विश्व कप में 14 टीमें भाग लेंगी। सह-मेजबान जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका पहले ही क्वालीफाई कर चुके हैं। नामीबिया भी सह-मेजबान है इसके बावजूद सीधे प्रवेश नहीं मिलेगा, क्योंकि ICC नियमों के अनुसार केवल पूर्ण सदस्य देश ही स्वतः क्वालीफाई कर सकते हैं। 31 मार्च, 2027 तक की ICC वनडे रैंकिंग में शीर्ष 8 टीमें भी टूर्नामेंट में सीधे जगह बनाएंगी। बाकी टीमें क्वालीफायर टूर्नामेंट से तय होंगी।

### एशियाई शतरंजः श्रीजा शेषाद्रि संयुक्त रूप से शीर्ष पर बरकरार

**अल ऐन (यूएई)।** महिला ग्रैंडमास्टर श्रीजा शेषाद्रि मंगलवार को यहां एशियाई महाद्वीपीय महिला शतरंज चैंपियनशिप के सातवें दौर में सर्वोच्च रैंकिंग वाली भारतीय महिला खिलाड़ी वंतिका अग्रवाल के साथ कड़े मुकाबले को ड्रा खेलने के बाद तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष पर है। श्रीजा के पास इससे एक दिन पहले एकल बढ़त थी लेकिन इस ड्रा के बाद अब उनके नाम छह अंक है और वह तालिका में मंगोलिया की मुंगुनजुल बैट-एर्डीन के साथ शीर्ष पर है। मुंगुनजुल ने पीवी नंदिधा को मात दी। ओपन वर्ग की तालिका में ज्यादा बदलाव नहीं दिखा क्योंकि शीर्ष पर काबिज बर्दिया दानेश्वर (छह अंक) को रूस के इवान जेमलियान्स्की (5.5 अंक) ने ड्रा पर रोका। तीसरे स्थान पर रहे भारत के मुरली कार्तिकेयन (पांच) ने भी एक अन्य रूसी खिलाड़ी सर्गेई लोबानोव (पांच अंक) के साथ ड्रा खेला। प्रतियोगिता में अभी दो और दौर बचे हुए है।

## कोहली पहुंचे संत प्रेमानंदजी के दर्शन करने...



**मथुरा।** टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा करने के बाद भारत के स्टार क्रिकेटर विराट कोहली अपनी अभिनेत्री पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ अध्यात्मिक गुरू प्रेमानंद गोविंद शरण जी महाराज के दर्शन करने वृंदावन पहुंचे। वे आश्रम में करीब साढे तीन घंटे रुके। साझा किए गए वीडियो में विराट और अनुष्का को संत से आशीर्वाद लेते व प्रेमानंद जी महाराज से बात करते देखा गया जिसमें उन्होंने विराट से पूछा कि क्या वह खुश हैं। वृंदावन से लौटने से पूर्व वाराह घाट पर कुछ ही दूर स्थित संत प्रेमानंद के भी गुरू गौरांगी शरण महाराज के भी उन्होंने दर्शन किए।

### आदित्य-धावक कादिर खान ने केआईवाईजी रिकॉर्ड बनाए

**पटना।** धावक आदित्य पिसल रिकॉर्ड समय के साथ सबसे तेज एथलीट बनकर उभरे, जिससे महाराष्ट्र ने मंगलवार को खेलो इंडिया युवा खेलों (केआईवाईजी) की पदक तालिका में शीर्ष स्थान पर अपना दबदबा कायम रखा। पिसल ने 100 मीटर दौड़ में 10.62 सेकंड का समय निकालकर 2022 में पंचकूला में सदानंद कुमार द्वारा बनाए गए 10.63 सेकंड के पिछले मीट रिकॉर्ड में सुधार किया। उत्तर प्रदेश के कादिर खान ने पाटलिपुत्र खेल परिसर में रिकॉर्ड की झड़ी के बीच 400 मीटर का रिकॉर्ड अपने नाम किया। पिसल ने बिहार के प्रिंस कुमार (10.64 सेकंड) को पछाड़ा। महाराष्ट्र के रुद्र सचिन शिनी (10.78 सेकंड) ने कांस्य पदक जीता। पिसल, अर्जुन देशपांडे, 110 मीटर बाधा दौड़ के स्वर्ण पदक विजेता सैफ चापेकर और रुद्र शिंदे की महाराष्ट्र की चौकड़ी ने चार गुणा 100 मीटर की स्पर्धा को 41.55 सेकंड के मीट रिकॉर्ड के साथ जीता।

### बुमराह-शार्दुल ने पहला टेस्ट विराट कोहली की कप्तानी में खेला था

# कई दिग्गज खिलाड़ियों ने किया विराट की कप्तानी में टेस्ट डेब्यू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। वह महान बल्लेबाज होने के साथ-साथ भारत के सबसे सफल टेस्ट कप्तान के तौर पर भी याद किए जाएंगे। उन्होंने अपनी कप्तानी में भारतीय क्रिकेट को नई दिशा दी और कई युवा खिलाड़ियों को टेस्ट डेब्यू का मौका दिया। उनकी कप्तानी में टीम ने कई ऐतिहासिक जीत अपने नाम की थी। ऐसे में आइए कोहली के नेतृत्व में टेस्ट डेब्यू करने वाले खिलाड़ियों पर एक नजर डालते हैं।

### इन तेज गेंदबाजों ने किया था डेब्यू

कोहली की कप्तानी में जसप्रीत बुमराह और शार्दुल ठाकुर ने अपना पहला टेस्ट मैच खेला था। बुमराह आज दुनिया के सबसे खतरनाक तेज गेंदबाजों में से एक माने जाते हैं। 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बुमराह ने किया था टेस्ट डेब्यू।



### इन बल्लेबाजों को भी कोहली की कप्तानी में मिला था मौका

करुण नायर, हनुमा विहारी, पृथ्वी शॉ और मयंक अग्रवाल ऐसे बल्लेबाज रहे, जिन्होंने कोहली की कप्तानी में ही अपना पहला टेस्ट मैच खेला था। हालांकि, अभी ये सभी खिलाड़ी टीम से बाहर चल रहे हैं। करुण ने अपना पहला मैच साल 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ खेला था। हनुमा ने भी अपना पहला मुकाबला 2018 में इंग्लैंड के ही खिलाफ खेला था। पृथ्वी और मयंक ने अपना टेस्ट डेब्यू क्रमशः वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ साल 2018 में किया था।

### हार्दिक, अक्षर जैसे ऑलराउंडरों ने किया था डेब्यू



कोहली की कप्तानी में हार्दिक पांड्या, जयंत यादव और अक्षर पटेल जैसे ऑलराउंडर खिलाड़ियों ने अपना टेस्ट डेब्यू किया था। हालांकि, अक्षर को छोड़कर हार्दिक और जयंत का टेस्ट करियर उतना सफल नहीं रहा। अक्षर ने इंग्लैंड के खिलाफ 2020 में अपना पहला टेस्ट मुकाबला खेला था, जबकि जयंत को 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ डेब्यू का मौका मिला था। हार्दिक ने 2017 में श्रीलंका क्रिकेट टीम के खिलाफ पहला टेस्ट मैच खेला था।

### 2 विकेटकीपर और एक स्पिन गेंदबाज का भी पदार्पण

भारत के सबसे सफल टेस्ट विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने भी अपना पहला टेस्ट मैच कोहली की कप्तानी में ही खेला था। पंत ने 2018 में इंग्लैंड के खिलाफ डेब्यू किया था। उनके अलावा विकेटकीपर बल्लेबाज नमन ओझा ने 2015 में श्रीलंका के खिलाफ उनकी ही कप्तानी में डेब्यू किया था, हालांकि वह कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर सके। स्पिन गेंदबाज शाहबाज नदीम ने 2019 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ डेब्यू किया, लेकिन उनका करियर भी ज्यादा प्रभावशाली नहीं रहा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109

## पीएम मोदी से पूछा, क्या अमेरिकी दबाव में 'ऑपरेशन सिंदूर' किया गया बंद?

# कांग्रेस का 'ट्रंप-कार्ड': कश्मीर मसले में मध्यस्थता की बात कहना बहुत ही गंभीर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत-पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता और संघर्ष विराम से जुड़े हालिया बयानों पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्र सरकार से स्पष्टीकरण की मांग की है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र के नाम संबोधन को निराशाजनक बताते हुए भारत-पाकिस्तान के बीच अचानक संघर्ष विराम की घोषणा पर हैरानी जतायी। उन्होंने कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा भारत पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम की घोषणा किए जाने से पूरा देश आश्चर्यचकित है।

### पीएम की चुप्पी से ट्रंप के हौसले बढ़े

गहलोत ने कहा कि ट्रंप भारत और पाकिस्तान को एक ही तराजू में क्यों तौल रहे हैं। पीएम मोदी के संबोधन से पहले ट्रंप ने ऐलान कर दिया कि उन्होंने दोनों देशों को व्यापार बंद करने का डर दिखाकर संघर्ष विराम करने को कहा। उन्होंने ट्रंप के उस बयान पर भी आपत्ति जताई, जिसमें उन्होंने



कश्मीर मुद्दे को सुलझाने के लिए मध्यस्थता की बात कही थी। उन्होंने कहा कि भारत की नीति शिमला समझौते के बाद से द्विपक्षीय मामलों में किसी बाहरी हस्तक्षेप के विरोध में रही है, ऐसे में ट्रंप के यह बयान गंभीर चिंता के विषय हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि मोदी सरकार की चुप्पी ने डोनाल्ड ट्रंप के हौसले बढ़ा दिए हैं।

उन्होंने पूछा कि ट्रंप के बयानों पर मोदी सरकार चुप क्यों है? क्या 'ऑपरेशन सिंदूर' अमेरिका के दबाव में स्थगित किया गया? उन्होंने कहा कि संघर्ष विराम करना ही था तो प्रधानमंत्री या विदेश मंत्री स्तर पर बात होनी चाहिए थी, जिसमें पाकिस्तान से उसकी धरती पर आतंकी अड्डे न पनपने देने का ठोस आश्वासन लिया जाता।

### *इंदिरा गांधी अमेरिकी धमकी के आगे नहीं झुकीं, तोड़ दिया था पाकिस्तान*

*गहलोत ने याद दिलाया कि अमेरिका ने हमेशा भारत पर दबाव डालने का प्रयास किया। 1971 के युद्ध के दौरान बंगाल की खाड़ी में सातवां नौसेना बेड़ा तैनात करके अमेरिका ने भारत को धमकाने की कोशिश की थी। इसके बावजूद तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आगे बढ़कर पाकिस्तान को दो टुकड़ों में तोड़ दिया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मुश्किल घड़ी में केंद्र सरकार का साथ दिया, लेकिन अचानक संघर्ष विराम से सब कुछ बदल गया और पाकिस्तान में पनपने वाले आतंकवाद को हमेशा के लिए खत्म करने का मौका गंवा दिया गया। भारत को पाकिस्तान की ऐसी स्थिति करनी चाहिए थी कि वह आतंकी हमले करने के काबिल न रहे, लेकिन अचानक संघर्ष विराम से देश हैरान रह गया। उन्होंने कहा कि संघर्ष विराम के बाद भी पाकिस्तान के हमले जारी रहे। सवाल उठता है कि जब हमारी सेना पाकिस्तान को धूल चटा रही थी, तो अचानक संघर्ष विराम की घोषणा क्यों कर दी गई। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने नैतिक अधिकार व नैतिक साहस दोनों खो दिए हैं।*

### भारत के साथ कोई देश खुलकर क्यों नहीं खड़ा हुआ?

उन्होंने देशवासियों की विभिन्न शंकाओं को दूर करने के लिए सर्वदलीय बैठक और संसद का विशेष सत्र बुलाने की अपनी पार्टी की मांग दोहराई। गहलोत ने कहा कि प्रधानमंत्री को यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि विपक्ष के समर्थन के बावजूद वे सर्वदलीय बैठक में क्यों शामिल नहीं हुए। उन्होंने आगे कहा कि तीसरी सर्वदलीय बैठक में प्रधानमंत्री आएंगे तो देश में अच्छा संदेश जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को यह बताना चाहिए कि पहलगाम हमले को लेकर कितने राष्ट्र हमारे साथ खड़े रहे। अजरबैजान व तुर्की पाकिस्तान के साथ आए, लेकिन हमारे साथ कोई देश खुलकर खड़ा नहीं हुआ। देश यह भी जानना चाहता है कि प्रधानमंत्री मोदी पर किस प्रकार का दबाव है कि वे कोई स्पष्टीकरण नहीं दे पा रहे हैं। सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी ने जब राष्ट्र के नाम संबोधन दिया तो उम्मीद थी कि वे इन बातों पर जवाब देंगे, लेकिन वे इनपर कुछ बोले ही नहीं।

## मंत्री शाह की आपत्तिजनक टिप्पणी से सोशल मीडिया पर भड़के लोग

# भाजपा हाईकमान के निर्देश पर मप्र में पार्टी के संगठन महामंत्री ने शाह को कड़ी हिदायत दी

### कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित और असभ्य टिप्पणी के बाद मंत्री शाह ने मांगी माफी

### कांग्रेस सहित विपक्ष की कई पार्टियों ने जतायी आपत्ति, पीएम से की माफी की मांग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चर्चा में आई कर्नल सोफिया कुरैशी पर मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार में मंत्री विजय शाह ने विवादित टिप्पणी की तो सोशल मीडिया पर लोग गुस्से से भड़क उठे। मंत्री के आपत्तिजनक बयान पर भाजपा ने कठोर रूख अपनाया। विजय शाह ने माफी मांगकर अपने बिगड़े बोलों की आग पर पानी डालने की कोशिश तो की पर लोगों की नाराजगी कम होने का नाम नहीं ले रही है। सोशल मीडिया पर लोग मंत्री विजय शाह की जमकर क्लास लगा रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार सोशल मीडिया पर यह मुद्दा भाजपा के लिए किरकरी की वजह बना तो नई दिल्ली से पार्टी हाईकमान ने भोपाल में मध्यप्रदेश भाजपा के संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा को निर्देश दिया कि मंत्री शाह को कड़ी हिदायत दी जाए। बयान के कुछ घंटों बाद ही मंत्री विजय शाह को भोपाल बुला लिया गया। भाजपा कार्यालय में संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने उनसे बंद कमरे में मुलाकात की। सूत्रों के अनुसार, पार्टी नेतृत्व ने मंत्री के बयान को लेकर गंभीर असंतोष जताया और उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है, सूत्रों की मानें तो मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी मंत्री के इस बयान पर नाराजगी जताई है और कड़ी शब्दों में समझाइश दी है।

विवाद गहराने और पार्टी की नाराजगी के बाद विजय शाह ने सार्वजनिक रूप से माफी मांगते हुए कहा, अगर मेरे बयान से कोई समाज या कर्नल सोफिया कुरैशी आहत हुए हैं तो मैं 10 बार माफी मांगता हूं। कर्नल सोफिया मेरी बहन जैसी हैं। मेरा खुद का परिवार भी सैन्य पृष्ठभूमि से है और हमने भी देश के लिए बलिदान दिया





है।वीडियो वायरल होने पर भाजपा के मंत्री के खिलाफ लोगों ने भड़ास निकाली है। वहीं कांग्रेस ने पीएम मोदी और मंत्री विजय शाह से माफी की मांग की है।

दरअसल, भाजपा नेता विजय शाह ने यह बयान सोफिया कुरैशी के धर्म को जोड़कर दिया गया है। बता दें कि मध्यप्रदेश के इंदौर जिले के महू में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में बीजेपी के मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर विवादित टिप्पणी कर दी। मंच से मंत्री विजय शाह ने कहा कि जिन लोगों ने हमारे देश के लोगों के कपड़े उतारे हमने उनकी समाज की बहन को भेजकर ऐसी तैसी करवा दी। दरअसल, जिस समय मंच से मंत्री ने यह बयान दिया था उस समय मंच पर केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर के साथ विधायक उषा ठाकुर भी मौजूद थीं।

भाजपा के मंत्री विजय शाह का यह बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। कांग्रेस ने एक्स पर मंत्री का वीडियो शेयर करते हुए भाजपा पर निशाना साधा है। कांग्रेस ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा- हमारी सेना की जांबाज बेटियां आतंकवादियों की बहन हैं। ये घटिया बात मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार के मंत्री विजय शाह ने कही है। भारत की जिन बेटियों पर सबको नाज है, उन बेटियों को लेकर ये शर्मनाक बयान दिया गया है। उन्हें आतंकवादियों की बहन बताया गया है। ये हमारी पराक्रमी सेना का अपमान है।

कांग्रेस ने एक्स पर आगे लिखा- ऐसे में सवाल है कि जो विजय शाह खुद को नरेंद्र मोदी का बेहद करीबी बताता है, उन्हें अपना मार्गदर्शक कहता है।

क्या भाजपा उसका इस्तीफा लेगी? क्या प्रधानमंत्री शाह की इस ओछी सोच के लिए माफी मांगेंगे? या हर बार की तरह इस घटिया सोच के लिए विजय शाह का भी प्रमोशन किया जाएगा, उसके समर्थन में रैलियां निकाली जाएंगी?

राजद ने बीजेपी नेता विजय शाह का एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा- देश की बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी को निर्लज्ज भाजपाई मंत्री "पाकिस्तानियों की बहन" कह रहा है! ऐसी संघी सोच के रहते भारत और पाकिस्तान की सोच में क्या अंतर रह जाएगा? भाजपा को नहीं पता कि भारतीय सेना में केवल कर्म, कर्तव्य, समर्पण और दायित्व का महत्व है।

## कुपवाड़ा में लोगों से मिले सीएम उमर अब्दुल्ला

# नुकसान के आंकलन के बाद मुआवजा देने का किया वादा

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को कुपवाड़ा जिले में पाकिस्तानी गोलीबारी से प्रभावित लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार नुकसान का आंकलन पूरा होने के बाद मुआवजा देगी। उन्होंने कहा कि ईश्वर की कृपा से किसी की जान नहीं गई है, लेकिन घरों, दुकानों और मदरसों जैसी सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचा है। अब हम एलओसी और सीमा क्षेत्रों में व्यक्तिगत बंकर भी बनवाने की कोशिश करेंगे। प्रशासन जल्द



ही नुकसान का आकलन पूरा कर लेगी। उसके बाद सरकार मुआवजा जारी करेगी। हमने सामूहिक बंकर बनाए थे, लेकिन उनका लंबे समय से उपयोग नहीं हुआ। अब हम लाइन ऑफ कंट्रोल और सीमा क्षेत्रों में व्यक्तिगत बंकर भी बनवाने की कोशिश करेंगे।

## भारत और अमेरिका बीटीए पर करेंगे वार्ता

# 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार बढ़कर 500 डॉलर करने पर बनेगी रणनीति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों का एक दल प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर अपने अमेरिकी समकक्षों के साथ 17 मई से वाशिंगटन में चर्चा करेगा। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अपनी यात्रा के दौरान गोयल के अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर और अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक के साथ बैठक करने की उम्मीद है। दोनों देश 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 191 अरब डॉलर से बढ़ाकर 500 अरब डॉलर करने के लिए समझौते



पर बातचीत कर रहे हैं। यह चार दिवसीय वार्ता (17-20 मई) ऐसे समय में हो रही है, जब दोनों देश इस वर्ष सितंबर-अक्टूबर तक व्यापार समझौते के पहले चरण को अंतिम रूप देंगे। देने से पहले 'शीघ्र पारस्परिक लाभ' सुनिश्चित करने के लिए वस्तुओं में अंतरिम व्यापार व्यवस्था की संभावना तलाश रहे हैं।




Terms and conditions apply. #Cashback offer is available on selected Honda2wheelers models for EMI transactions made using IDFC FIRST Bank credit cards through Pine Labs machines only. #Customers can avail 5% cashback, up to a maximum of ₹5000/-. #Valid on one transaction per card/order during the offer period. The scheme is available at selected outlets only. #The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, down payment, and tenure options are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. Nil Extra charges (0/- processing fee, 0/- Documentation Charge & 0/- Advance EMI) are applicable on Shine 100 model only. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. All offers are valid until 31st May 2025. The features shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: DELHI: SOUTH DELHI:** Malwa Honda (Lajpat Nagar) - 011-29840621/22, 9266802219; (Adchini) - 011-43073681, 8527996772/73; (Khanpur) - 011-40446391, 011-40446392, 9266802221; (Saheen Bagh Jamia) - 011-26950016/17, 9266802220; (Dakshinpuri) - 9266802215; (Sangam Vihar) - 9311227401, 9311227402; Pragnya Honda (Okhla) - 011-40581600, 9818856993; (Pul Pehladpur Badarpur) - 011-26366952, 9650028777; (Jaitpur) - 9818556993; Absolute Honda (Mahipalpur, NH-8) - 07947216270, 011-40470000, 9871600730, 9811625338, 9152462887; (RK Puram Sector 1) - 9871600734, 9871500735, 9069145268; (Chattarpur) - 9821814222, 9821813222; Uday Honda (Adchini) - 9212355514, 9212355515; (Aya Nagar) - 9266135550; **WEST DELHI:** Excel Honda (Raja Garden) - 9811096676, 01145528400 / 8500; (West Patel Nagar) - 9667530598; Shuban Sai Honda (Najafgarh) - 011-69651212, 9212385581/82; (Vikaspuri) - 8447527677, 8506999938/39, 8130988396; (Kakrola Mod) - 9212385537, 9212389007, 8506999936/37; (Vikas Nagar) - 9818826775; (Ranhola) - 9212385592; Dhingra Honda - (Peeragarhi) - 011-41400000, 9871200045, 9717455880; (Uttam Nagar) - 9717455884/85, 9717394588; (Nangloi) - 9871400045, 9717455883; (Kirari) - 9870200152; Excel Honda (Moti Nagar) - 011-47025801/02, 9999903295; (Mayapuri) - 011-49093930, 9811025879; (Raja Garden) - 011- 45528400/500, 9811096676; (West Patel Nagar) - 9667530598; (Amanpuri) - 9289739970; V.D. Honda (Mahavir Enclave) - 9650415522, 7042294777, 7042294776, 9212670292, 7291998261; (Dabri) - 9212670291; (Bijwasan) - 9599442118, 7290068240; (Rajapuri) 9212670215, 9910364903, 7290068239; (Kapashera) 7290068238, 9910014183; **CENTRAL DELHI:** J.B. Honda (Jhande Walan) - 01143724442, 9555007307; (Shastri Nagar) - 8882719494, 9999786767; (Naraina) - 9310059001; (Tri Nagar) - 9355719494; **EAST DELHI:** Rajindra Honda (Shahdara) - 9310457400, 9310008240; (Dilshad Garden) - 011-22131205/06, 9818372386; (Bhajanpura) - 7042024650; (Karawal Nagar) - 9810839361; (Ill Pusta) - 9560734814; Johripur (Shiv Vihar Metro Station) - 7840080191; Swarup Honda (Vikas Marg) - 011-41015710/11/12, 9810806600, 9810268204; (Mayur Vihar Ph-III) - 9717099729; (Kondli) - 9717099726; (Pandav Nagar) - 9717099723; Celebrate Honda (Jagatpuri) - 011-45644444, 9821398522; (Jheel) - 9821398526, 8448131114; (Khichripur) - 9871481114; **NORTH DELHI:** Globus Honda (Azadpur) - 011-45561871, 8826993152, 8826993150; (Rani Bagh) - 8130093649, 8826993157; (Pitampura) - 8130093651, 8826993162; (Zakira) - 8130093650; (Burari) - 8130093648, 8826993156; (Jahangirpuri) - 8130093655; ; (Libaspur) - 8130093656; Rohini Honda (Sector 3) - 8882201000; (Rithala) - 8527479000; (Budh Vihar) - 8527724000; Santoshi Honda (Narela) - 8467085731/2/7, 8882493100/2; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9312655454; **GAUNCHI BALLABGARH:** Kabir Honda - 9599396896; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 0129-4006142, 9899913146; Faridabad Honda - 9953547023, 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda - 9212168811, 9355990083, 9773548811; Ganpati Honda - 0124-4630500, 9910894235; Yume Honda - 0124-4577444, 9818250011, 9560380444; Malwa Gurugram Honda - 8595521151, 9311980996; **KHANDSA ROAD GURUGRAM:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507, 9289223502; **BADSHAHPUR GURUGRAM:** 9773548811; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 0124-4423500, 9910894233; Yume Honda - 0124-4566999, 9650186777; **SEC- 52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222, 9266668820; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **SEC - 82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621, 9220309622; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **NUH:** Sri Madhav Honda - 9050276139; **HODAL:** Mukund Honda - 8814003484, 8053339555; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100, 7056574100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333, 9813156539; **GAUTAM BUDDHA NAGAR:** Parkash Honda - 0120-4796600, 9999806883; Pioneer One Honda - 4313333, 8130788666; Pioneer One Honda (Sec-58) - 8130968666; Pioneer One Honda (Noida City Center) - 0120-2480666, 8178506905; Parkash Honda (Bhangel) - 9971713314; P.S. Honda (Dadri) - 9811669969; Bhagat Honda (Jewar) - 9711716890; National Honda (Chapraula) - 9899828711; The Rainbow Honda (Shyam Nagar Mandi) - 8178274694; **GHAZIABAD:** JKM Leela Honda - 9999767614, 9311322400; Hindon Honda - 9910110017, 9910030484; Sangam Honda (Sahibabad) - 9311051166, 9911591166; Om Honda (Loni) - 9312254126; Hindon Honda (Modinagar) - 08449790925; Chauhan Honda (Muradnagar) - 9897088340; Sangam Honda (Khoda Colony) - 9540651166; **GREATER NOIDA:** Parkash Honda - 9971992604; Shanti Honda (Kulesra) - 8510000845; Khanna Honda (Surajpur) - 9810203519, 9717207234; **BULANDSHAHR:** Shri Masha Honda - 09568519999; Sri Ganga Honda (Anoopshahr) - 9719524751, 8433276224; KLA Honda (Khurja) - 7078677972, 9720088882; Agarwal Honda (Dibai) - 9412563721, 8273083331; Veer Honda (Shikarpur) - 9758097121; Shri Bhagirathi Honda (Jahagirabad) - 9927544326; Al Uzair Honda (Gulaothi) - 9997729105; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 9896297567, 7404533495; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837, 8607200651; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888803, 8684888804; Shri Krishna Honda - 8930303243, 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808, 8684840505; **GOHANA:** Shirin Honda - 8222999406, 8222999408; **SONEPAT:** Triumph Honda - 0130-2237002, 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK(SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**